फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 23 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 363, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

श्रीलंका ने चीन के तीन प्रोजेक्ट भारत को सौंपे 16

आदित्य से रिश्तों को लेकर रानी ने किया खुलासा 15

मदरसा शिक्षा एक्ट असंवैधानिक

- यह एक्ट संविधान के पंथ निरपेक्षता के सिद्धांत के विपरीत : हाईकोर्ट
- मदरसा छात्रों को प्राइमरी, माध्यमिक बोर्ड के स्कूलों में प्रवेश दे सरकार

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। कोर्ट ने अधिनियम को संविधान के पंथ निरपेक्षता के मूल सिद्धांतों, संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता, अनुच्छेद 21 के तहत जीवन व अनुच्छेद 21-ए के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकारों के विपरीत करार दिया है। साथ ही यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन एक्ट की धारा 22 के भी विरुद्ध पाया है। कोर्ट ने राज्य को यह आदेश भी दिया है कि मदरसा अधिनियम के समाप्त होने के बाद प्रदेश में बड़ी संख्या में मौजूद मदरसों में पढ़ने वाले छात्र प्रभावित होंगे लिहाजा उन्हें प्राइमरी, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड्स से सम्बद्ध स्कूलों में समायोजित किया जाए। कहा कि सरकार पर्याप्त संख्या में सीटें बढ़ाए और आवश्यकता हो तो नए स्कूल खोले। सरकार सुनिश्चित करे कि 6 से 14 साल का कोई बच्चा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दाखिले से न छूट जाए।

यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने अधिवक्ता अंशुमान सिंह राठौर की याचिका पर पारित किया। उक्त याचिका के साथ न्यायालय ने एकल पीठों द्वारा भेजी गई उन याचिकाओं पर भी सुनवाई जिनमें मदरसा बोर्ड अधिनियम की संवैधानिकता का प्रश्न उठाते हुए, बड़ी बेंच को मामले भेजे गए थे। याचिकाओं पर न्यायालय ने 8 फरवरी 2024 को ही सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित कर लिया था।वहीं सुनवाई के दौरान प्रमुख याचिका के विरुद्ध कुछ मदरसों, मदरसों के शिक्षक संगठन व कर्मचारी संगठन ने भी हस्तक्षेप प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता अनिल प्रताप सिंह व न्याय मित्र गौरव मेहरोत्रा इत्यादि ने पक्ष रखा।

2004 में बनाया गया यूपी मदरसा एजुकेशन एक्ट

न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात निजी मदरसों का संचालन प्रदेश में होता रहा। ये मदरसे राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं थे। वर्ष 1969 में पहली बार अरबी व फारसी मदरसा मान्यता विनियम लाया गया। इसके तहत मदरसों के पंजीकरण की व्यवस्था शुरू हुई। वर्ष 1987 में यूपी अशासकीय अरबी तथा फारसी मदरसों की मान्यता नियमावली लाई गई। 12 अगस्त 1995 के शासनादेश के द्वारा प्रदेश में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का गठन हुआ, उक्त विभाग के तहत मदरसों के लिए आने वाली योजनाएं व अन्य क्रिया कलाप किए जाने लगे। वर्ष 2004 में यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट बनाया गया।

मदरसों में अरबी, उर्दू के साथ दी जाती है इस्लामिक शिक्षा

न्यायालय ने कहा कि उक्त अधिनियम की धारा 2 एफ के तहत 'संस्थान' से आशय राजकीय ओरिएंटल कॉलेज रामपुर, मदरसा व वे ओरिएंटल कॉलेज जो मुस्लिम द्वारा स्थापित किए गए हों और मदरसा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हों। धारा 2 एच में मदरसा शिक्षा के तहत अरबी, उर्दू आदि के साथ इस्लामिक शिक्षा भी आती है। बोर्ड की स्थापना के प्रावधानों के तहत बोर्ड का अध्यक्ष मुस्लिम शिक्षाविद होगा। सदस्यों में राजकीय ओरिएंटल कॉलेज, रामपुर का प्रिंसिपल, सुन्नी मुस्लिम विधायक, शिया मुस्लिम विधायक, सुन्नी मुस्लिम द्वारा स्थापित संस्थान के दो प्रमुख व दो अध्यापक, शिया मुस्लिम द्वारा स्थापित संस्थान का एक प्रमुख व एक अध्यापक होंगे।

पारंपरिक शिक्षा के लिए नियम बना सकती है सरकार

राज्य सरकार व मदरसा बोर्ड की ओर से दलील दी गई कि सरकार को पारम्परिक शिक्षा प्रदान करने के लिए नियम बनाने की शक्ति है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सरकार के पास यह शक्ति जरूर है लेकिन दी जाने वाली शिक्षा पंथ निरपेक्ष प्रकृति की होनी चाहिए, सरकार के पास ऐसी कोई शक्ति नहीं है जिसके तहत वह धार्मिक शिक्षा के लिए बोर्ड का गठन कर दे। एमिकस क्यूरी ने भी दलील दी कि शिक्षा के अधिकार के तहत सरकार 6 से 14 वर्ष के बच्चों को ऐसी शिक्षा दे सकती है जो यूनिवर्सल हो ।

अलग मजहब के बच्चों में अंतर नहीं कर सकते

याचिका में मदरसा अधिनियम को संविधान के पंथ निरपेक्ष ढांचे के विपरीत बताया गया। कहा गया कि अधिनियम में यह स्पष्ट ही नहीं है कि एक विशेष धर्म की शिक्षा के लिए अलग से सरकारी बोर्ड बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा के मौलिक अधिकार के तहत राज्य का दायित्व है कि वह 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा दे, वह अलग-अलग मजहब के बच्चों के बीच अंतर नहीं कर सकती। राज्य यह नहीं कर सकता कि किसी विशेष धर्म के बच्चे को बाकियों से अलग शिक्षा दे।

शराब नीति के मामले में गिरफ्तारी के बाद ईडी ने मांगी थी 10 दिन की रिमांड

28 मार्च तक ईडी की हिरासत में केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

शराब नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तारी के एक दिन बाद शुक्रवार को यहां की एक कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

राउज एवेन्यू अदालत में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि केजरीवाल को 28 मार्च को दोपहर दो बजे अदालत में पेश किया जाएगा। अदालत ने मामले में 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करने वाले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अर्जी पर आदेश पारित किया।

- ईडी ने कहा-शराब नीति मामले में केजरीवाल मुख्य साजिशकर्ता

रिमांड पर दिन भर दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने कुछ देर के लिए फैसला सुरक्षित कर लिया था, देर शाम ईडी को केजरीवाल की रिमांड दे दी। ईडी ने शुक्रवार को एक निचली अदालत से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करते हुए कहा कि वह शराब घोटाले के मामले में अन्य मंत्रियों और आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ मुख्य साजिशकर्ता थे। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति 2021-22 बनाने और उसे लागू करने के लिए 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत के तौर पर कई करोड़ रुपये प्राप्त हुए। एजेंसी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने कहा कि केजरीवाल ने पंजाब चुनाव लड़ने के लिए 'साउथ ग्रुप' के कुछ आरोपियों से 100 करोड़ रुपये मांगे थे। गोवा चुनाव में इस्तेमाल की गई 45 करोड़ रुपये की 'रिश्वत' चार हवाला मार्गों से आई थी।

'आप' एक व्यक्ति नहीं बल्कि कंपनी : एएसजी

आम आदमी पार्टी संयोजक को कड़ी सुरक्षा के बीच अपराह्न करीब दो बजे अदालत के समक्ष पेश किया गया। इसके बाद एएसजी एसवी राजू ने अदालत से कहा कि हमने 10 दिन की रिमांड के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि 'आप' एक व्यक्ति नहीं बल्कि 'कंपनी' है और कंपनी के आचरण के लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

एएसआई ने शुरू किया भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण

धार (मप्र)। एएसआई के एक दल ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले में स्थित विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया। दल में 10 से अधिक सदस्य शामिल हैं। एएसआई का यह दल सुबह परिसर में पहुंचा, पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी थे। मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक आशीष गोयल एएसआई के दल के साथ मौजूद थे। गोयल ने बताया कि एएसआई दल ने दोपहर तक काम किया और फिर परिसर से चले गए।

होलिया में उड़े रे गुलाल...

रंगपर्व होली का उल्लास लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है, भोपाल में शुक्रवार को गुलाल खेलतीं लड़कियां।

पुलिस से भिड़े ग्रामीण, पथराव

कच्ची शराब बनाने के आरोपी को पकड़ने गई थी टीम

संवाददाता, भीरा/भानपुर (खीरी)

अमृत विचार : कच्ची शराब बनाने के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर उसके परिजनों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर हमला कर दिया। सिपाहियों के साथ हाथापाई की। पत्थरबाजी कर जीप के शीशे तोड़ दिए। इसके बाद हाईवे पर जाम लगा दिया। कई अन्य वाहनों में भी तोड़फोड़ की। तीन सिपाही मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। एसपी खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

घटना शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे की है। भीरा-पलिया हाईवे के किनारे महावत समुदाय के लोग रहते हैं। यहीं का शिव कुमार कच्ची शराब बनाने के मामले में फरार चल रहा था। शुक्रवार को दरोगा जुबेर खां के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया और गाड़ी में बैठा कर थाने ले जाने लगे। इसी बीच उसके परिवार व समुदाय के अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए और गाड़ी को घेर लिया। महिलाएं पुलिस की गाड़ी के आगे लेट गईं। इसी दौरान आरोपी शिवकुमार मौका पाकर भाग गया। उग्र लोगों ने सिपाहियों के साथ हाथापाई कर दी। पथराव और लाठी-डंडों से जीप के शीशे तोड़ डाले। लोगों के गुस्से को देख पुलिसकर्मी भाग खड़े हुए। हमले में तीन सिपाहियों को मामूली चोटें भी आईं हैं। इसके बाद हमलावरों ने मार्ग जाम कर दिया। हाईवे पर गुजरने वाले कई वाहनों पर भी पथराव किया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुलिस के साथ मारपीट से इनकार किया है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें लगा दी गई हैं। दोषी किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

रिजर्व बैंक के कार्यालय 30, 31 मार्च को खुले रहेंगे

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के सरकारी कामकाज से संबंधित कार्यालय और एजेंसी बैंकों की सभी नामित शाखाएं चालू वित्त वर्ष के अंतिम दो दिन 30 और 31 मार्च को सामान्य कामकाजी घंटों के अनुरूप खुली रहेंगी। सरकारी खातों की वार्षिक बंदी को देखते हुए रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा, इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन 30 मार्च और 31 मार्च को शनिवार और रविवार होने के बाद भी निर्धारित समय तक किए जा सकते हैं।

बिहार में निर्माणाधीन पुल का हिस्सा ढहा, श्रमिक की मौत

- सुपौल जिले में कोसी नदी पर बनाया जा रहा है पुल

सुपौल/पटना, एजेंसी

बिहार के सुपौल जिले में शुक्रवार तड़के एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सुपौल और मधुबनी जिले के भेजा-बकौर के बीच कोसी नदी पर निर्माणाधीन पुल के एक हिस्से के गिरने की सूचना मिली है। प्रशासन को घायलों की मदद करने और समुचित मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है।

सिन्हा ने कहा कि पुल गिरने की जांच कराई जाएगी और दोषी अभियंताओं और कार्यरत कंपनी के विरुद्ध जांच की जाएगी। जिम्मेदारों पर विधि सम्मत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। हम एनएचएआई के अधिकारियों से संपर्क में हैं।

स्कूल भर्ती घोटाला : बंगाल में मंत्री के घर ईडी का छापा

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल ने शुक्रवार को राज्य के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के बीरभूम जिले के बोलपुर स्थित आवास पर छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि ईडी की टीम केंद्रीय बलों की एक टुकड़ी के साथ सुबह करीब सवा नौ बजे सिन्हा के आवास पर पहुंची और इसने तलाशी अभियान शुरू किया। ममता बनर्जी सरकार में एमएसएमई और कपड़ा मंत्रालय का प्रभार संभालने वाले सिन्हा उस समय करीब 90 किलोमीटर दूर मुरारई में अपने पैतृक घर पर थे। बोलपुर से जाते समय मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि वे जांच एजेंसी के साथ सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है।

मकसद अधूरा | राशन कार्ड से वंचित परिवारों के बनने हैं फैमिली आईडी

एक परिवार-एक पहचान से भी वंचित परिवार

- लखनऊ, मिर्जापुर, आजमगढ़, कन्नौज समेत कई जिलों की प्रगति खराब

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में राशन कार्ड से वंचित परिवारों को फैमिली आईडी देकर एक परिवार-एक पहचान देने के प्रयास तो पूरे हैं, लेकिन मकसद अधूरा है। जिलों पर पहचान को मोहताज कुल 2,30,857 परिवारों ने ऑनलाइन आवेदन तो किए लेकिन, 95,192 ही स्वीकृत हो पाए। आवेदनों का निस्तारण व फैमिली आईडी बनाकर देने की प्रगति बेहद कम है। इस वजह से ज्यादातर जिलों में वंचित परिवारों को समय से फैमिली आईडी नहीं मिल पाई है। सबसे खराब प्रगति लखनऊ, मिर्जापुर, आजमगढ़, सहारनपुर, सोनभद्र, महोबा व कन्नौज समेत अन्य जिलों की है। जिस पर शासन ने चिंता जताई है और प्रमुख सचिव नियोजन विभाग आलोक कुमार ने सभी जिलाधिकारी को प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने के साथ नियमित समीक्षा के निर्देश दिए हैं। जो विभिन्न स्तरों से लंबित आवेदनों का रियल टाइम स्टेट्स प्राप्त करेंगे।

एक विशिष्ट पहचान पत्र देने की कवायद : दरअसल, अध्यासित परिवारों के राशन कार्ड ही संख्या ही उनकी फैमिली आईडी है। ऐसे कई परिवार हैं, जिनके राशन कार्ड नहीं है। इनको फैमिली आईडी देकर पहचान देना है। इसके लिए पोर्टल विकसित किया गया है। मकसद पहचान देने के साथ-साथ परिवारों लाभार्थीपरक योजना का लाभ देना है।

इन जिलों में भी इतने आवेदन लंबित

मुरादाबाद 2608, कानपुर नगर 654, बरेली 446, बदायूं 301, फर्रुखाबाद 324, फतेहपुर 516, अयोध्या 462, पीलीभीत 208, रामपुर 97

ये प्रदेश की प्रगति

कुल आवेदन :	2,30,857
स्वीकृत आवेदन :	95,192
अस्वीकृत आवेदन :	91,935
कुल लंबित आवेदन :	43,730

इन जिलों में सबसे ज्यादा आवेदन लंबित

जिला	कुल	लंबित
लखनऊ	5472	3002
आजमगढ़	5942	3302
मिर्जापुर	2553	2152
सहारनपुर	4176	1073
सोनभद्र	1063	756
महोबा	1451	791
कन्नौज	1651	684



शहर में आज

- लोकसभा चुनाव के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में नामांकन सुबह 11:00 बजे।
- यूपी बोर्ड परीक्षा की पुस्तिकाओं का मूल्यांकन महानगर के चित्रगुप्त इंटर कॉलेज सहित छह केंद्रों पर सुबह 10:00 बजे।

एक नजर

अब तक 82 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाएं जांची गई

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर में 6 केंद्रों पर यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य चल रहा है। शुक्रवार तक 82.05 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया। अभी भी 1,07,643 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शेष है। महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में शुक्रवार को 16784, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में 7392, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में 13743, आरएन इंटर कॉलेज में 14952, पारकर इंटर कॉलेज में 16502 और हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज में 18028 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। इसमें अभी तक 492010 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन का कार्य पूरा हो गया है।

विश्व जल दिवस पर लोगों को किया जागरूक

मुरादाबाद, अमृत विचार : परिवर्तन दी चेंज संस्था ने विश्व जल दिवस पर महानगर के अलग-अलग स्थानों पर लोगों के साथ जल संचय पर विमर्श किया। इस विमर्श में संस्था ने लोगों से जल संरक्षण, जल संकट को लेकर कुछ सवाल पूछे। सही जानकारी होने पर उपहार के रूप में चॉकलेट दी गई। इस कार्यक्रम में संस्था ने लोगों को जल संरक्षण के छोटे-छोटे मुद्दों से लेकर रामगंगा के संरक्षण पर चर्चा की। इस विमर्श के जरिए संस्था का मकसद लोगों को विश्व जल दिवस के प्रति जागरूक करके जल संरक्षण पर वार्ता करना रहा। आखिर में संस्था ने इस कार्यक्रम में कंपनी बाग, लालबाग के लोगों को जल दिवस पर जागरूक किया। संस्था ने इस कार्यक्रम के जरिए लगभग 500 से ज्यादा लोगों से जल पर जागरूक किया। इस कार्यक्रम में संस्था की ओर से प्रिंस चौहान, विवेक कुमार, आदित्य कुमार, नेहा शर्मा, मानसी मेहरोत्रा, आयुषी सहित स्वयंसेवक मौजूद रहे।

कांठ रोड स्थित होटल में आयोजित होली उत्सव में शामिल इनर व्हील क्लब एसेंस की पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

कंपनी बाग में एक-दूसरे को कुछ इस तरह रंग लगातीं युवतियां। ● अमृत विचार

महानगर में उड़ा अबीर-गुलाल, बाजार में उमड़ी खरीदारों की भीड़

केसरिया गुलाल की मांग बढ़ी, मिसाइल-बैलून पिचकारी, छोटा भीम व डोरेमोन छोटे बच्चों को भा रहे, गुलाल वाला सिलेंडर भी बना पसंद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रंगों के त्योहार होली का जश्न मनाने के लिए अबीर-गुलाल और हर्बल रंगों से बाजार सज गए हैं। रेडीमेड कपड़ों से लेकर पिचकारी की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है। बाजार में मिसाइल पिचकारी, ड्रैगन, छोटा भीम, डोरेमोन और टैंक, गन, बैग, बैलून पिचकारी छोटे बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा गुलाल वाला सिलेंडर खूब पसंद किया जा रहा है।

रंगों के पर्व होली पर बाजार सज गए हैं। टाउनहॉल, बुधबाजार, बर्तन बाजार, हरथला समेत अन्य प्रमुख क्षेत्रों में गारमेंट-रेडीमेड और ब्रांडेड कपड़ों के बाजार में रौनक रही। युवक-युवतियों, महिलाओं और पुरुषों को आकर्षित करने के लिए नई वेराइटी के साथ ऑफर की भरमार है। शो-रूमों से लेकर फुटपाथों तक पर जूतों-सैंडिलों की दुकानें लगी हैं। इनके खरीदार आने शुरू हो गए हैं। होली को लेकर पिचकारी की दुकानें भी सज गई हैं। रंग-बिरंगी व आकर्षक पिचकारियां बच्चों का मन मोह रही हैं। हालांकि कुछ दुकानदारों के पास पिछले वर्ष का स्टॉक बचा हुआ है। बाजार में मिसाइल पिचकारी, ड्रैगन, छोटा भीम, डोरेमोन और टैंक, गन, बैग, बैलून पिचकारी छोटे बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा गुलाल वाला सिलेंडर की खूब पसंद किया जा रहा है। इस बार बाजार में कलर बम भी आया है। जिससे अलग-अलग रंग का गुलाल उड़ता है। साथ ही कई अलग-अलग पाइप में लगे रंगीन गुब्बारे बाजार में आए हैं, जिनसे एक साथ बहुत सारे गुब्बारे तैयार हो जाएंगे। बाजार में यह मैजिक बैलून के नाम से मिल रहे हैं। टाउनहॉल के दुकानदार गोपाल जायसवाल ने बताया कि इस बार 100 से 2000 रुपये तक की पिचकारी बाजार में उपलब्ध है। बच्चों में नए-नए कार्टून पर आ रही पिचकारियों की काफी मांग है।

जीएमडी रोड पर दुकान में बिक्री के लिए रखा गुलाल व पिचकारी। ● अमृत विचार

जा

त्योहार को लेकर पुलिस सख्त, फ्लैग मार्च किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : होली, रमजान और चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। वांछित, वारंटियों और गैर जमानती वारंट वाले अपराधियों को अभियान चलाकर खोज रही है। साथ ही हिस्ट्रीशीटर एवं गोवध मामलों से जुड़े अपराधियों की भी हर रोज हाजिरी ले रही है। पिछले तीन वर्षों में जेल से बाहर आए लोगों पर भी पुलिस नजर बनाए हुए है। जिन पर चुनाव में शुचिता प्रभावित करने का तनिक भी संदेह है, ऐसे लोगों को भी पुलिस निजी मुचलका पर पाबंद करने में लगी है। यही नहीं, शाम होते ही इन दिनों पुलिस पैरामिलिट्री फोर्स के साथ प्रमुख मार्गों, बाजार आदि क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर शांति का वातावरण बनाने का प्रयास कर रही है। फ्लैग मार्च में खुद एसएसपी, एसपी सिटी और एसपी ग्रामीण तक शामिल हो रहे हैं। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि लोक सभा चुनाव है। इसमें आदर्श चुनाव आचार संहिता का हम लोग अनुपालन करा रहे हैं। नामांकन की प्रक्रिया भी चल रही है। दो दिन बाद से होली का पर्व है। उसी के मद्देनजर थाना सिविल लाइंस, कोतवाली नगर, मुगलपुरा समेत अन्य थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि किसी भी तरह से कहीं पर कानून व्यवस्था प्रभावित तो नहीं हो रही है। एसएसपी ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में लोग पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सहभागिता करें, भयमुक्त होकर मतदान करें। इस तरह लोगों में विश्वास उत्पन्न करने के लिए पुलिस फ्लैग मार्च कर रही है। एसएसपी ने चेतावनी भी दी है कि जो लोग कानून व्यवस्था को प्रभावित करेंगे या फिर चुनाव के दौरान कोई गलत गतिविधि करेंगे अथवा त्योहार में किसी तरह की अशांति फैलाने का प्रयास करेंगे तो उन संबंधित लोगों के विरुद्ध पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

जमकर खेली फूलों की होली, जमाया रंग

मुरादाबाद, अमृत विचार : इनरव्हील क्लब ऑफ मुरादाबाद एसेंस की ओर से निजी बैंक्वेट हॉल में होली उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर की। सभी मेहमानों का स्वागत माथे पर टीका लगाकर और रंग-बिरंगे पेय और ठंडाई के साथ किया गया। उत्सव का आयोजन लिली हाउस द्वारा किया गया, जिसकी कप्तान निधि गुप्ता रहीं। इसमें सभी सदस्यों ने चटख रंगों की पोशाकें पहनी थीं। सार सदस्य विभा मित्तल के भजन द्वारा कृष्ण का मधुर स्वागत किया गया। शाम की शुरुआत सलोनी अग्रवाल, सलोनी सिक्खा के विशेष जलवा प्रदर्शन से हुई। गीतिका पसरीजा, ईशा अग्रवाल और कवलप्रीत कौर ने अपनी प्रस्तुति से रंग जमा दिया। इसमें हाऊजी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और उसके बाद ढोल का आयोजन किया गया। इसमें फूलों की होली खेली और ढोल पर नृत्य किया गया। इस दौरान ऋचा अग्रवाल, नेहा कोठीवाल, रुचि सिंघल, जूही सिंघल, मोना गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

होली पर चांदी का सिक्का खरीदना शुभः पं. मनोज पाठक

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर में होली के त्योहार को यादगार बनाने के लिए लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। बाजारों पर पूरी तरह होली का रंग चढ़ा हुआ है। होली पर रंग के अलावा चांदी का सिक्का खरीदना भी शुभ होता है। वास्तु शास्त्र के मुताबिक, होली के मौके पर आप चांदी का सिक्का खरीद सकते हैं। होली के दिन सिक्के की पूजा करने के बाद तिजोरी में रख दें। ऐसा करने से आपकी आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। हरथला शिवमंदिर के पुजारी पं. मनोज पाठक ने बताया कि होली में चांदी का सिक्का खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। इसके लिए एक छोटा सा सिक्का खरीद लें। इसके बाद इसे पीले रंग के कपड़े में हल्दी के साथ बांध दें। इसे मां लक्ष्मी की मूर्ति के पास स्थापित कर दें। साथ ही होलिका दहन की राख को डिब्बी में रख कर इसे तिजोरी या अलमारी में रखें। इससे धन की कमी नहीं होगी। साथ ही चांदी का छल्ला खरीदने और होली के दिन इसकी विधिवत पूजा करने से विशेष फलों की प्राप्ति होती है। पूजा करने के बाद इसे धारण कर ले। ऐसा करने से आपके भाग्य में सुधार होगा।

चांदी की बिछिया खरीदने से होती है मां लक्ष्मी की कृपा

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार होली के दिन चांदी की बिछिया खरीदना काफी शुभ माना गया है। इसे दूध से धोकर किसी सुहागिन महिला को भेंट कर दें। इसके अलावा इसे आप खुद भी धारण कर सकते हैं। इस उपाय को करने से मां लक्ष्मी की कृपा आप पर हमेशा बनी रहेगी।

ताड़ीखाना चौराहा स्थित दुकान पर पिचकारी पसंद करते किशोर। ● अमृत विचार

6.34 से 7.53 बजे तक करें होलिका दहन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: हिंदी कैलेंडर के अंतिम माह फाल्गुन की पूर्णिमा के अगले दिन होली मनाई जाती है। पूर्णिमा के दिन सूर्यास्त के बाद चौराहे, कॉलोनी, सोसायटी और मैदान में होलिका जलाई जाती है। इस साल होली सोमवार (25 मार्च) को खेली जाएगी, जबकि होलिका दहन रविवार (24 मार्च) को होगा।

ज्योतिषाचार्य पं. केदार मुरारी ने बताया कि होलिका दहन रविवार (24 मार्च) को सुबह 9.53 मिनट से रात्रि 11.13 मिनट तक भद्रा काल रहेगा। हिन्दू त्योहार के मुहूर्त में अगर संशय हो तो निर्णय सिंधू का मत माना जाता रहा है। निर्णय सिंधू के अनुसार अगर पूरे समय भद्रा हो तो होलिका दहन के लिए पुच्छ काल का चयन किया जाता है। जोकि शाम 6:34 से 7:53 तक है। इस समय होलिका का पूजन व दहन किया जा सकता है। या फिर रात्रि 11:13 बजे से रात 12:27 बजे तक किया जा सकता है।

- **रविवार को भद्राकाल के कारण रात्रि 11:13 बजे से 12:27 तक का समय भी दहन के लिए शुभ**
- **निर्णय सिंधू के अनुसार अगर पूरे समय भद्रा हो तो होलिका दहन के लिए करते हैं पुच्छ काल का चयन**

होलिका दहन की पूजा विधि और मान्यताएं

- होलिका दहन के समय परिवार के सभी सदस्यों को एक साथ नया अन्न यानि गेहूं, जौ और चना की हरी बालियों को लेकर पवित्र अग्नि में समर्पित करनी चाहिए।
- इन बालियों को होलिका की अग्नि में सेंककर परिवार के सभी सदस्यों को उसे प्रसाद स्वरूप ग्रहण करना चाहिए। ऐसा करने से घर में शुभता का आगमन होता है।
- होलिका की अग्नि को अति पवित्र माना गया है। इसलिए लोग इस अग्नि को अपने घर लाकर चूल्हा जलाते हैं। कहीं-कहीं तो इस अग्नि से अखंड दीप जलाने की भी परंपरा है।
- होलिका दहन की राख से न केवल कष्ट दूर होते है बल्कि सुख-समृद्धि भी आती है।
- होली की अग्नि को लेकर इससे अखंड दीपक जलाने पर जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

नगर में शांतिपूर्वक अदा की गई जुमे की नमाज

अगवानपुर, अमृत विचार: रमजान के दूसरे जुमे की नमाज नगर की जामा मस्जिद एवं अन्य मस्जिदों में शांतिपूर्वक अदा की गई। शिया समुदाय की जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सादिक हसन जाफरी ने जुमे का खुतबा देते हुए रमजान के महीने की फजीलत बयान की। मौलाना ने कहा कि बा किस्मत लोग हैं वो जिनको रमजान नसीब हुआ। अल्लाह के रसूल फरमाते हैं कि ये वो महीना है जिसमें जन्नत के दरवाजे खुल जाते हैं ओर जहन्नुम के दरवाजे बंद हो जाते हैं। रमजान में रोजा रखने वाले शख्स की भी बड़ी फजीलत है। रोजा रखने वाला शख्स अगर सोता भी है तो उसका सोना भी इबादत में गुजरता है। रमजान रहमतों और बरकतों वाला महीना है। नमाज के बाद मौलाना ने मुल्क में अमन ओ अमान और कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई।

इंसान को तकवाकार व परहेजगार बनाता है रोजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रमजान उल मुबारक के महीने के दूसरे जुमे पर रोजेदारों ने खूब इबादत की। साथ ही महानगर की जामा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ी।

रमजान के दूसरे जुमे पर शुक्रवार तड़के रोजेदारों ने सहरी खाकर रोजा रखा। रोजा रखने के बाद रोजेदार इबादत में मशगूल हो गए। रमजान के महीने में जुमे का दिन बहुत अहम माना जाता है। इसलिए इस दिन रोजेदार आम दिनों के मुकाबले ज्यादा इबादत करते हैं। रमजान के दूसरे जुमे की नमाज के लिए महानगर की जामा मस्जिद में लोग सुबह से ही पहुंचना शुरू हो गए थे। जिसके लिए पुलिस-प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे।

नमाज से पहले नायब शहर इमाम मुफ्ती फहद अली ने रमजान महीने की फजीलत बयान करते हुए कहा कि रोजा इंसान को तकवाकार एवं परहेजगार बनाता है। रोजे का सवाब अल्लाह पाक खुद देंगे।

दोपहर 1:00 नायब शहर इमाम मुफ्ती फहद अली ने जुमे की नमाज पढ़ाई। जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद रोजदारों ने अल्लाह से अपने गुनाहों की तौबा की और मुल्क में तरक्की तथा अमन की दुआ की। इसके अलावा महानगर की तख्त वाली मस्जिद, शाही मस्जिद, लाल मस्जिद, मौलाना वाली मस्जिद, जिया खां मस्जिद, नीम वाली जियारत मस्जिद, किले वाली मस्जिद, बड़ी मस्जिद और एक रात वाली मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में भी जुम्मे की नमाज के लिए नमाजियों की भीड़ उमड़ी।

सभी जगह शांतिपूर्ण माहौल में रमजान के दूसरे जुमे की नमाज अदा की गई। जुमे की नमाज अदा करने के बाद रोजेदार फिर से इबादत में मशगूल हो गए। सभी ने मस्जिदों में बैठकर कुरान पढ़ी और इबादत की। असर की नमाज के बाद रोजेदारों ने इफ्तारी के लिए खरीदारी की। वहीं महिलाओं ने रमजान के दूसरे जुमे पर बढ़िया-बढ़िया पकवान भी बनाएं। सभी ने एक-दूसरे को रमजान के दूसरे जुमे की मुबारकबाद दी। मगरिब की अजान होते ही रोजा खोला। ईशा की अजान होने पर रोजगारों ने फिर से मस्जिद की ओर रुख कर लिया। सभी ने नमाजे तरावीह अदा की। इसके बाद देर रात तक सहरी के लिए खरीदारी की गई। वहीं बाजारों में ईद की खरीदारी के लिए भी रात को दुकान खुली रहीं।

जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

कार्यशाला जलवायु परिवर्तन से जीवन पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव, सीडीओ ने कार्ययोजना बनाने को कहा

बीमारियों पर नियंत्रण के लिए उपाय जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: विकास भवन सभागार में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव की अध्यक्षता में नेशनल प्रोग्राम फॉर क्लाइमेट चेंज एवं ह्यूमन हेल्थ के तत्वावधान में जनपद स्तरीय अंतर विभागीय कार्यशाला हुई। इसमें जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को लेकर विभागों के द्वारा किए जाने वाले कार्य के बारे में बताया गया।

नोडल अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, लेकिन यह किस रूप में पड़ रहा है और इसे कैसे नियंत्रित किया जा सकता है इस पर मिलकर देखना होगा। मौसम परिवर्तन के कारण बीमारियों के बढ़ने और उससे जन स्वास्थ्य को किस प्रकार बचाया जा सकता है इसके लिए सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने कहा कि इस संबंध में विभागों को मिलकर एक विस्तृत कार्ययोजना बनाकर उसके अनुरूप कार्य करना होगा। जिससे लोगों पर जलवायु परिवर्तन का अधिक प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। उन्हें सुरक्षित किया जा सके। बैठक में जिला कृषि अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अजीत कुमार, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे, उत्तर प्रदेश नेडा के प्रतिनिधि, जिला एपिडेयोलॉजिस्ट, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अलावा मंडलीय जिला चिकित्सालय के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यशाला में मौजूद मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन

मुरादाबाद, अमृत विचार: दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया। हालांकि बाद में आंबेडकर पार्क में प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं को पुलिस ने वहां से हटा दिया।

शुक्रवार को पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के गिरफ्तारी के विरोध में महानगर अध्यक्ष रविन्द्र भाटिया के साथ कार्यकर्ता आंबेडकर पार्क पर इकट्ठा हुए। यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सभी दलों के नेताओं को ईडी की धमकी देकर भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर कर रही है। ऐसा ही हमारे सीएम के साथ हुआ है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष इमरान, महिला जिलाध्यक्ष रीता पाल, उपाध्यक्ष अमित पाल, सुशील रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं ने खेली होली, दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद की ओर से शुक्रवार को भोजनावकाश के बाद होली उत्सव आयोजित किया गया। वकीलों ने एक दूसरे को रंग, अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। आपसी सौहार्द व भाई चारे के साथ त्योहार मनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। ढोल की थाप पर खूब नृत्य कर त्योहार का उल्लास बढ़ाया। एसोसिएशन की ओर से सभी को जलपान भी कराया गया। आयोजन में अशोक सक्सेना, प्रदीप सिन्हा बबली, अभिषेक भटनागर, बचन सिह, सुरेश चंद्र गुप्ता, हरिशंकर आर्य, राजीव चौधरी, आशकार हुसैन, विक्की सोनी, अनुज विश्नोई, संजीव राघव, शरभिताभ सिन्हा, कुलभूषण सक्सेना, दीपिका वर्मा, सुगंध सैनी सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

कचहरी परिसर में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेलते अधिवक्ता।

हिंदू संस्कार केंद्र के बच्चों ने खेली लठमार होली

मुरादाबाद, अमृत विचार : राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा संचालित हिंदू संस्कार केंद्र पर शुक्रवार को बच्चों द्वारा बरसाने की लठमार और फूलों की होली भजन कीर्तन के साथ आयोजित की गई। जिसमें हिंदू संस्कार केंद्र के बच्चों ने राधा-कृष्ण के रूप में होली खेल कर सबका मन मोह लिया। आज बिरज में होली मोरे रसिया, मैं तो श्याम संग होली खेलूंगी के भजनों पर सभी ने खूब आनंद के साथ नृत्य किया और गुलाल उड़ाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी, पुजारी महेंद्र सिंह, आर्य संदीप त्रिवेदी, मनोज व्यास, राकेश अत्रि, पंडित विनोद शर्मा, पंडित सतीश खंडूरी आदि मौजूद रहे।

रमजान मुबारक
शनिवार 12वां रोजा
इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 31 मिनट
शिया- 6 बजकर 38 मिनट
रविवार 13वां रोजा
खत्म सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 52 मिनट
शिया- 4 बजकर 49 मिनट

मझोला क्षेत्र में फेस पेंटिंग के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करते छात्र।

फेस पेंटिंग से दिया मतदान का संदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मतदाता जागरुकता स्वीप के तहत शुक्रवार को छात्रों ने फेस पेंटिंग के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत छात्रों द्वारा मझोला क्षेत्र के घरों में और दुकानों पर मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान की अपील की। छात्रों ने सभी नागरिकों से अपील कि 19 अप्रैल को मजबूत लोकतंत्र में आपका योगदान अमूल्य है। आपके द्वारा मतदान देश के लोकतंत्र को मजबूत करेगा। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. नवनीत गोस्वामी और स्वीप कोर्डिनेटर प्रीतम सिंह के निर्देशन में किया गया।

648 बड़े व 409 छोटे वाहनों का अधिकारियों को करना है प्रबंध, मुरादाबाद में 19 अप्रैल को होगी वोटिंग

दो लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को 1057 वाहनों का प्रबंध बना चुनौती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिले की भौगोलिक सीमा दो जिलों के दो लोकसभा क्षेत्रों में आती है। मुरादाबाद लोकसभा सीट के अलावा संभल जिले की लोकसभा सीट के अन्तर्गत जिले की दो विधानसभा जुड़ी हैं। इसके चलते इन दोनों जिलों के अन्तर्गत लोकसभा चुनाव के लिए बड़े-छोटे मिलाकर 1057 वाहनों का प्रबंध करना है। वाहन व्यवस्था के प्रभारी जिलापूर्ति अधिकारी इसमें माथापच्ची कर रहे हैं। उनका सहयोग संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारी कर रहे हैं। प्रशासन के लिए वाहनों का प्रबंध चुनौती बना है।

मुरादाबाद जिले में छह विधानसभा है। जिसमें मुरादाबाद शहर, मुरादाबाद ग्रामीण, कांठ, ठाकुरद्वारा, कुंदरकी व बिलारी है। जिसमें चार विधानसभा मुरादाबाद शहर, मुरादाबाद ग्रामीण, कांठ, ठाकुरद्वारा मुरादाबाद लोकसभा सीट के अन्तर्गत है।

- स्कूल बस, वैन, निजी वाहन, टैक्सी गाड़ियों की परिवहन विभाग कर रहा धर-पकड़
- वाहन स्वामियों को लोकतंत्र के इस महापर्व में सहयोग करने की अधिकारी कर रहे अपील

लोकसभा चुनाव के लिए बड़े और छोटे वाहनों का विवरण

लोकसभा क्षेत्र	बस	मिनी बस	योग
मुरादाबाद	296	135	431
संभल	134	83	217
महायोग	430	218	648

जबकि कुंदरकी व बिलारी विधानसभा सीट संभल लोकसभा क्षेत्र में शामिल हैं। 16 जोन में इन विधानसभा क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले बूथों पर मतदान के दिन और चुनाव टीमों के आने जाने को लेकर वाहनों का प्रबंध करने में अधिकारी जुट गए हैं। जिसमें मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए 277 और संभल लोकसभा सीट के लिए 132 सहित कुल 409 छोटे वाहन का प्रबंध किया जा रहा है।

जबकि बस और मिनी बस दोनों लोकसभा सीट के लिए 648 जुटाई जानी हैं। जिसमें 430 बस और 218 मिनी बस शामिल हैं। इन वाहनों के अधिग्रहण करने में अधिकारियों को पसीना छूट रहा है। वाहन स्वामियों को नोटिस देकर तय समय पर वाहन खड़ा करने के लिए आदेश दिया गया है।

वाहन व्यवस्था के प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि छोटे बड़े वाहनों को मिलाकर कुल 1057 वाहन का प्रबंध किया जा रहा है। वाहन स्वामियों को लोकतंत्र के इस कार्य में पूर्ण सहयोग करने के लिए कहा गया है।

लोकसभा क्षेत्रवार टीमों की स्थिति

प्रयोजन	मुरादाबाद	संभल
प्रेक्षक	3	3
प्रेक्षक लाइजनिंग अधिकारी	3	3
जोनल मजिस्ट्रेट	16	3
सेक्टर मजिस्ट्रेट	138	66
टीम	42	15
उड़न दस्ता	12	6
वीडियो निगरानी टीम	8	4
वीडियो अवलोकन टीम	4	2
लेखा टीम	4	2
सहायक व्यय प्रेक्षक	4	2
चुनाव कार्यालय	2	2
एनआईसी	1	1
आरओ	1	1
एआरओ	4	2
रिजर्व	35	15
योग	277	132

रमज़ान मुबारक
परवेज़ महबूब अली
पूर्व एम.एल.सी.
मा. महबूब अली
विधायक अमरोहा/पूर्व कैबिनेट मंत्री
अध्यक्ष लोक लेखा समिति, उ.प्र.

रमजान मुबारक
सभी क्षेत्रवासियों को माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
कमाल अख्तर
कांठ विधायक
पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी

RAMADAN
MUBARAK
समाजवादी पार्टी
फाजिल मलिक
FAZIL MALIK | fazilmaliksamajwadi

RAMADAN
MUBARAK
AFZAL HUSSAIN SAIFI
Mob: 8909745786

समस्त क्षेत्रवासियों को
माह-ए-रमज़ान
एवं
होली
की दिली
मुबारकबाद
दानिश ख़ान
चेयरमैन, इन्टीग्रल पी.जी.कॉलेज
सैफनी, रामपुर

एसयूसीआई प्रत्याशी ने कराया नामांकन

तीसरे दिन खुला खाता, सपा, बसपा, कांग्रेस, भाजपा की ओर से नामांकन नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए मुरादाबाद सीट से शुक्रवार को तीसरे दिन एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सोशलिस्ट यूनिटी सेन्टर ऑफ इण्डिया (एसयूसीआई) के हरकिशोर ने सबसे पहला पर्चा भरा। वहीं 13 पर्चे भी लिए गए।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन पर्चा दाखिले की शुरुआत हो गई। शुक्रवार को हरकिशोर सिंह निवासी बुद्धि विहार ने सोशलिस्ट यूनिटी सेन्टर ऑफ इण्डिया की ओर से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष जमा किया। इसके अलावा तीसरे दिन निर्दलीय अमाद अहमद निवासी असालतपुरा ने एक, सैय्यद अनवर निवासी जामा मस्जिद ने राष्ट्रीय कांग्रेस जे पार्टी के रूप में, आमिल निवासी काजीपुरा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए दो नामांकन पत्र लिए।

वहीं पवन कुमार निवासी बुद्धि विहार ने बहुजन आंदोलन पार्टी के नाम पर 2, शाने अली निवासी करनपुर सरकड़ा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने के लिए दो पर्चे लिए। इसके साथ ही राजीव कुमार निवासी बुद्धि विहार ने भाजपा प्रत्याशी के लिए दो पर्चे लिए। जबकि शरीफ अहमद निवासी रतुपुरा ने निर्दलीय के रूप में एक और प्रमोद कुमार निवासी सलेमपुर खुर्द ने भारतीय कृषक दल द्वारा 2 नाम निर्देशन पत्र लिए।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस के अनुपालन में नामांकन प्रक्रिया चल रही है। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर के चारों ओर बैरिकेडिंग कर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी।

कलेक्ट्रेट के मुख्य प्रवेश द्वार का गेट बंद कर केवल नामांकन कार्य के लिए आने वालों को अंदर आने दिया गया। अंदर के कार्यालय में आने जाने वालों को भी तीन बजे तक चक्कर काटना पड़ा। अधिवक्ताओं को भी परेशानी हुई।

कलेक्ट्रेट में प्रवेश करने वालों की चेकिंग करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में चल रहे रेंडमाइजेशन प्रक्रिया को भी देखा। अधिकारियों से रेंडमाइजेशन की जानकारी लेकर नियमों के अनुसार सभी कार्य कराने का निर्देश दिया। इस दौरान बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के अलावा रेंडमाइजेशन कार्य में लगे कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

व्यय लेखा कार्य के लिए गठित की टीम

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने लोकसभा चुनाव में जब्त की गई नकद धनराशि को जनसुनवाई कर मुक्त करने के लिए तत्काल प्रभाव से निर्वाचन व्यय लेखा के अनुवीक्षण के लिए टीम गठित की है। निर्वाचन व्यय लेखा के सुनवाई के लिए सुमित यादव मुख्य विकास अधिकारी मोबाइल नंबर 9454465167, रेनू बौद्ध मुख्य कोषाधिकारी मोबाइल नंबर 9451387092 और राकेश कुमार मौर्य वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा विभाग मोबाइल नंबर 9839762953 की टीम गठित की है। यह सभी इससे संबंधित प्रकरण की सुनवाई कर निस्तारण करेंगे।

पिकअप ने दो साल के बच्चे को रौंदा, मौत

मुरादाबाद, अमृत विचार : मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दौलतपुर अजमतपुर गांव में शुक्रवार सुबह दूध वाली पिकअप ने दो साल के बच्चे को रौंद दिया। हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि पिकअप डेयरी से दूध लेकर लौट रही थी, उसी दौरान गांव के प्रमुख मार्ग पर हादसा हुआ। शान मोहम्मद (2) पुत्र आले नबी को रौंदकर पिकअप मौके से निकल भी गई थी। रौंडा-झौंडा चौकी पुलिस इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने मृतक मासूम के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजन ने पिकअप चालक के विरुद्ध तहरीर दी है। आले नबी ने बताया कि उनके पांच बच्चे हैं। जिनमें शान मोहम्मद की हादसे में मौत हो गई है। वह काफी निर्धन हैं। मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। शुक्रवार को उनका छोटा बेटा शान मोहम्मद घर के बाहर खेल रहा था, उसी दौरान पिकअप आई थी, जिसने उनके बेटे को कुचल दिया है। हादसे की जानकारी पर गांव की भीड़ मौके पर एकत्र थी। लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। उधर, रौंडा-झौंडा चौकी पुलिस भी ग्रामीणों की नाराजगी को देखकर बड़ी सूझबूझ का परिचय देते हुए समय रहते कार्रवाई की है।

मकान कब्जाने, धोखाधड़ी में सपा सांसद कोर्ट में तलब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अभद्र टिप्पणी मामले में पहले से विवादित चल रहे सपा सांसद डॉ. एसटी हसन के सामने एक नई मुश्किल खड़ी हो गई है। न्यायालय ने मकान कब्जाने व अन्य गंभीर आरोपों में सांसद व रिश्तेदारों समेत सात लोगों को तलब कर लिया है। अधिवक्ता ने चार साल पुराने मामले में एमपी-एमएलए की कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई थी। इस प्रकरण में कोर्ट 15 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

अधिवक्ता फसीउल्लाह की ओर से अदालत में सांसद डॉ. एसटी हसन के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया गया था। आरोप है कि सांसद ने अपने रिश्तेदारों संग उनके मकान पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। शिकायत में अधिवक्ता की तरफ से कहा गया है कि वर्ष 1963 में उनके पिता जकाउल्ला खां ने रामपुर नवाब से गलशहीद पर पुराने बर्फखाने के पास जमीन खरीदी थी। इस पर मकान बनाने के बाद लाजपत नगर के वसीम अहमद को किराए पर दिया था। किराएदार को सभी टैक्स देने और नियमानुसार किराया बढ़ाने की बात भी तय हुई थी। लेकिन, वसीम अहमद ने मकान के टैक्स अपने नाम से जमा कर दिए थे। इस बीच पुलिस द्वारा घोषित भू माफिया मिर्जा किश्वर बेग से एक दीवानी का मुकदमा उन पर कायम करा दिया था। संपत्ति का कुछ हिस्सा अली जान के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लिखा दिया था। अधिवक्ता का आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो सांसद ने दबाव बनाने को उनके बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी थी। आरोप है कि 14 दिसंबर 2020 को सांसद ने अपने सहयोगी वसीम अहमद, मो. आसिम, आफताब हुसैन, बदूद व लाल परवेज के साथ मिलकर मकान पर लगे लोहे के गेट को काटकर कब्जा कर लिया था। अधिवक्ता ने बताया कि इस कबजेदारी के विरोध में उन्होंने कटघर थाने में पुलिस से कई बार गुहार लगाई, लेकिन सुनवाई ही नहीं हुई।

15 अप्रैल को एमपी एमएलए कोर्ट में हाजिर होंगे आरोपी

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मुनीश भटनागर ने बताया कि मुरादाबाद की एमपी एमएलए कोर्ट ने अभियुक्त मानते हुए सांसद व छह अन्य को हाजिर होने का आदेश दिया है। इन सभी आरोपियों को 15 अप्रैल को न्यायालय में हाजिर होना है।

मारपीट में युवती समेत चार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अधिवक्ता ने कहा, महिला के पूर्व पति से थी पीड़ित की दोस्ती
- सहानुभूति में पार्लर खोलने को दिए थे दो लाख रुपये

अमृत विचार : बैंक परिसर के बाहर मारपीट में पीड़ित ने कटघर थाने में युवती समेत चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पीड़ित पक्ष के अमन सक्सेना ने बताया कि वह वीरशाह हजारी के रहने वाले हैं।

पीड़ित ने बताया कि आरोपी रूबी उर्फ रुबिया से उनके पारिवारिक घरेलू रिश्ते थे। इस कारण रुबी सिंह को उन्होंने उसकी जरूरत देखकर दो लाख रुपये दिए थे। जिस पर रुबी सिंह ने उन्हें चेक दिया था, जिसे क्लीयर कराने को वह 15 मार्च को भारतीय स्टेट बैंक गए थे, जहां रुबी सिंह और उसके भाई शुभम राठी, अजय सिंह व रितिक ठाकुर पहले से मौजूद थे। इन लोगों ने उसे देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दिया था। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे बैंक परिसर में ही लाठी-डंडों से मारा-पीटा है।

अमन सक्सेना ने बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं। महिला रुबी उर्फ रुबिया खान उनके घर के भूतल पर पार्लर चलाती थी। उनकी इस महिला के पूर्व पति से दोस्ती थी। इसलिए अमन इस महिला से सहानुभूति रखते थे। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले उनके कहने पर रुबी उर्फ रुबिया खान ने उनके घर वाली दुकान खाली कर दी थी और वह पीतलबस्ती में किराए पर रहने लगी थी। वह वहां पर पार्लर खोलना चाहती थी, जिसके लिए उसकी मांग पर उन्होंने मदद कर दो लाख रुपये नकद उसे दिए थे। जिसकी एवज में आरोपी महिला ने उन्हें दो लाख रुपये का चेक दिया था। जिसे क्लीयर कराने के लिए उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रभात मॉर्केट में चेक लगाई थी। सत्यापन के दौरान यह महिला अपने साथ शुभम राठी, अजय सिंह व रितिक ठाकुर को लेकर बैंक गई थी। बैंक शाखा प्रबंधक के बुलाने पर वह भी अपने पिता हरीश कुमार सक्सेना के साथ बाइक से बैंक पहुंचे थे। जहां रुबी चेक सत्यापन का विरोध करने पर विवाद हो गया। अधिवक्ता अमन सक्सेना ने बताया कि विवाद अधिक देखकर उन्होंने अपने पिता को बैंक से घर भेज दिया था और वह भी बैंक शाखा से बाहर आकर कचहरी जाने लगे। तभी आरोपी महिला और उसके साथ तीन लड़के आ गए और पहले उनके साथ मारपीट की। कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि घटना की जांच लाजपतनगर पुलिस चौकी इंचार्ज विजेंद्र कुमार कर रहे हैं। प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

यूथ कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

मुरादाबाद, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने युवा कांग्रेस के बैंक के खाते सीज करने और आयकर विभाग की जबरन वसूली के विरोध में कलेक्ट्रेट पर एकत्र होकर प्रशासनिक अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर एकत्र होकर केंद्र की भाजपा द्वारा युवा कांग्रेस के बैंक खाते सीज करने व असंवैधानिक तरीके से आयकर विभाग द्वारा वसूली करने का विरोध किया। हसन असगर जैदी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा यूथ कांग्रेस से जुड़े चार बैंक खातों को सीज करने से पार्टी का कार्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही चुनाव में बाधा आना संभावित है। दूसरी तरफ कॉर्पोरेट बांड के पैसे को सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक कर दिया है। चुनावी बांड से सबसे अधिक वसूली भाजपा ने की है।

भाजपा कर रही लोकतंत्र का हनन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भाजपा सरकार लोकतंत्र का हनन कर रही है। कांग्रेस पार्टी के खाते सीज करना व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हिटलरशाही का प्रमाण है। यह बातें कांग्रेस के जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने पत्रकार वार्ता में कहीं।

शुक्रवार को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला कांग्रेस के कार्यालय गुरहट्टी पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें एसबीआई के इलेक्ट्रोराल बांड की खरीद की आड़ में हुई खरबों रुपयों की गड़बड़ी को लेकर प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी मिथुन त्यागी को कई खुलासे करने थे। परंतु ऐन वक्त पर उन्हें लखनऊ तलब कर लिया गया। उनकी अनुपस्थिति में जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद व महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा ने कमान संभाली। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने ईडी व सीबीआई की आड़ में कंपनियों से वसूली की है। अब घोटाले के उजागर हो जाने के बाद दोषी नेताओं को जेल जाने का भय सता रहा है। पत्रकारों के सवालों के जवाब में कांग्रेस नेताओं ने मुरादाबाद समेत इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों को पूरे मनोयोग से चुनाव लड़ाए जाने की घोषणा की। इस दौरान अनूप दुबे, सुधीर पाठक, अफजल साबरी, अमीरुल हसन जाफरी, अनुराग शर्मा, गंगाराम शर्मा, आलोक सिंह, श्यामसरण, भयंकर सिंह बौद्ध, राजेन्द्र वाल्मीकि, मोहतशीम मुख्तार आदि मौजूद रहे।

पत्रकारों से वार्ता करते जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद व महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा।

सुविधा हेल्थ कार्ड में अंकित होगी छात्राओं के स्वास्थ्य की जानकारी, महिला चिकित्सक ही करेंगी सेहत की निगरानी

कस्तूरबा विद्यालयों की छात्राओं का बनेगा हेल्थ कार्ड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: शासन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं के स्वास्थ्य को लेकर सजग है। छात्राओं की सेहत की पूरी जानकारी लेने के लिए अब इन विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने वाली छात्राओं का हेल्थ कार्ड बनवाया जाएगा। बालिकाओं के स्वास्थ्य की जांच महिला डाक्टर से ही कराए जाने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए प्रति बालिका 1500 रुपये बजट का प्रावधान किया गया है। कुल 1.5 लाख रुपये की धनराशि हर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय को प्रति वर्ष मेडिकल केयर एंड कन्टीजेन्सी मद में उपलब्ध कराई जाएगी।

जनपद में 10 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें पढ़ने वाली बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी की ओर से गठित टीम करेगी। परीक्षण के बाद इन बालिकाओं का हेल्थ कार्ड तैयार कराया जाएगा। इस हेल्थ कार्ड में छात्राओं की सेहत का पूरा डाटा दर्ज होगा। अगर कभी इन छात्राओं की तबीयत बिगड़ती है तो उसी हेल्थ कार्ड का सहारा लेकर उन्हें उपचार भी दिया जाएगा। छोटी-छोटी तकलीफ होने पर इन बालिकाओं की सेहत को विद्यालय में ही फर्स्ट एड बाक्स में उपलब्ध होने वाली दवाओं से इनकी बीमारी पर काबू पाया जाएगा। बालिकाओं के स्वास्थ्य के संबंध में किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में वार्डन द्वारा तत्काल पीएचसी, सीएचसी, आयुष्मान अस्पताल, जिला अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हुए संबंधित जिला समन्वयक, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अभिभावक को सूचित किया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने इन बालिकाओं के हेल्थ कार्ड को पूरी तरह पूर्ण करने के निर्देश जारी किए हैं।

वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य अर्चना साहू। ● अमृत विचार

गुनी गुप्ता व अनुष्का वर्मा बनी कॉलेज टॉपर

मुरादाबाद, अमृत विचार : साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इसमें विभिन्न कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी के छात्रों को सम्मानित करते हुए प्रमाणपत्र देकर मेडल पहनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर प्रीति सक्सेना व रितु गुप्ता के निर्देशन में छात्राओं ने स्वागत गान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कक्षा 6 से कक्षा 8 तक में कॉलेज टॉपर गुनी गुप्ता रहीं। जिन्होंने 97 .13 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 9 और कक्षा 11 में अनुष्का वर्मा कॉलेज टॉपर रही। जिन्होंने 89 .12 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मुख्य अतिथि समाजसेवी अनीता गुप्ता व कॉलेज प्रबंधक सुशील कुमार ने सभी मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। कालेज प्रधानाचार्य अर्चना साहू ने कहा कि मेधावी छात्राओं से अन्य छात्राओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक सुशील कुमार, वरिष्ठ शिक्षिका शैलजा रस्तोगी, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य गौरांग साहू, राजीव सक्सेना, निमित जायसवाल आदि मौजूद रहे।

23 करोड़ का बिजली बकाया एमडी ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बिजली विभाग का बकाया वसूल करेंगे राजस्व कर्मचारी

अमृत विचार: बिजली विभाग का बिजली चोरी करने वालों पर 23 करोड़ रुपये बकाया है। जिससे वसूलने के लिए विभाग की एमडी ने जिला स्तरीय अधिकारियों पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। तीनों डिवीजनों के अधिशासी अभियंताओं द्वारा 5,799 उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी करने के मामले में राजस्व की वसूली के लिए प्रशासन को आरसी जारी की है। राजस्व की वसूली करने वाले तहसील कर्मचारियों को बिजली विभाग पहली बार चार पहिया वाहन की सुविधा उपलब्ध कराएगा।

बिजली विभाग की ओटीएस (एक मुश्त समाधान) स्कीम के बाद भी देहात की तीनों डिवीजनों के बिजली चोरी के आरोपी उपभोक्ताओं ने विभाग की 23 करोड़ रुपये की धनराशि जमा नहीं की है। विभाग की एमडी चैत्रा वी ने मार्च में विभाग के अधिकारियों के साथ की गई वर्चुअल बैठक में मुरादाबाद के देहात क्षेत्र में बिजली चोरों पर 23 करोड़ की धनराशि बकाया होने की जानकारी पर नाराजगी जताई है। प्रथम डिवीजन के बिजली चोरी के आरोपियों पर 3 करोड़ 2 लाख 90 हजार, द्वितीय में 13 करोड़ 90 लाख, तृतीय डिवीजन में 7 करोड़ 3 लाख का बकाया है। प्रथम व द्वितीय डिवीजन के अधिशासी अभियंता ने आरसी जारी कर दी है। हालांकि तृतीय डिवीजन से 7 करोड़ की बकाया धनराशि के लिए अभी तक आरसी जारी नहीं की गई है।

एक नजर

अजीत बने क्षेत्रीय अध्यक्ष

मुरादाबाद, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद चौधरी जयंत सिंह के आदेशानुसार युवा रालोद की क्षेत्रीय कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमें अजीत सिंह एडवोकेट को युवा क्षेत्रीय अध्यक्ष रुहेलखंड बनाया गया। अजीत सिंह ने कहा कि कि मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है। उसे पूरी तत्परता व ईमानदारी के साथ निभाउंगा। स्व. चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

एक नजर

नशे की गोली व कच्ची शराब के साथ दो आरोपी पकड़े

कांठ, अमृत विचार : पुलिस ने नशे की 300 गोलियों व अवैध कच्ची शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। पाटंगी तिराहे पर सामुदायिक शौचालय के निकट से ऊमरी कलां निवासी सलाउद्दीन को 300 नींद की गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। दूसरी ओर उप निरीक्षक विपिन कुमार ने मोहसीन निवासी मोहल्ला महम्मदी सराय थाना अमरोहा को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार पकड़ा है।

चोरी करते हुए दो युवक पकड़कर पुलिस को सौंपे

कुंदरकी, अमृत विचार : ट्यूबवेल पर चोरी करते समये दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। बाद में आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। गांव बगरौआ निवासी अहसान का गांव में ही ट्यूबवेल है। शुक्रवार को गांव के ही दो युवक वहां पहुंचे और चोरी करने घुस गए। तभी वहां किसी कार्य से ट्यूबवेल स्वामी पहुंचा। उसने दोनों युवकों को चोरी करते हुए देख लिया। शोर मचाने पर वहां लोग पहुंचे और दोनों युवकों को पकड़ लिया। पुलिस को मौके पर बुलाया और दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस दोनों युवकों को थाने ले गई।

नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआ

रमजान के दूसरे जुमे की नमाज के लिए मस्जिदों में उमड़े लोग, पुलिस रही तैनात

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : क्षेत्र में रमजान के दूसरे जुमे की नमाज अदा की गई। नगर की मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ी। मौलाना शुएब नदवी ने रोजों की अहमियत बताई। नमाज से पहले तकरीर में कहा कि रोजा रखने से हमारी सहनशक्ति और आत्मशक्ति बढ़ती है।

हम इच्छाओं पर काबू भी रखते हैं। अपने भीतर की बुराइयों को भी हमें त्यागना चाहिए और खुदा के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। खुतबे में रमजान की फजीलत बयान की। कहा कि यह दूसरा अशरा है और मगफिरत का अशरा है। जब रमजान शुरू होता है तो अल्लाह की तरफ से हिदायत दी जाती है ऐ शख्स अल्लाह के पास आ जा। कहा कि मुसलमान इस्लाम के बताए हुए रास्ते पर चलें। इससे उनकी तमाम मुसीबतें दूर हो जाएंगी। रमजान के रोजे रखना हर बालिग पर फर्ज हैं।

अगर एक रोजा भी बिना किसी परेशानी के छोड़ा जाए तो तमाम जिंदगी रोजे रखने से उसका बदला पूरा नहीं किया जा सकता। सिर्फ भूखा-प्यासा रहना ही रोजे का मकसद नहीं है। झूठ, बुराई, चुगलखोरी समेत अन्य गुनाह, बुराइयों से अपने आप को बचाना, यह रोजे की रूह है। वही नमाजियों से मस्जिदें भी खचाखच भरी नजर आईं।

ठाकुरद्वारा में नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

बिलारी में कब्रिस्तान में मगफिरत की दुआ मांगे लोग। ● अमृत विचार

पुलिस ने लोगों को दिया सुरक्षा का भरोसा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव, होली और रमजान में शांति व्यवस्था को लेकर कोतवाली पुलिसकर्मियों के साथ सीआरपीएफ के जवानों ने नगर के मुख्य बाजार व विभिन्न मोहल्लो में शुक्रवार को पैदल मार्च निकाला। लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। मार्च बुध बाजार, बाजार गंज, पुरानी सब्जी मंडी, तिकोनिया पार्क, कमलापुरी रोड, शगुन तिराहा, बड़ा बाजार, तहसील बस स्टैंड व नगर के मुख्य मोहल्लो में निकाला गया। इसमें कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र चौहान, वरिष्ठ उप निरीक्षक नरेश पंवार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह, उज्ज्वल राणा, असीम मियां शामिल रहे।

नमाज के बाद कब्रिस्तान में की मगफिरत की दुआ

बिलारी, अमृत विचार : नगर के नमाजियों ने रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज के बाद कब्रिस्तान में मगफिरत की दुआ मांगी। जुमे की नमाज के बाद नमाजियों ने कब्रिस्तान का रुख किया और अपने अजीजों की कब्रों पर कायनात के रब अल्लाह रब्बुल आलमीन की बारगाह में हाथ उठाकर रमजान के दूसरे असरे की बरकतों से संबंधित मगफिरत की दुआएं मांगी। रमजान उल मुबारक के दूसरे असरे में लोग लोग कब्रिस्तान पहुंचे। हाफिज अतिकुर्रहमान ने कुरान ए पाक की तिलावत कर कब्रिस्तान में दफन सभी को इशाले सबाब किया। सुमाली कब्रिस्तान के खजांची बस्सी उद्दीन, नायब खजांची मोहम्मद सलीम, पूर्व सभासद मोहम्मद कासिम अंसारी, साबिर उस्ताद, मोहम्मद तय्यब, शकील मामू, जावेद अंसारी, मोहम्मद अशरफ, मोहम्मद अहमद पूर्व सभासद, मोहम्मद अजीज, मोहम्मद शरीफ, नन्हे हाजी, मोहम्मद इकबाल आदि ने मगफिरतकी दुआएं मांगी।

सार संक्षेप

कथा में शिव-पार्वती के विवाह का वर्णन किया

शिव-पार्वती के रूप में सजी झांकी।

बिलारी, अमृत विचार : गांव अमरपुर काशी में चल रही श्री राम कथा में कथा व्यास आचार्य पंडित शिव शंकर भारद्वाज ने शिव पार्वती के विवाह के प्रसंग वर्णन किया। यह प्रसंग सुनकर लोग भाव विभोर हो गए। समिति की ओर से आयोजित श्री राम कथा में कथा व्यास ने हिमालय की पुत्री के रूप में पार्वती-शिवजी के विवाह प्रसंग सुनाया। इस दौरान शिव-पार्वती की झांकी दिखाई गई। सभी ने तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर भगवान भोलेनाथ और पार्वती का कन्यादान किया। इस दौरान अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के वरिष्ठ कार्यकर्ता राम सिंह, रविंद्र शास्त्री, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के ठाकुर पान सिंह, शकुंतला देवी, पंडित विनोद कुमार मिश्रा, पंडित अमरनाथ शर्मा, पंडित अनिल कुमार शर्मा, ठाकुर सुरेंद्र सिंह, भाजपा नेता रामवीर यादव, रेखा चौहान, लज्जावती, किरण देवी, रेनू सिंह आदि मौजूद रहे। श्री राम कथा से पहले आचार्य पंडित ओम शास्त्री ने विधि विधान से पूजन किया।

रालोद युवा की कार्यकारिणी घोषित

छजलैट, अमृत विचार : रालोद युवा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह एडवोकेट ने संगठन की कार्यकारिणी की घोषणा की है। उन्होंने रालोद प्रमुख जयंत सिंह चौधरी, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक चंदन सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह व पूर्व कृषि मंत्री चौधरी अजीत सिंह की नीति एवं सिद्धांत पर चलने का संकल्प लेते हुए कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों से उम्मीद है कि वे संगठन को मजबूत करेंगे। कार्यकारिणी में मुरादाबाद निवासी मोहम्मद राशिद को उपाध्यक्ष, दीपक रंधावा, आकाश चौधरी, प्रदीप कुमार को महासचिव एवं अर्जुन सिंह, प्रतीक राव, सर्वेंद्र गुर्जर, संजय सिंह, रमाकांत सैनी, बब्बू मंसूरी, रिजवान, सुनील वाल्मीकि, रिक्की त्यागी को सचिव एवं केशव चौहान को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

कांठ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क हैं। शुक्रवार को सहसपुर बॉर्डर, नूरपुर बॉर्डर व अमरोहा बॉर्डर पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए। पुलिस अधिकारियों ने स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल भी तैनात किया है। इन तीनों रास्तों पर वाहनों की चेकिंग की गई। पुलिस क्षेत्र अधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता ने पुलिस को को शरारती तत्वों को चिह्नित करने का निर्देश दिया। उधर, 400 शस्त्र लाइसेंस जमा किए गए। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सभी उपनिरीक्षक अपने क्षेत्रों के वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाएं।

ट्रांसपोर्ट के सामने खड़ा कैंटर चोरी, रिपोर्ट

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गांव रामूवाला गणेश के निकट थाना भोजपुर के गांव बहेड़ी ब्रहमनान निवासी मोहम्मद फईम की ट्रांसपोर्ट है। तीन मार्च की रात में वह अपनी ट्रांसपोर्ट के सामने कैंटर खड़ा करके गांव चला गया। चार मार्च की सुबह 10 बजे ट्रांसपोर्ट पहुंचा तो कैंटर गायब था। उसने अपने वाहन की तलाश की और न मिलने पर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इस पर उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ कैंटर चोरी में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना भोजपुर के गांव बहेड़ी ब्रहमनान निवासी फईम ने अदालत में दायर की गई याचिका में कहा कि तीन-चार मार्च की रात वह रामू वाला गणेश स्थित अपनी ट्रांसपोर्ट के सामने अपना कैंटर खड़ा करके घर चला गया था। सवेरे कैंटर वहां नहीं था।

पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

डिलारी, अमृत विचार : पुलिस ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए क्षेत्र में शुक्रवार को पैदल मार्च निकाला। थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में गांव गुलरिया माफी, तगावाला, तगाली, चंगेरी, महमूदपुर लाल में मार्च निकाला गया। इसमें अर्धसैनिक बल भी शामिल हुए। थाना प्रभारी ने बताया कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

तमंचा के साथ आरोपी पकड़ा गया

डिलारी, अमृत विचार : पुलिस ने तमंचा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गांव महमूदपुर लाल निवासी रियासत हुसैन तमंचा लेकर चौराहे पर घूम रहा था।

नगर मे तैनात किए गए मजिस्ट्रेट

बिलारी, अमृत विचार : उप जिला अधिकारी मणि अरोड़ा ने होली के त्यौहार को लेकर थाना क्षेत्र के मुताबिक मजिस्ट्रेटो की तैना ती की है। इसके अलावा उन्हें जिम्मेदारी दी है कि वह अपने क्षेत्र में घूमकर व्यवस्थाएं देख लें। बिलारी थाना क्षेत्र में तहसीलदार बिलारी को मजिस्ट्रेट, जबकि बाल विकास परियोजना अधिकारी बिलारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत समाज कल्याण बिलारी को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, थाना कुंदरकी क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी कुंदरकी को मजिस्ट्रेट व खंड शिक्षा अधिकारी कुंदरकी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुंदरकी को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, थाना मैनाठेर क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी बिलारी को मजिस्ट्रेट व नायब तहसीलदार कुंदरकी लोकेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण कुंदरकी को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, थाना सोनकपुर में वन क्षेत्राधिकारी बिलारी को मजिस्ट्रेट, खंड शिक्षा अधिकारी बिलारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बिलारी को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट तैनात किया है।

बैठक में पदाधिकारियों को समझाई जिम्मेदारी

बिलारी, अमृत विचार : नगर में चंदौसी रोड स्थित भाजपा के कार्यालय में शुक्रवार को बैठक में पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी राकेश ठाकुर और राजू कालरा ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी समझाई। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर पन्ना प्रमुख की विशेष जिम्मेदारी रहेगी। वे हर मतदाता को मतदान के लिए जागरुक करें और मतदान स्थल पर लेकर जाएं। इस दौरान लवली यादव, केके गुप्ता, निहाल सिंह, निशा त्यागी, डॉ. गीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार दो लोग घायल

छजलैट, अमृत विचार : जनपद कानपुर के विल्लोर निवासी अनमोल व उनका एक मित्र स्कूटी से मुरादाबाद से छजलैट हाईवे पर शाम चार बजे आ रहे थे। तभी वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस व भारतीय यूथ कांग्रेस के खाते सीज करने से गुस्साए यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पर पहुंच कर प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

शुक्रवार को दिए ज्ञापन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कांग्रेस पार्टी के सभी खाते सीज करा दिए हैं। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दानिश सैफी के नेतृत्व में कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्र हुए। इसके बाद प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ज्ञापन में कहा गया है कि सत्तारूढ़ सरकार पूरी तरह गुंडागर्दी पर उतरी हुई है। भाजपा सरकार कांग्रेस के बढ़ते हुए जनाधार से बौखला रही है। केंद्र सरकार दमनकारी नीतियों से लोकतंत्र को आघात पंहुचा रही है। कांग्रेस इंसाफ पसंद पार्टी है।

वह न कभी ऐसी हरकतों से झुकी है और न आगे झुकेगी। कांग्रेस हर वर्ग और किसानों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। भाजपा की सरकार में किसान, मजदूर, व्यापारी सहित सभी वर्ग परेशान हैं। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि उनके सभी खाते शीघ्र नहीं खोले गए तो वह व्यापक आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस के नगर अध्यक्ष लारिव मंसूरी, सादिक सिद्दीकी, संजीव सिंघल, ब्लॉक अध्यक्ष अबरार सैफी, अनुज चौधरी, तस्लीम अहमद, शहजाद, वसीम मलिक, नावेद, जुबेर अली, काजिम अब्दुल्लाह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन देते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

▸▸ **कांग्रेस के खाते सीज करने का विरोध, दी आंदोलन की चेतावनी**

गायत्री परिवार ने दी सादगी से होली मनाने का संदेश

बिलारी, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज के सभागार में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार शाखा बिलारी के गायत्री परिजनों ने गोष्ठी की। इसमें केमिकल रहित रंग, सादगी, नशापन और मद्यपान से दूर रहने का संदेश दिया। कहा कि इनका हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए इनसे बचना चाहिए।

शुक्रवार को गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि होली का अर्थ पवित्र है। अतः हम त्योहार की पवित्रता को बनाए रखने के लिए नशा और मद्यपान से दूर रहें। केमिकल के रंगों का प्रयोग ना करें, ना करने दें। मिलजुल कर सादगी के साथ त्योहार मनाए। भूपेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि आपसी भेदभाव भुलाकर प्रेम और सौहार्द के साथ होली मनाएं। होली पर्व का अर्थ ही प्रेम है। गोष्ठी में आदित्य राघव, मनीष पाल सिंह, अजय रहे।

कोर्ट के आदेश पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट, जांच शुरू

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

▸▸ **रामपुर का मामला, आरोपियों से जान का खतरा बताया**

अमृत विचार : ग्राम समाज की भूमि को फर्जी तरीके से अपने नाम कराने और बाद में भूमि से खनन करने की शिकायत करने पर मारपीट करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर घोघर निवासी दिनेश कुमार ने न्यायालय में याचिका दायर कर कहा कि सुरजन नगर निवासी इंद्रजीत व उसके भाइयों सहदेव सारथी तथा हिरदेश, अभिषेक, लाखन व धर्मेंद्र निवासी कनकपुर दबंग हैं। अपनी दबंगई के बल पर आरोपियों ने ग्राम समाज की भूमि को षडयंत्र के तहत राजस्व अभिलेखों में इंद्रजीत, सहदेव सारथी व हिरदेश के नाम दर्ज करा लिया। इसकी शिकायत उसने उपजिलाधिकारी से की थी। उपजिलाधिकारी ने आरोपियों के नाम काटकर इस भूमि को बंजर में दर्ज कर दिया था। पीड़ित का कहना था कि आरोपी ग्राम समाज जमीन में खड़ी फसल को उजाड़ कर धड़ल्ले से खनन कर रहे हैं। खनन की शिकायत उसने पुलिस से भी की थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी को लेकर आरोपी उससे रंजिश रखते हैं।

वह पीड़ित के साथ मारपीट व गाली-गलौज करते हैं। उसे आरोपियों से उसे जान माल का खतरा है। न्यायालय ने सुनवाई के बाद कोतवाली पुलिस को छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जमीन के नाम पर ठगी के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : भूमि बेचने के नाम पर एक व्यक्ति ने 20 लख रुपये की ठगी कर ली। भूमि का का बैनामा भई कराया। रकम मांगने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में कोर्ट के इस पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर निवासी उमेश चंद्र अग्रवाल के अनुसार, मोहल्ला फैजुल्लागंज निवासी मोहम्मद कासिम ने भूमि का सौदा गवाहों के सामने 20 लाख रुपये में हुआ था। 13 फरवरी 2020 को चेक से भुगतान किया गया। कासिम ने विश्वास दिलाया कि वह जमीन का बैनामा करा देगा। इस भूमि पर कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। लेकिन आरोपी यह भूमि अन्य लोगों को बेच दी। उमेश ने रुपये मांगे तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। लेकन कार्रवाई नहीं हुई। बाद में उमेश ने कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई। कोर्ट के आदेश पर आरोपी कासिम के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

एक माह से पति गायब, महिला ने थाने में दी तहरीर

छजलैट, अमृत विचार : पति के एक माह से लापता होने के बाद महिला से अवैध संबंध होने की जानकारी मिलने पर पत्नी ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। गांव पुल की पुलिया निवासी पूनम का आरोप है कि उसके पति के महिला से अवैध संबंध हैं। एक माह पहले से उसका पति और महिला कहीं रह रहे हैं। कुछ दिनों पहले वह महिला अपने घर आ गई, लेकिन उसका पति नहीं आया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

शहीद दिवस को सफल बनाने को किया जनसंपर्क

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के नेता प्रीतम सिंह ने गांव रामू वाला गणेश, कालेवाला, माधोवाला, गोपीवाला, मुंशीगंज में भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव के शहीदी दिवस को लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों से जनसंपर्क किया।

कहा कि शहीदों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। किसान मजदूर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले राम मनोहर लोहिया पार्क में एकत्र हो और शहादत दिवस को सफल बनाएं।

मुख्य बाजार से होकर पुराने बस स्टैंड के पास बने यात्री प्रतीक्षालय में सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान बलराम सिंह, नरेश सिंह, रमेश सिंह, सतबीर सिंह, हर स्वरूप सिंह आदि मौजूद रहे

सड़क में कच्ची ईटें लगाने का विरोध

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : नगर के वार्ड नंबर 13 में कराई जा रही इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में मानक के अनुसार सामग्री नहीं लगाने पर सभासद व नागरिक भड़क गए। उन्होंने विरोध प्रदर्शन कर किया। विरोध देखकर ठेकेदार कार्य छोड़कर भाग गया।

शुक्रवार सुबह 10:30 बजे ठेकेदार मिस्त्रियों को लेकर सड़क के निर्माण के लिए पहुंचे। इससे पहले ही यहां सभासद व नागरिक एकत्रित हो गए। उन्होंने कच्ची इंटरलॉकिंग ईंट व रेत में मिट्टी की मिलावट का आरोप लगाया। बताया कि ठेकेदार घटिया सामग्री से करीब 20 मीटर सड़क निर्माण भी कर चुके थे।

ठेकेदार निर्माण सामग्री को लेकर नागरिकों से भिड़ गए। दोनों पक्षों में नोकझोंक भी हुई। ठेकेदार ने सभासदों एवं नागरिकों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया। लेकिन सभासद एवं नागरिकों ने कहा कि वे घटिया इंटरलॉकिंग सामग्री सड़क निर्माण में नहीं लगने देंगे। इस दौरान मनोज चौहान, वसीम, नसीम अहमद, शीशपाल सैनी, धर्मवीर सिंह चौहान, खलील अहमद, शकील अहमद, उस्मान, अजयपाल तोमर नवनीत, सुरेंद्र कुमार, कपिल कुमार, हरिओम आदि मौजूद रहे।

नगर में प्रदर्शन करते सभासद व नागरिक ● अमृत विचार

▸▸ **कच्ची इंटरलॉकिंग ईंटें व रेत में मिट्टी की मिलावट का आरोप**

▸▸ **विरोध-प्रदर्शन के बाद ठेकेदार काम छोड़कर भागे**

त्योहार | सेंट पॉल्स स्कूल में छात्र-छात्राओं ने खेली होली, एक-दूसरे को रंग-गुलाल लागकर दी बधाई

रंगोली व पोस्टरों के माध्यम से दिया होली मनाने का संदेश

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को होली मनाई गई। इस दौरान छात्र- छात्राओं ने रंगोली सजाई। उन्होंने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

इस मौके पर प्रधानाचार्य सतेंद्र चौधरी ने होली का महत्व समझाया। कहा कि होलिका ने अपने भाई के कहने पर भक्त प्रहलाद को मारने की कोशिश की थी। होलिका को नहीं जलने का वरदान प्राप्त था। इसी कारण वह प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर आग में बैठ गई, लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से प्रहलाद बच गया और होलिका आग में जल कर राख हो गई। तभी से यह त्योहार मनाया जाता है। स्कूल के चेयरमैन जितेंद्र विश्नोई एवं मेनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने छात्र-छात्राओं, शिक्षको को होली की बधाई दी। इस दौरान वरिष्ठ अध्यापिका ममता विश्नोई, अनवर हुसैन, अमन, गजाला हबीब, विकास यादव, सौरभ चौहान, शुभम कुमार, ओमप्रकाश सिंह, आमिल सैफी, दीपिका विश्नोई आदि मौजूज रहे।

पोस्टर दिखाते छात्र-छात्राएं, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

▸▸ **प्रधानाचार्य ने होली का महत्व समझाया, दी बधाई**

बाजार में होली के सामानों से सजीं दुकानें

कांठ, अमृत विचार : होली के त्योहार को लेकर बाजार में गुलाल, रंग-बिरंगी पिचकारी और मुखौटों से दुकानें सज गई हैं। लोग गुलाल, पिचकारी व अन्य सामान खरीद कर रहे हैं। इससे बाजार गुलजार हैं। 24 मार्च को होलिका दहन और 25 मार्च को रंग खेला जाएगा। दुकानदारों ने बताया कि इस बार नए रंग और नई-नई पिचकारियां बाजार में आई हैं। खरीदने के लिए बच्चे और बड़े उत्सुक हैं। क्षेत्र में एकादशी का रंग खेलना शुरू हो जाता है। दूसरी ओर होली के त्योहार पर मिठाई, मावे और दूध की बिक्री की मांग बढ़ गई है। बाजार में मिठाइयों की दुकानों पर गुंझिया, मावे की खरीदारी हो रही है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिठाई की दुकानों से भरे नमूने

बिलारी, अमृत विचार: नगर में होली के त्योहार पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान मुरादाबाद रोड स्थित अनेक दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए।

शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश वर्मा, राजीव वर्मा, वीरेश पाल के नेतृत्व में टीम बिलारी पहुंची तो मिठाई दुकानदारों में हड़कंप मच गया। टीम के आते ही दुकानदार दुकानें बंद कर चले गए। इस बीच मुरादाबाद रोड स्थित रामबाबू हलवाई की दुकान से मिठाइयों के नमूने भरे। टीम ने सभी मिठाइयों को सील कर जांच के लिए भेजा। इसके अलावा टीम बिलारी में कई स्थान पर पहुंची। जहां उन्होंने खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश वर्मा ने कहा कि सभी दुकानदार मिलावटी सामान बेचने से बचें।

बैठक में लोगों को संबोधित करते थाना प्रभारी संजय कुमार। ● अमृत विचार

शांति से मनाएं होली का त्योहार

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : थाने में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक में लोकसभा चुनाव और त्योहारों को लेकर चर्चा की गई। इसमें थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि त्योहारों पर माहौल बिगाड़ने वालों पर प्रशासन की नजर है। अशांति फैलाने के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बताया कि गांव मझौली खास, इमृतपुर फखरुद्दीन और महलोली में माहौल खराब करने वाले लोगों को पांच लाख रुपये के मुचलकों पर पाबंद किया गया है। होली दहन के लिए प्रत्येक गांव में एक पांच सदस्य कमेटी का गठन किया गया है। बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धारा 144 लगी है। इसे ध्यान में रखकर त्योहार मनाएं और बिना अनुमति कोई भी कार्यक्रम न करें। गांव चतिपुर रायव नगला के प्रधान ने बताया कि ग्राम पंचायत में नाला निर्माण कराया जा रहा था, उसे कुछ लोगों ने तोड़ दिया है। इस दौरान ग्राम प्रधान, सभासद, क्षेत्र के संभ्रांत लोग, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ग्रामीण ने सफाईकर्मी को पीटा, पुलिस से शिकायत

कुंदरकी, अमृत विचार : गांव अभनपुर के रहने वाले सफाईकर्मी अखिलेश कुमार ने ग्रामीण पर पीटने का आरोप लगाया है। उसने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सफाईकर्मी ने बताया कि वह ग्राम पंचायत सीलपुर में तैनात है। शुक्रवार सुबह वह गांव में सफाई करने सीलपुर पहुंचा था। आरोप है कि 9 बजे गांव के व्यक्ति ने उसे रोक लिया और डरा धमका कर कहने लगा कि वह उसके दरवाजे पर सफाई नहीं करता है। इस पर उसने कहा कि वह अभी मंदिर में सफाई करने जा रहा है, बाद में दरवाजे पर सफाई कर देगा, यह सुनकर वह व्यक्ति आग बबूला हो गया। आरोपी सफाईकर्मी को थप्पड़ मार दिए। जब वह भागने लगा तो आरोपी फावड़ा लेकर उसके पीछे दौड़ा। बाद में पीड़ित ने थाने में शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

एक नजर

दो सांडों की लड़ाई में एक की हुई मौत

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में दो सांडों की लड़ाई में एक की मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई। जिसके बाद सांड के शव को दबा दिया गया। मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव उधनपुर का है। शुक्रवार सुबह गांव में दो सांडों में संघर्ष हो गया। दोनों की लड़ाई में एक की मौत हो गई तथा दूसरा जंगल की तरफ भाग गया। ग्रामीणों द्वारा सांड के मरने की सूचना कोतवाली एवं वन विभाग को दी गई। जिसके बाद पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर ग्रामीणों ने सांड के शव को गांव में गड्ढा खोदकर दबा दिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल

गजरौला, अमृत विचार : अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शहर के मोहल्ला सुल्ताननगर निवासी राजू स्कूटी से गुरुवार शाम कहीं गए थे। देर रात लौटते समय गजरौला-मंडी धनौरा मार्ग पर कुमराला पुलिस चौकी के पास पीछे से अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार राजू घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तमंचा सहित एक आरोपी गिरफ्तार, रिपोर्ट दर्ज

आदमपुर/मुबारिजपुर, अमृत विचार : थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव गुरैठा निवासी अनिल कुमार पुत्र सुरेश चंद्र को आदमपुर पुलिस ने तमंचा, कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्ट दर्ज कर उसका चालान कर दिया गया है।

उधार की रकम मांगने पर मारपीट, रिपोर्ट

हसनपुर, अमृत विचार : मेरठ के थाना टीपीनगर क्षेत्र के रहने वाले सुनील की जान पहचान बछरायूं थाना क्षेत्र के कटपुरा निवासी अंकुश से हुई थी। अंकुश व उसके भाई लवकुश ने जमीन खरीदने के लिए सुनील से 25 लाख रुपये उधार लिए थे। बार-बार मांगने पर भी रुपये वापस नहीं दिए। इसी माह 10 मार्च को सुनील के साथ आरोपियों ने मनौटा पुल के पास उसके साथ मारपीट की। तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप ने बताया कि तहरीर के आधार पर अंकुश, लवकुश, मुनीदेव व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

रालोद की रैली को सफल बनाने के लिए किया संपर्क

अमरोहा, अमृत विचार : 28 मार्च को अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के रजबपुर में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की जनसभा होगी। रैली व जनसभा को सफल बनाने को लेकर पार्टी के जिलाध्यक्ष मनवीर चिकारा ने कई गांवों में पहुंचकर लोगों से बात की। इस दौरान गांव रजाकपुर, अकबरपुर, नाजरपुर, एब्जाबाद और हाशमपुर में पार्टी के कार्यकर्ताओं, नौजवानों, किसानों व ग्रामीणों से रैली में शामिल होने की अपील की।

शिक्षकों की समस्याओं के समाधान को सौंपा ज्ञापन

अमरोहा, अमृत विचार : उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ अमरोहा का प्रतिनिधिमंडल प्रदेशीय मंत्री डॉ. जीपी सिंह के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह से मिला। उन्हें शिक्षकों व प्रधानाचार्यों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। लंबित पड़े शिक्षकों के प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण की मांग की। कहा कि वर्ष 2023-24 में कुछ शिक्षकों प्रधानाचार्य की वेतन एरियर अवशेष प्रकरण लंबित है। जो इसी सत्र में प्राप्त होने चाहिए।

फहीम बने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महासचिव

हसनपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद जयंत चौधरी व राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ खालिद मसूद ने मोहल्ला होली वाला निवासी मोहम्मद फहीम उर्फ विशाल चौधरी को राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। प्रदेश महासचिव नियुक्त होने पर मोहम्मद फहीम का कहना है कि गठबंधन प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर को पूरी लगन के साथ चुनाव लड़ाया जाएगा।

अमरोहा में 1984 में आखिरी बार कांग्रेस के सांसद बने थे रामपाल

कांग्रेस प्रत्याशी ने निर्दलीय उम्मीदवार इशरत अली को हराया था

प्रबल प्रभाकर, अमरोहा

अमृत विचार : अमरोहा लोकसभा सीट पर तीन बार कांग्रेस के प्रत्याशी जीत चुके हैं। इस बार गठबंधन के जरिए कांग्रेस अपनी खोयी सीट को वापस पाना चाहती है। 1984 के बाद कांग्रेस का कोई प्रत्याशी यहां से नहीं जीत सका है। सांसद दानिश अली के कांग्रेस में आने के बाद अब उनकी दावेदारी यहां से मानी जा रही है।

सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने अमरोहा लोकसभा सीट पर राजनीतिक गलियारों में एक बार फिर से हलचल मचा दी है। यह गठबंधन कई राजनीतिक पार्टियों के समीकरण को भी बदल सकता है। कांग्रेस के हिस्से में अमरोहा लोकसभा सीट के बाद टिकट के लिए कांग्रेस नेता दावेदारी कर रहे हैं। बसपा से निष्काषित सांसद ने हाल ही कांग्रेस पार्टी का हाथ थाम लिया है। जिससे अब उनकी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। इसके अलावा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी, पूर्व सांसद राशिद अल्वी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुखराज सिंह, सरजीत सिंह समेत अन्य नेता टिकट की दावेदारी में लगे है। अमरोहा लोकसभा सीट पर तीन बार कांग्रेस का कब्जा रह चुका है। इसीलिए इस सीट पर सपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है। पिछले चुनाव में आंकड़ों की बात करें तो कांग्रेस ने यहां से तीन बार जीत दर्ज की है। 1957 में सबसे पहली बार हिफ्जुर्रहमान सांसद चुने गए थे। इसके बाद कांग्रेस ने 1962 में दोबारा हिफ्जुर्रहमान को अपना प्रत्याशी बनाया था। यह चुनाव भी कांग्रेस जीती थी।

इसके बाद अगले चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। 1963 में उपचुनाव हुए जिसमें इंदिरा गांधी भी कांग्रेस प्रत्याशी का प्रचार करने के लिए पहुंची थी। यहां से प्रजा सोशलिस्ट पार्टी से आचार्य जेबी कृपलानी ने जीत दर्ज की थी।

इसके बाद 1977 में भारतीय लोकदल के उम्मीदवार चौधरी चंद्रपाल सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी सत्तार अहमद को हराया था। जबकि वर्ष 1979 में जनता दल के प्रत्याशी मास्टर हरगोविंद सिंह के कांग्रेस प्रत्याशी खुर्शीद अहमद को हार का मुंह देखना पड़ा था। जबकि 1984 में कांग्रेस से रामपाल सिंह सांसद चुने गए थे। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार इशरत अली अंसारी को हराया था। इस तरह से कांग्रेस ने अमरोहा लोकसभा सीट तीन बार जीती थी। लेकिन 1984 के बाद से अब तक कांग्रेस लोकसभा क्षेत्र में अपना अस्तित्व तलाश रही है। अब 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के हिस्से में सीट आने के बाद अभी तक कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। वर्तमान सांसद कुंवर दानिश अली को लेकर क्षेत्र के लोगों में चर्चा है कि कांग्रेस इस बार दानिश अली पर अपना दांव लगा सकती है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि हाईकमान का जो फैसला होगा वह स्वीकार किया जाएगा। हालांकि संगठन के लोगों को ही वरीयता मिलनी चाहिए।

अमरोहा लोकसभा सीट से बने कांग्रेस के सांसद

वर्ष	सांसद	पार्टी
1957	हिफ्जुर्रहमान	कांग्रेस
1962	हिफ्जुर्रहमान	कांग्रेस
1984	रामपाल सिंह	कांग्रेस

अब मतदाताओं के आंकड़े

कुल मतदाता	17,13,154
पुरूष मतदाता	906789
महिला मतदाता	806318
ट्रांस्जेंडर	57

नोटिस चस्पा करते नायब तहसीलदार व प्रभारी निरीक्षक।

दो आरोपियों की 65 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

गजरौला, अमृत विचार : गोकशी के दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए 65 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ गोकशी के दो मुकदमे दर्ज हैं।

शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर निर्देश पर क्षेत्र के गांव कर्मल्लीपुर निवासी छिद्दू पुत्र सुखे व सत्तार पुत्र हफीज के दो-दो मकान कुर्क किए हैं। नायब तहसीलदार व थाना पुलिस द्वारा गांव में डुगडुगी बजाकर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत छिद्दू पुत्र सुखे व सत्तार पुत्र हफीज की 65 लाख की सम्पत्ति कुर्क की गई है।

होली पर 24 घंटे होगी बिजली आपूर्ति

अमरोहा, अमृत विचार : विद्युत वितरण खंड अधिकारी निखिल कुमार ने कहा कि होली पर 24 घंटे बिजली आपूर्ति को सुचारु रखा जाएगा। किसी भी समस्या को दूर करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि त्योहार पर बिजली उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली आपूर्ति दी जाएगी एवं विद्युत लाइन में खराबी आने पर उसको ठीक करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को नियुक्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि जिला अधिकारी के आदेश पर कलेक्ट्रेट परिसर में कंट्रोल रूम भी बनाया है। कंट्रोल रूम में सभी विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी बिजली लाइन में होने वाले फाल्ट की सूचना तुरंत विभाग के अधिकारियों को देंगे। अधिशासी अभियंता ने बताया कि त्योहारों को देखते हुए विभाग ने बिजली समस्या से निपटने की सभी तैयारियां पूरी हैं।

चेकिंग अभियान में 1445 वाहनों का चालान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 1445 वाहनों के चालान किए हैं। जबकि 20 वाहनों से सायरन और हूटर भी उतारे।

पुलिस जिले भर में चेकिंग अभियान चलाकर मादक पदार्थ से लेकर नकदी एवं संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रख रही है। जिले भर में पुलिस द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुलेट में तेज आवाज वाले साइलेंसर और पटाखे की आवाज व वाहनों पर हूटर लगाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस ने 1445 वाहनों के चालान किया और 20 वाहनों से सायरन हटाए। इसके अलावा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया है।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वालों के भी चालान काटे। इसके अलावा वाहनों पर काली फिल्म भी उतरने की कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने 10 दिन में 809 अपराधियों पर लगाया गुंडा एक्ट : पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिलेभर में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस ने 10 दिनों में 809 अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में अमरोहा नगर पुलिस ने 45 अपराधियों के चालान, अमरोहा देहात पुलिस ने 60 अपराधियों, डिडौली पुलिस ने 75, नौगांवा सादात पुलिस ने 90 आरोपियों पर गुंड एक्ट की कार्रवाई की है। वहीं, मंडी धनौरा में 34, बछरायूं में 70, गजरौला ने 89 तो रजबपुर में 26 इसके इलावा हसनपुर में 102, आदमपुर में 120, रहरा में 60 और सैदनगली थाना पुलिस ने 40 अपराधियों पर गुडा एक्ट लगाकर उनका चालान किया है। इस प्रकार जिले भर की पुलिस ने 809 अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

कार की डिग्गी खोलकर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

पोस्टर दिखाते छात्र-छात्राएं और शिक्षक। ● अमृत विचार

केंद्र सरकार ने वादे पूरे नहीं किए : नरेश चौधरी

मंडी धनौरा, अमृत विचार : शुक्रवार को क्षेत्र के गांव जलालाबाद में मयंक चौधरी के फार्म हॉउस पर भाकियू चढूनी की बैठक हुई। बैठक के दौरान किसानों ने कहा कि केंद्र सरकार ने जो 10 वर्ष पहले जो वादे किए थे। वह पूरे नहीं हुए हैं।

संगठन के जिला अध्यक्ष नरेश चौधरी ने जलालाबाद के किसानों को आश्वासन दिया कि चढूनी संगठन हमेशा आपके साथ खड़ा रहेगा। किसानों का शोषण कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से चुनावी झूठे वादे किए है। वादे पूरे नहीं किए। किसानों ने पहले भी दिल्ली को चारों तरफ से घेर कर तीन कृषि कानून को निष्क्रिय करवाने का काम किया है। इस अवसर पर मयंक धारीवाल, अजीत चौधरी, संजीव चौधरी, छतर सिंह, बबलू चौधरी, प्रदीप चौधरी, अतर सिंह, नकुल धारीवाल, सत्येंद्र सिंह, जगदेव सिंह, अशोक चौधरी, रवि चौधरी, अंकुश चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

पंचायत को संबोधित करते भाकियू भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह।

बिजली उपभोक्ताओं का शोषण कर रहे हैं मीटर रीडर : दिवाकर

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : भाकियू शंकर के जिला संरक्षक की अध्यक्षता में शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में पंचायत जिला अध्यक्ष सतपाल गुर्जर के संचालन में हुई। पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि सरकार ने 1 अप्रैल 2023 से ट्यूबवेल के बिलों को समाप्त करने की घोषणा की है। इसी के साथ ट्यूबवेलों पर मीटर लगाने की बात कही है। जिसका संगठन विरोध करता है। जनपद में विद्युत कर्मियों द्वारा घरेलू व ट्यूबवेल के कनेक्शन काटने का कार्य किया जा रहा है। बिजली उपभोक्ताओं के गलत बिल बनाकर उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है। भाकियू शंकर ने मुख्य अभियंता वितरण पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सत्यवीर सिंह, पूनम रीना रानी, बबीता रानी, जानी, अशोक चौधरी, अनिल भटनागर, रवि चौधरी रहे।

नाटक कर दिया मतदान का संदेश

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : शुक्रवार को विकास खंड के गांव शहबाजपुर गुर्जर स्थित संविलियन विद्यालय के छात्र-छात्राओं व मीना मंच कार्यकारिणी ने ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान सभी को जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्य व वोट की ताकत के बारे में अवगत कराया। वहीं मीना प्रेरक व मीना पावर एंजिल द्वारा ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव के लिये आगामी 26 अप्रैल को मतदान में सभी 18 वर्ष व उससे ऊपर की आयु वाले वाले मतदाताओं से बूथो पर पहुंचकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान प्रीति शर्मा, गौरव कुमार, ज्योति सिंह व रीना कौर सहित आदि मौजूद रहे।

परेशानी | चौपला पर दिनभर घर जाने के लिए लगी रही लोगों की भीड़

यात्रियों को घंटों प्रतीक्षा के बाद घर जाने को मिली बस

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : होली दो दिन शेष होने पर रोडवेज बसों में सीटों को लेकर मारामारी भी शुरू हो गई है।

शुक्रवार को शहर के चौपला पर दिनभर यात्रियों की भीड़ लगी रही। घंटों इंतजार के बाद बस मिल सकीं। स्थानीय स्तर पर लोगों ने होली की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं दूर-दराज शहरों में रहने वाले नौकरीपेशा वर्ग ने भी त्योहार मनाने के लिए घर वापसी शुरू कर दी है। ऐसे में यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई है। क्षेत्र में रोडवेज बसों को लेकर मारामारी के हालात बने हैं। शुक्रवार को शहर में चौपला पर यात्रियों की दिनभर भीड़ लगी रही। घंटों इंतजार के बाद बस मिल सकीं। बहुत से यात्रियों को डग्गामार वाहनों का सहारा भी लेना पड़ा।

वहीं, होली के मद्देनजर बाजार में खासी चहल-पहल है। बाजार में पिचकारियों व रंग-गुलाल की दुकानों पर खरीदार पहुंच रहे हैं। स्वदेशी पिचकारी, योगी-मोदी के मुखौटे व प्रेशर गन बच्चों को खूब भा रही है। इस बार होलिका दहन 24 व रंग 25 मार्च को मनाया जाएगा। होली को लेकर युवा व बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला रहा है। वहीं होली के दो दिन शेष बचे है। ऐसे में बाजारों में सजी रंग अबीर-गुलाल व पिचकारी की दुकानों पर भीड़ जुट रही है। नगर के मुख्य बाजार, इंदिरा चौक, बस्ती और रेलवे स्टेशन रोड पर भी रंग-गुलाल व पिचकारियों की दुकानों पर खरीदारी हो रही है।

बस में चढ़ने के लिए लगी यात्रियों की भीड़। ● अमृत विचार

300 किमी बस चलाने पर मिलेंगे 400 रुपये अतिरिक्त

अमरोहा, अमृत विचार : होली को लेकर परिवहन निगम ने बस परिचालकों के लिए प्रोत्साहन की घोषणा की है। प्रतिदिन 300 किलोमीटर बस चलने पर परिचालकों को 400 रुपये अतिरिक्त मिलेंगे। 11 दिन के लिए 4400 रुपये, जबकि 10 दिन के लिए 3500 रुपये परिवहन निगम अतिरिक्त भत्ता देगा। परिवहन निगम के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी अहमद ने बताया कि होली को देखते हुए रोडवेज की बसों के फेरे बढ़ा दिए हैं। इसके अलावा मेरठ और दिल्ली के लिए 15 स्पेशल बसों को चलाया गया है। उन्होंने बताया कि जो बसें स्टाफ की कमी के कारण डिपो में खड़ी थीं। अब स्टाफ मिलने पर उन बस को भी कई मार्गों पर चला दिया गया है। परिवहन निगम ने परिचालकों को 300 किलोमीटर प्रतिदिन बस चलाने पर अतिरिक्त 400 रुपये दिए जाने की घोषणा की है। जिसके बाद परिचालक समय से बसों को चलवा रहे हैं। सभी परिचालक अब 400 रुपये अतिरिक्त कमाने की होड़ में लगे है। क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक ने बताया कि इससे होली पर घर आने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। वहीं परिवहन निगम की आय भी बढ़ेगी।

सार-संक्षेप

पैदल मार्च करते एसडीएम सुधीर कुमार व सीओ अरुण कुमार। ● अमृत विचार

एसडीएम व सीओ ने शहर में किया पैदल मार्च

अमरोहा, अमृत विचार : त्योहारों एवं लोकसभा चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एसडीएम व सीओ ने पुलिस टीम के साथ नगर में पैदल मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से शांति एवं भाईचारा बनाने की अपील की है। शुक्रवार को एसडीएम सुधीर कुमार सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार और प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। पैदल मार्च में केंद्रीय बलों के जवान एवं दंगा निरोधक उपकरण के साथ स्थानीय पुलिस शामिल रही। पुलिस ने लोगों से बात कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया और भाईचारे के साथ त्योहारों को मनाने का आह्वान किया है।

सोमवार को निकलेगी चौपाई यात्रा

हसनपुर, अमृत विचार : भारत विकास परिषद द्वारा श्री राम चौपाई यात्रा एवं शाम को रामलीला मैदान पर होली मिलन कार्यक्रम होगा। भारत विकास परिषद हसनपुर द्वारा 25 मार्च को राजपूत कॉलोनी स्थित मैरिज हॉल से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों पर श्री राम चौपाई यात्रा निकाली जाएगी। शाम को छह बजे श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट स्थित रामलीला मैदान पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष आदेश अग्रवाल ने बताया कि समिति द्वारा चौपाई यात्रा का आयोजन होगा। यात्रा में गुलाल एवं फूलों की होली खेली जाएगी। श्री राम चौपाई यात्रा में मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी शामिल होंगे।

संकीर्तन में भजन गाते गायक। ● अमृत विचार

खाटू श्याम बाबा के भजन सुन श्रद्धालु भावविभोर

मंडी धनौरा, अमृत विचार : टीचर कॉलोनी स्थित नवदुर्गा शिव साईं मन्दिर के परिसर में श्री खाटु श्याम मित्र मंडल ने श्याम बाबा का संकीर्तन किया। संकीर्तन में भजन गायक दीपक शर्मा ने श्याम का सुमिरन किया करो, अर्पित कौशिक ने अर्जी हमारी बाबा कब तक ठुकराओगे, देव शर्मा ने प्यारा दरबार है सुंदर श्रंगार है, मीनू शर्मा ने अर्जी लिख दी मैंने तेरे दरबार में, कृष वर्मा ने मेरी जो लाज है बाबा तेरे हाथ है, शौर्य मित्तल ने बिगड़ी बने न बाबा श्याम के बिना भजन गाए। संकीर्तन के बाद गुलाल लगाकर गले मिल कर होली भी मनाई। इस दौरान श्याम बाबा को खीर, चूरमा, गुड़ चने, बिस्कुट, खिचड़ी, सूजी के हलुवे का भोग लगाकर अर्जियों पर मोहर लगवाने को प्रार्थना की गई। इस अवसर पर नमन रस्तोगी, मनोज, विनीत राठी, सर्वेश शर्मा, सुमन, राहुल, प्रीती, नरेंद्र, सचिन, मोहित, राखी, सौरभ शर्मा, रमेश, हर्ष, सीमा सुमित, कुलदीप, ओमप्रकाश, सूरज, गोलू मौजूद रहे।

महिला आयोग के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

हसनपुर, अमृत विचार : महिला आयोग के आदेश पर महिला के साथ दहेज के लिए मारपीट करने के मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट हुई है। मुरादाबाद के कोठीवाल नगर की रहने वाली ज्योति शर्मा का कहना है दो दिसंबर 2021 को हसनपुर के रहने वाले दर्शित साथ उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से पति व ससुराल वाले दहेज के लिए मारपीट करने लगे। मामले की शिकायत उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्षा से की गई। कोतवाली प्रभारी सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में कस्बा हसनपुर निवासी दर्शित शर्मा, बर्शित शर्मा, किरन समेत व दर्शित की मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

ग्रामीणों का निशुल्क नेत्र परीक्षण

गजरौला, अमृत विचार : जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के तहत में निशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। ग्रामीणों को नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। कुल 111 ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें दवा दी। शुक्रवार को गांव बावनपुरा में महिपाल सिंह के आवास पर विपिन पंघाल एवं जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित शिविर में चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण किया। उन्हें बताया कि आने वाले समय में गेहूं की कटाई शुरू हो जाएगी। गेहूं की गहाई भी की जाएगी। इसलिए आंखों का विशेष ध्यान रखें। तेज हवाएं चलने पर कचरा आंखों में चले जाने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा दिन में तीन-चार बार आंखों को ताजे पानी से अवश्य धोएं। इस मौके पर डॉ. प्रशांत, विपिन पंघाल, आशीष, प्रवीन, सुमित गर्ग, नरेश आदि भी मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं का स्वागत करते प्रबंधक व अन्य। ● अमृत विचार

बीएसडी अकादमी के 83 छात्रों का गुरुकुल में चयन

मंडी धनौरा, अमृत विचार : बीएसडी अकादमी के 84 विद्यार्थियों का गुरुकुल विद्यालयों में चयन होने पर प्रबंधक नितिन धारीवाल ने चयनित छात्रों का हौसला बढ़ाया। नगर के अमरोहा रोड स्थित बीएसडी अकादमी के 24 विद्यार्थियों का गुरुकुल कुरुक्षेत्र, 27 विद्यार्थियों का गुरुकुल नीलोखेड़ी व 33 विद्यार्थियों का गुरुकुल आर्यकुलम में चयन होने पर अकादमी प्रबंधक नितिन धारीवाल सहित स्कूल स्टाफ द्वारा सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया। प्रबंधक नितिन धारीवाल ने चयनित छात्र अंशजीत, निर्भय, कुनाल, दिव्यांश शर्मा, निकुंज, लक्ष्य, कनिष्क, शुभ, आशीष, विराट, हर्ष, मनप्रीत, सिदांत, शौर्य, भास्कर, आदित्य, कार्तिक, मनी जतिन, देव, दक्ष, ऋषभ, दक्ष चौधरी, मनप्रीत समर्थ सहित 84 विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर निर्देशिका सुशीला धारीवाल, रोनक, राहुल, कपिल तेजपाल, सोनिका पारुल नीतू, मोनिका आदि रहे।

जन चेतना समिति के पदाधिकारियों ने खेली होली

रामपुर, अमृत विचार : पर्वतीय जन चेतना समिति के लोगों ने मक्का मिल में समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत जोशी के आवास पर होली का पर्व धूमधाम से मनाया और होली गीत गाए गए। समिति के महासचिव पीसी जोशी ने होली के गीत गाए। ढोलक पर समिति के कोषाध्यक्ष डीके बहुगुणा ने थाप छेड़ी तो होरियारे झूम उठे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

एक नजर

छात्र-छात्राओं ने विद्यालय स्टाफ के साथ खेली होली

हसनपुर, अमृत विचार : मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल में होली को लेकर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विद्यालय स्टाफ के साथ गुलाल एवं फूलों की होली खेली और एक दूसरे से गले मिले। प्रबंध समिति के अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा ने बताया कि होली प्रेम एवं एकता का प्रतीक है, हमें त्योहार प्रेम एवं शांति के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को शुभकामनाएं दीं। प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, राहुल शर्मा, मीनाक्षी सक्सेना, निशांत त्यागी, सोमवती, सोहनलाल, अंशु त्यागी, अनुराधा चौधरी, मधुबाला, सुनील यादव, अंकित यादव, भावना सक्सेना, सीमा वर्मा, चरण सिंह, हर्षित माथुर, कीर्ति भारद्वाज, मंजली दीक्षित, समीरा, निकिता रहे।

होली की तैयारी में जुटे लोग

मुबारिजपुर, अमृत विचार : होली से पहले लोग त्योहार की तैयारी में जुट गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सैकड़ों जगह होलिका दहन किया जाएगा। जिसकी लोग तैयारी कर रहे है। क्षेत्र के गांव ढवारसी, आदमपुर, दढ़ियाल, मुबारिजपुर, रहरा, गंगेश्वरी, पौरारा, दौरारा, चन्दनपुर, छपना, जल्लौपुर, बुरावली आदि गांव सहित कस्बों में भी होली की तैयारी की जा रही है।

शिकवे गिले भुलाकर मनाएं होली : सतपाल

अमरोहा, अमृत विचार : ब्लॉक जोया क्षेत्र के गांव दरियापुर में ग्राम प्रधान मोहम्मद यूनुस सैफी के आवास पर होली मिलन समारोह हुआ। यहां ग्रामीणों और सुभासपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ फूलों की होली खेली। लोगों से शिकवे गिले भुलाकर धूमधाम से होली मनाने की अपील की। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि होली प्रेम व रंग बिरंगे रंगों का सनातन संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक पावन पर्व है। जिसमें सभी धर्म जाति के लोगों को सब शिकवे गिले भुलाकर रहना सिखाता है।

होली मिलन समारोह आज

हसनपुर, अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव सुरमित कुमार गुप्त ने बताया कि 23 मार्च शनिवार को तहसील प्रांगण में बार एसोसिएशन द्वारा होली मिलन आयोजित होगा। जिसमें कई कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान फूलों की होली खेली जाएगी।

रमजान के दूसरे जुमे पर सजदे में झुके सिर

मस्जिदों में नमाज के बाद देश में अमन और खुशहाली की दुआ की गई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज शहरी और ग्रामीण इलाकों में शांतिपूर्ण ढंग से अदा कराई गई। शहर की जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे।

नमाज से पहले मुफ्ती जकवान ने कहा कि रमजान का महीना रहमत, बरकत व मगफिरत का है। ऐसे में मुसलमान इस महीने की फजीलत को समझें और इससे फायदा हासिल करें। उन्होंने फरमाया कि अगर हम इस महीने के वसीले से भी मगफिरत हासिल नहीं कर पाए तो फिर किस तरह अपनी बख्शीश की उम्मीद करेंगें। तकरीर के पश्चात मुफ्ती जकवान ने जुमे की नमाज अदा कराने के साथ ही मुल्क में अमन चैन, कौम की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ कराई।

शिया जामा मस्जिद में इमाम जुमा वल जमात मौलाना डॉ. मोहम्मद सियादत नकवी ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा शहर की शाही चबूतरा की तख्त सुलेमान वाली मस्जिद, मुहल्ला चिल्ला की मस्जिद, आजाद मार्ग स्थित सुनहरी मस्जिद, बसावन गंज की बड़ी मस्जिद, मुहल्ला मछरट्टा की बख्शुल्ला मस्जिद, अंधेरिया मस्जिद, रोजा पीर शब्बन शाह, दरगाह हजरत शाह विलायत, दरगाह भूरे खां शहीद, बाजार घेर मुनाफ की ऊपर वाली मस्जिद समेत शहर की अन्य मस्जिदों में भी जुमे की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की। नौगांवा सादात, जोया, डिडौली, रजबपुर आदि ग्रामीण इलाकों में भी रमजान माह के दूसरे जुमे को मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां भी नमाज से पहले उलमाओं ने रमजान माह की फजीलत बयां की और मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली व आपसी भाईचारे के लिए दुआ कराई। नमाज के दौरान पुलिस-प्रशासन चौकन्ना रहा।

जामा मस्जिद में नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

रमजान की फजीलत बयान की

नौगांवा सादात, अमृत विचार : कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में जुमे की नमाज पढ़ी गई। प्रशासन ने शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा कराने के लिए पुलिस तैनात कर दी थी। कस्बे की शिया जामा मस्जिद में मौलाना मसरूर ने जुमे की नमाज अदा कराई और नई बस्ती जामा मस्जिद में नमाजियों को मुफ्ती अब्दुल रहमान ने दूसरे जुमे की नमाज अदा कराई। इसके बाद उन्होंने रमजान माह की फजीलत बयान की। उधर, ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई।

गरीबों की करें मदद

बुरावली, अमृत विचार : शुक्रवार को रमजान के दूसरे जुमे पर लोगों ने सुबह से ही नमाज अदा करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी। बुरावली में बिलाल मस्जिद में इमाम मौलाना राजा अली ने नमाज अदा कराई। उन्होंने तकरीर करते हुए कहा कि आज 11वां रोजा है। रमजान का दूसरा आशूरा शुरू हो गया है। यह आशूरा मगफिरत का है। इसी महीने में इबादत कर ज्यादा से ज्यादा गुनाहों से तौबा करनी चाहिए। रमजान में गरीबों की ज्यादा से ज्यादा मदद करें। क्षेत्र में दूसरे जूमे पर जगह-जगह शाम को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन भी किया गया।

मस्जिदों में उमड़ी भीड़

चौधरपुर, अमृत विचार : रमजान के दूसरे जुमे को कस्बे की मस्जिदें रोजेदार नमाजियों की भीड़ से भर गईं। शुक्रवार को नन्हे रोजेदार भी नमाज के लिये उत्साहित नजर आ रहे थे। निर्धारित समय पर मस्जिदों में नमाज अदा की गई। वहीं, जुमे की नमाज से पूर्व उलमा ने मस्जिद में कहा कि रमजान के दिनों में हर जुमे का महत्व होता है। इस अशरे को बरकतों, नेमतों और मगफिरत का अशरा कहा जाता है। अपने गुनाहों से तौबा करने वालों की अल्लाह तौबा कबूल करता है।

नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार

रजमान अल्लाह की नेमतें हासिल करने का महीना : मेहराजुद्दीन

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : रमजान के दूसरे जुमे को नगर की मस्जिदों में रोजेदार नमाजियों की भीड़ रही। शुक्रवार को निर्धारित समय पर अलग-अलग मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान लोगों ने अमन शांति की दुआ मांगी।

नगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद के अलावा, रेतिया मस्जिद, संभलयान मस्जिद, पत्थर वाली मस्जिद, बादल खान वाली मस्जिद आदि में हजारों लोगों ने नमाज अदा की। वहीं जुमे की नमाज से पहले जामा मस्जिद में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शहर इमाम मुफ्ती मेहराजुद्दीन ने कहा कि रमजान के दिनों में हर जुमे का अपना एक अलग महत्व होता है। इस अशरे को बरकतों, नेमतों और मगफिरत का अशरा कहा जाता है। अपने गुनाहों से तौबा करने वालों की अल्लाह तौबा कबूल करते हैं। उन्होंने बताया कि रमजान का महीना मुबारक ही नहीं बल्कि अल्लाह की नेमतों को हासिल करने का महीना है। इसलिए खूब नेकी करें, पड़ोस में रहने वाले लोगों का ध्यान रखें, किसी का दिल न दुखाएं, गरीबों की जितनी मदद रमजान के महीने में की जाए उतनी कम है। जुमे को लेकर मस्जिदों पर पुलिस फोर्स तैनात रही।

शिक्षक विधायक का स्वागत करते सिख समाज के लोग। ● अमृत विचार

चौकी का नाम गुरु गोविंद सिंह के नाम पर रखने पर जताया आभार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : शिक्षक विधायक डॉ. हरी सिंह ढिल्लो द्वारा विधान परिषद में किए गए प्रस्ताव पर टीपी नगर चौराहा व पुलिस चौकी का नाम श्री गुरु गोविंद सिंह के नाम पर करने पर सिख समाज के लोगों ने आभार व्यक्त किया।

शिक्षक विधायक ने कहा कि सिख गुरुओं का इतिहास हमें भारत की गौरवशाली विजय गाथा का स्मरण करता है। यह चौक आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। इस दौरान गुरिन्दर सिंह, इंदरजीत सिंह, गुरचरण सिंह, चरनजीत सिंह, सुरजीत सिंह, जोगिंदर सिंह, जसविंदर सिंह, रविन्द्र सिंह, बिट्टू धंजल, प्रीतम सिंह, उधम सिंह, डिम्पल सिंह, चुनमुन, जसमीत सिंह रहे।

जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने नौगांवा सादात के फरीदी मेमोरियल इंटर कॉलेज, माध्यमिक विद्यालय दिलाना और इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल में जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने मतदान केंद्र पर पानी की व्यवस्था, शौचालय दिव्यांगजनों के लिए रैंप, रसोई आदि मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। कहा कि जो भी कमी रह गई है उसे समय से पूरा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक बूथ पर रसोई की व्यवस्था और वहां एक रसोइये की तैनाती हो। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों की बूथ पर ही खाने-पीने की व्यवस्था की जाए। उनके साथ उप जिलाधिकारी नौगांवा सादात, क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे।

भाजपा ने हर वर्ग को सम्मान दिया : कंवर

संवाददाता गजरौला

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चे के सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अमरोहा लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग, हर व्यक्ति को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने अमरोहा सीट से उन्हें जिताने और देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया।

शुक्रवार को नगर के फॉर्म हाउस में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर ने कहा कि भाजपा सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करती, बल्कि सबका साथ, सबका विश्वास की नीति पर काम करते हुए केन्द्र में 10 और यूपी में सात वर्ष से भाजपा का शासन शानदार तरीके से चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की साख वैश्विक स्तर पर बढ़ी है। सरकार अंत्योदय तक विकास कराने का काम कर रही है। सम्मेलन में धनौरा विधायक राजीव तरारा ने कहा कि लोकसभा चुनावों में पार्टी प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर को भारी मतों से चुनाव जिताकर संसद में भेजना है। कहा कि इस बार 400 पार का नारा हम सबको बुलंद करना है। सम्मेलन को भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष चौधरी विरेन्द्र सिंह, कार्यक्रम संयोजक अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह जाटव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पति हेम सिंह आर्य, जिला पंचायत सदस्य शीशराम सिंह, पवनीत दिवाकर आदि रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर। ● अमृत विचार

- भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा का सम्मेलन
- पार्टी विधायक ने 400 पार का नारा बुलंद करने की बात कही

पेड़ से लटका मिला चौकीदार का शव

गजरौला, अमृत विचार : आईटीआई में तैनात चौकीदार का शव गुरुवार रात परिसर में पेड़ से लटका मिला।

गांव तिगरी निवासी 55 वर्षीय सुरेश जाटव गांव शाहपुर उर्फ साहबपुर के पास आईटीआई में चौकीदार था। गुरुवार शाम बेटी व दामाद उससे मिलने आईटीआई पहुंचे थे। रात में सुरेश ने बेटी को फोन किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। वहीं रात 11:30 बजे जब बेटी ने सुरेश को फोन किया तो कॉल रिसीव होने के बाद भी बात नहीं हो सकी। आशंका है कि इसी दौरान सुरेश ने पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। वहीं कॉल रिसीव नहीं होने पर परिजन मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक सुरेश की मौत हो चुकी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले चौकीदार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अधिवक्ताओं ने कचहरी में गुलाल लगाकर मनाई होली

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जनपद न्यायालय के अधिवक्ताओं ने होली के अवकाश से पहले शुक्रवार को साथियों के साथ गुलाल लगाकर होली मनाई और शुभकामनाएं दीं।

शुक्रवार को कचहरी के अधिवक्ताओं ने कामकाज निपटाकर होली के अवकाश से पहले एक दूसरे के गुलाल लगाकर होली मनाई। बता दें कि राजीव कुमार गोले के चेंबर से होली मनानी शुरू की गई। जिसमें सर्वप्रथम मनु शर्मा ने सभी साथी अधिवक्ताओं को गुलाल लगाकर होली खेली और शुभकामनाएं दीं। इसके उपरांत सभी अधिवक्ता एकत्र हुए और प्रत्येक चेंबर पर जाकर साथियों को गुलाल लगाकर होली खेलकर शुभकामनाएं दी। अधिवक्ताओं ने कहा कि होली भाईचारे का त्योहार है। इस अवसर पर राजीव कुमार गोले, मनु शर्मा, चंद्रगुप्त मौर्य, राहुल महेश्वरी, राजीव सैनी, डॉ. नीलम, मुकिते सरवर, रोहित चौधरी, श्रवण सैनी, देवेंद्र सिंह, वीर सिंह सैनी, ईश्वर सिंह बॉबी, खुसरो नदीम आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

अमरोहा में होली खेलने के दौरान एकत्र अधिवक्ता। ● अमृत विचार

होली मिलन समारोह में मौजूद लॉयंस क्लब धनौरा परिवर्तन की सदस्य।

- अधिवक्ताओं के चेंबरों में खेली होली और शुभकामनाएं दीं
- अधिवक्ताओं ने होली को बताया भाईचारे का त्योहार

होली खुशियों और आपसी भाईचारे का पर्व : एकता त्यागी

मंडी धनौरा, अमृत विचार : लॉयंस क्लब धनौरा परिवर्तन की सदस्यों ने होली मनाई। एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान सदस्यों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। शुक्रवार को नगर के एक रिसोर्ट में लॉयंस क्लब धनौरा परिवर्तन की सदस्यों ने होली का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रमों ने मन मोह लिया। क्लब की सदस्यों ने रंग, गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में सदस्यों ने मनोरंजक गेम भी खेले और नृत्य किया। लॉयंस क्लब की अध्यक्षा एकता त्यागी ने कहा कि होली का त्योहार खुशियों और आपसी प्यार, भाईचारे का पर्व है। होली पर पुराने गिले शिकवे दूर करके आपस में गले मिलना चाहिए। एकता त्यागी, सुधा शर्मा, कुसुम अग्रवाल, सिम्मी अग्रवाल, मृदुला शर्मा, कल्पना शर्मा, रूपम रस्तोगी, बीना अग्रवाल, सरिता सिंह, प्रियंका त्यागी, मीरा वर्मा, रेनू अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

अवैध शराब की बिक्री पर आबकारी विभाग की नजर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि होली और लोकसभा चुनाव में शराब की तस्करी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

शुक्रवार को अभियान के बारे में बताते हुए जिला आबकारी अधिकारी ने कहा कि होली को देखते हुए शराब तस्करों पर कड़ी नजर रखने के लिए टीम गठित कर दी गई है। जिले के सभी क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाकर अवैध शराब का कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई कर रहे हैं। आबकारी आयुक्त आरके शर्मा ने गुरुवार की रात जिले के हसनपुर क्षेत्र में स्थित हाई रैंक शुगर इंडस्ट्रीज बिजनौर का औचक निरीक्षण किया। मिल द्वारा तैयार की राव की जांच की एवं सप्लाई की गई राव के बारे में भी मिल प्रबंधन से जानकारी ली। जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र पांडे ने बताया कि शुक्रवार को भी हसनपुर, गजरौला क्षेत्र में अवैध शराब को लेकर कई जगह छापेमारी की गई।

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं का धरना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : आम आदमी पार्टी प्रमुख व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आप कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क गया। उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंच कर इसे लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा कार्यकर्ता भी उनके साथ रहे।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे आम आदमी पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष मोहम्मद हैदर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि गुरुवार का दिन देश की राजनीतिक इतिहास का सबसे काला दिन था। आरोप लगाया कि जब से इंडिया गठबंधन बना है तभी से प्रधानमंत्री मोदी को अपनी हार का अंदाजा हो गया है। कहा कि इसी घबराहट के चलते इंडिया गठबंधन के नेताओं को ईडी और सीबीआई के जरिए गिरफ्तार कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के राजनीतिक कद और उनके काम को जेल में कैद नहीं किया जा सकता। उनके साथ पहुंचे सपा जिला अध्यक्ष मस्तराम यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी भाजपा के खिलाफ संघर्ष कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर उनके नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। इस दौरान मोहम्मद आमिर, राहुल शर्मा, शहिद, हरीश, नफीस आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

RAVI CHILDREN'S ACADEMY
Situation Vacant
Apply offline for the following posts....

S.No	Post	Qualification
1	Principal	Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy
2	Sport Teacher/ P.T.I	M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level
3	Hindi/ Sanskrit (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya (Sanskrit), C.T.E.T
4	Geography (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T
5	History (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T
6	Primary Teacher (Play Group)	Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed.
7	Lab. Asst.	B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology)
8	Office Asst. (Computer Operator)	B.Com with O- Level, Tally, Erp (Preference to Female Candidate)
9	Receptionist	Female (graduation with good communication skill in English)
10	Aaya	High School with interest in child care

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)

हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?

इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

एक नजर

किसानों से महापंचायत में पहुंचने का आह्वान

संभल अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन शंकर की बैठक गांव फतेहपुर भाऊ में भड़वाड़ा चौराहा पर स्थित चौधरी सुरेन्द्र सिंह के आवास पर हुई। जिसमें युवा जिलाध्यक्ष कामेंद्र सिंह ने 13 अप्रैल को अतरासी पुल अमरोहा में होने वाले किसान महापंचायत में किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। इस दौरान मिंकू चौधरी, कुलदीप शर्मा, महीपाल चौधरी, सेवक सैनी आदि रहे।

गुरुद्वारा में आज सजेगा कीर्तन दरबार

संभल अमृत विचार : गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में शनिवार को शाम 7 बजे से 9 बजे तक होले महल्ले (होली) को समर्पित कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। जिसमें तरनवीर सिंह, रब्बी और उनके साथी रहेंगे। गुरुवाणी कथा विचार कीर्तन कर संगतों को निहाल करेंगे। महिला सुखमनी सोसाइटी भी कीर्तन दरबार में हाजिरी लगाएगी। दीवान समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर होगा।

कैला देवी में आज होगा 21 कुंडीय महायज्ञ

संभल/सौंधन अमृत विचार : महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के मौके पर भूड़ क्षेत्र के कैला देवी में शनिवार को 21 कुंडीय महायज्ञ होगा। कैला देवी चौराहा के पास शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आदर्श आर्य युवा क्रांतिकारी टीम द्वारा महायज्ञ कराया जाएगा। जिसमे क्षेत्र के लोग हिस्सा लेंगे। देश, धर्म, संस्कृति पर शहीद होने वाले क्रांतिकारियों को का स्मरण किया जाएगा। बच्चों द्वारा शहीद सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव पर आधारित सुंदर अभिनय प्रस्तुत किया जाएगा।

दो बाइकों की भिड़ंत में एक व्यक्ति घायल

संभल, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनैटा निवासी खलीक शुक्रवार को नखासा थाना क्षेत्र के गांव पीपली रहमापुर की मिलक में स्थित अपनी रिश्तेदारी से बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था। खलीक बाइक लेकर जैसे ही हिसामपुर संभल मार्ग पर गांव मिलक चौराहे के पास पहुंचा। सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे खलीक गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और भागने की कोशिश कर रहे दोनों बाइक सवारों को पकड़ लिया। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

नमाज में कौम व देश की खुशहाली की मांगी दुआ

चन्दौसी, अमृत विचार: रमजान के दूसरे जुमे पर भी मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस बल मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में गश्त करता रहा। नमाज में रोजेदारों ने देश व कौम की तरक्की की दुआ मांगी। नमाज पढ़ने वाले नमाजियों की मस्जिदों में काफी भीड़भाड़ रही।

शुक्रवार को रमजान का दूसरा जुमा था। शहर की बड़ी मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, मोती मस्जिद, जामा मस्जिद सहित हर मस्जिद में नमाजियों ने पहुंच जुमे की नमाज अदा की। जिसमें कौम व देश की खुशहाली की दुआ मांगी गई। वहीं पुलिस भी जुमे को लेकर अलर्ट रही।

सुबह से ही पुलिस कर्मी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में गश्त करते रहे। दोपहर डेढ़ बजे सीओ प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह पुलिस बल के साथ जारई गेट स्थित बड़ी मस्जिद पर पहुंच गए।

रमजान माह के दूसरे जुमे को मस्जिदों में पहुंचे लोग, पुलिस बल रहा मुस्तैद

जुमे की नमाज अदा कर मांगी तरक्की की दुआ

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : रमजान महीने में दूसरे जुमे को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में नमाज अदा की। लोगों ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। संभल की जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग नमाज के लिए पहुंचे। इस बीच सुरक्षा के मद्देनजर मस्जिदों के आसपास पुलिस बल मुस्तैद रहा।

मुकद्दस रमजान महीने में लोग अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। इस बीच शुक्रवार को दूसरे जुमे की नमाज अदा करने के लिए लोगों में उत्साह का माहौल नजर आया। सुबह से ही लोगों ने नमाज को लेकर तैयारी की। जैसे ही वक्त हुआ तो लोगों ने मस्जिदों का रुख कर लिया। शहर, कस्बा और देहात क्षेत्र की मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। संभल की जामा मस्जिद भी लोगों से खचाखच भरी नजर आई। लोगों ने जुमे की नमाज अदा करते हुए मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। संभल के अलावा सिरसी, असमोली, सरायतरीन, हयातनगर, सौंधन, पंवासा, बहजोई, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र की मस्जिदों में लोगों ने जुमे की नमाज अदा करते हुए दुआ मांगी। सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। मस्जिदों के आसपास पुलिस के साथ एसएसबी के जवान भी तैनात रहे। अधिकारियों ने हर गतिविधि पर नजर रखी।

संभल की जामा मस्जिद में नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार

अवैध शस्त्र बनाते दो लोग गिरफ्तार

एक राइफल, बंदूक व पांच तमंचे बरामद, खंडहरनुमा घर में बनाए जा रहे थे हथियार

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: सदर कोतवाली पुलिस ने बंद पड़े मकान में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मौके से बंदूक, राइफल सहित आधा दर्जन ने ज्यादा बने, कुछ अधबने हथियार व हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्रीश्चंद्र ने बताया कि सदर कोतवाल पवन कुमार को क्षेत्र में फरमान के बंद पड़े मैंथा प्लांट के पास खंडहरनुमा घर में अवैध शस्त्र फैक्ट्री के संचालन की जानकारी मिली थी। गुरुवार की देर रात पुलिस टीम मकान की घेराबंदी कर अंदर दाखिल हुई तो दो लोग हथियार बनाते मिले। सीओ अनुज कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस ने मौके से मोहल्ला सैफ खां सराय निवासी दिलनवाज और मोहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी अख्तर को गिरफ्तार कर लिया।

मामले की जानकारी देते एएसपी श्रीश्चंद्र व सीओ अनुज चौधरी, गिरफ्त में आरोपी और बरामद हथियार। ● अमृत विचार

- कई अधबने हथियार व उपकरण भी किये गये बरामद
- गिरफ्तार अख्तर व दिलनवाज से पूछताछ की जा रही

कमरे की तलाशी लेने पर एक राइफल, एक बंदूक, पांच तमंचे बने हुए और तीन तमंचे अधबने मिले। इसके साथ ही अवैध हथियार बनाने के उपकरण पुलिस ने बरामद किए।

सीओ ने बताया कि अख्तर व दिलनवाज से पूछताछ की जा रही है। जिससे यह पता चल सके कि इस मामले में और कितने लोग शामिल हैं। कोतवाली व असमोली थाने में दिलनवाज के खिलाफ गैंगस्टर सहित आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। जबकि अख्तर के खिलाफ कोतवाली में आर्म्स एक्ट का एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर अख्तर व दिलनवाज का चालान कर दिया।

शस्त्र विक्रेता की तलाश में संभल पहुंची दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम

संभल, अमृत विचार : दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम शुक्रवार को अपने साथ लेकर आई एक व्यक्ति का जिला अस्पताल में उपचार करा रही थी। पूछताछ करने पर क्राइम ब्रांच की टीम ने बताया कि व्यक्ति दिल्ली निवासी है। जिसके भागते समय गिरकर सिर में चोट लगी है। व्यक्ति ने संभल निवासी किसी व्यक्ति से अवैध रूप से हथियार खरीदे थे। इसी बारे में संभल निवासी व्यक्ति पूछताछ करने के लिए दिल्ली निवासी व्यक्ति को अपने साथ लेकर संभल आए हैं। उपचार कराने के बाद दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम व्यक्ति को साथ लेकर वापस चली गई, लेकिन यह पता नहीं लग सका अवैध हथियार बेचने वाला व्यक्ति कौन है और कहां रहता है।

बदमाश का एक और शरणदाता गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार: पुलिस हिरासत के दौरान जिला अस्पताल से फरार हुए मुठभेड़ में घायल बदमाश को शरण देने में हयातनगर थाना पुलिस ने सरायतरीन निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव चौपापुर शोभापुर में ग्रामीण के घर लूटपाट के करने में फरार चल रहा आरोपी गांव पाठकपुर नि वासी चांद बाबू को पुलिस ने रविवार की तड़के मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। मुठभेड़ में घायल होने के बाद उपचार के दौरान जिला अस्पताल से चांद बाबू पुलिस कस्टडी से भाग गया था। फरार चांद बाबू सरायतरीन के मोहल्ला कोटला निवासी इकरार के घर पहुंचा था। चांद बाबू की मदद करने में इकरार फरार चल रहा था। जबकि इस मामले में पुलिस ने चांद बाबू के भागने के अगले दिन बुधवार को इकरार की पत्नी नाजमीन, मझले भाई इकराम की पत्नी साइन और छोटे भाई इमरान को गिरफ्तार कर लिया था। आरोप है कि इकरार ने ही आरोपी चांद बाबू के हाथों में लगी हथकड़ी खुलवाई थी। शुक्रवार को थाना पुलिस ने इकरार को भी गिरफ्तार कर लिया।

सार-संक्षेप

नमाज अदा कर जकात का फर्ज भी करें पूरा

सरायतरीन, अमृत विचार : रमजान माह के दूसरे जुमे को सरायतरीन की जामा मस्जिद में रोजेदारों ने नमाज अदा कर मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ की। मुफ्ती मुहम्मद रियाज़ उल हक कासमी ने ज़कात और दूसरे अशरे की अहमियत व फ़ज़ीलत बताई। कहा कि कुरान में नमाज़ के बाद ज़कात अदा करने का हुक्म है। ज़कात हर उस बालिग मुस्लिम पर फर्ज है जिसके पास साढ़े 52 तोला चांदी या साढ़े 7 तोला सोना या चांदी की कीमत का सामान या रूपया नकद मौजूद हो। ज़कात अदा करने से माल पाक हो जाता है। गुनाहों से भी पाकी होती है। गरीबों से हमदर्दी होती है। अल्लाह ने हमारे माल व दौलत में जरूरतमंद लोगों के लिए जो हिस्सा मुक़र्रर किया है, उस जकात पर उन सबका हक़ है, जिन्हें इसकी जरूरत है।

कार सवार दंपती को पीटा, चार लोग नामजद

बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार : थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बहोरनपुर निवासी रूकमणी पत्नी राजकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने 10 वर्ष पूर्व राजकुमार से प्रेम विवाह किया था। गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने पति के साथ कार से थाना बनियाठेर के गांव कलीजपुर जा रही थी। जैसे ही गांव खेड़ा खास तिराहे पर पहुंची। वहां पहले से मौजूद मायके वालों ने कार रोक ली ओर उसके व उसके पति के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। इतना ही नहीं हॉकी से कार के शीशे तोड़ दिए। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जवाहर, उसके बेटे मचल सिंह, मजीत, मिथुन निवासी गण गांव खेड़ा खास थाना बनियाठेर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रैली निकालकर जल संरक्षण का दिया संदेश

बबराला, अमृत विचार : गायत्री परिवार ट्रस्ट, गायत्री शक्ति पीठ की ओर से विश्व जल दिवस के मौके पर रैली निकाल कर जल संरक्षण का संदेश दिया। भागीरथी मार्ग स्थित गायत्री शक्ति पीठ में विश्व जल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। पूर्व प्राचार्य गंगाराम यादव ने कहा कि जल संरक्षण की मुहिम चला कर लोगों को पानी बचाने के लिए प्रेरित करना जरूरी है। पानी की एक-एक बूंद की कीमत है। गायत्री परिजनों ने हाथों में जल संरक्षण संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर रैली निकाली।

बजरी पर चढ़कर गिरी बाइक, ग्रामीण घायल

असमोली अमृत विचार : ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव गौजनी निवासी यशवीर शुक्रवार को भाई सोमपाल सिंह को मनोटा पुल पर छोड़ने के बाद बाइक से लौटने लगा। मनोटा-सैदनगली मार्ग पर गांव दबोई खुर्द में नाला निर्माण के लिए सड़क पर पड़ी बजरी पर बाइक चढ़ गई। बाइक गिरने पर यशवीर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन मौके पर पहुंचे। घायल यशवीर को एंबुलेंस से सीएचसी असमोली ले गए। डॉक्टर ने उपचार करते हुए यशवीर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

खाद्य पदार्थों की खरीदारी ने पकड़ा जोर, बाजार गुलजार

संभल/ गवां, अमृत विचार : होली को लेकर जिलेभर के बाजारों में खाद्य पदार्थों और रंग, गुलाल, पिचकारी आदि की खरीदारी ने तेजी पकड़ ली है। आलम यह है कि देर रात तक बाजारों में खरीदारी का सिलसिला चल रहा है। दुकानदारों को फुर्सत नहीं मिल रही है। 24 मार्च को होली का त्योहार है जबकि 25 मार्च को दुल्हेंडी होगी। शुक्रवार को संभल में पुरानी तहसील रोड पर लगी दुकानों पर भीड़ नजर आई। आगे बढ़ने पर किराना की दुकानों पर लोगों ने गुझिया तैयार करने के लिए मावा, मैदा, सूजी, मेवा, चीनी के अलावा बेसन और तमाम खाद्य पदार्थों की खरीदारी की। तैयार गुजिया और मिठाई की खरीदारी भी होती रही। बाजार में देर रात तक लोगों की भीड़ नजर आई। बाजार में भीड़ उमड़ने के मद्देनजर पुलिस भी मुस्तैद रही। संभल के अलावा सरायतरीन, हयातनगर, सिरसी, असमोली, सौंधन, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा, गवां के बाजारों में भी जमकर खरीदारी हुई।

गांव में जनसंपर्क करते भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी। ● अमृत विचार

भाजपा प्रत्याशी ने गांवों में जनसंपर्क कर मांगे वोट

संभल/ओबरी अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में संभल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी व भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने असमोली क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने गांव भैंसोड़ा, नगला नीडर, सेवापुर पदारथपुर, खेमपुर, सैंधरी, डोंढी, बुकनाला, हरथला, सिसौटा, बैटला में घर-घर जाकर संपर्क करते हुए वोट मांगे। महिलाओं और पुरुषों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। बुजुर्ग मतदाताओं का आशीर्वाद लिया और उनकी परेशानी के बारे में जानकारी ली।

कांग्रेस ने बुलंद की भाजपा सरकार के खिलाफ आवाज

संभल, अमृत विचार : जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में इलेक्टोरल बॉन्ड एवं भाजपा द्वारा कांग्रेस के खाते सीज किए जाने के विरोध में नारी न्याय यात्रा निकालकर भाजपा सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। कांग्रेस के आलम सराय में स्थित कार्यालय पर प्रेसवार्ता में महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष साध्वी भारती त्यागी, प्रदेश उपाध्यक्ष अंजलि शर्मा, जिलाध्यक्ष कल्पना सिंह रहीं। कहा गया कि भाजपा सरकार इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिये भारत की बड़ी-बड़ी कंपनियों उद्योगपतियों से ईडी एवं सीबीआई का डर दिखा कर चंदा घोटाला कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष साध्वी भारती त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारतीय महिलाओं के साथ घटित हो रही घटनाएं तथा उन पर किए जा रहे अत्याचार दिखाई नहीं देते। इसके बाद महिलाओं से संपर्क करते हुए कांग्रेस के घोषणा पत्र की प्रतियां बांटीं।

तेंदुए देखने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

संभल, अमृत विचार : शुक्रवार को सोशल मीडिया पर हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन का बताते हुए सीसीटीवी कैमरे की वीडियो में कैद तीन तेंदुए दिखाई देने का वीडियो जमकर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में तीन तेंदुओं को एक साथ देखकर लोग दंग रह गए। क्योंकि 22 फरवरी को हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव ग्रामीण के घर में तेंदुआ घुस आया था। जिसे वन विभाग की टीम व पुलिस ने पकड़ लिया था। इसके बाद हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव तिमनपुर के ग्रामीणों ने जंगल में जंगली जानवर देखा था। वीडियो देखकर लोग सहम गए। हालांकि जांच पड़ताल में पता चला कि वायरल वीडियो सरायतरीन का ना होकर कहीं ओर का है।

विभोर कुमार बंसल अध्यक्ष एवं हरप्रीत सिंह सचिव बने

चन्दौसी, अमृत विचार : टैक्स बार एसोसिएशन चन्दौसी की एक बैठक शुक्रवार की शाम बार रूम राज्यकर कार्यालय स्टेशन रोड पर हुई। जिसमें वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी के गठन को लेकर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए विभोर कुमार बंसल एडवोकेट एवं सचिव पद के लिए हरप्रीत सिंह एडवोकेट को चुना गया।

विभोर हरप्रीत सिंह।

कक्षा पांच तक के टॉपर्स बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित हुए

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि नगर पंचायत गवां के पूर्व चेयरमैन अखिलेश अग्रवाल ने प्ले से कक्षा पांच तक के टॉपर्स तृषा, चिराग, अंजलि, ऋषभ, दुष्यंत, गौरेश और टिया को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया।

विद्याकुंज स्कूल सभागार में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर हुआ। मुख्य अतिथि अखिलेश अग्रवाल ने बच्चों को परीक्षाफल के साथ पुरस्कार भी प्रदान किए। कार्यक्रम में बच्चों ने ईश वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय निदेशक अतुल गोयल ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन मुजफ्फरअली कक्के, भाजपा नेता प्रशांत अग्रवाल, डिंपल वार्ष्णेय, गार्गी गोयल, सोनल शर्मा, नव्या गुप्ता, स्वेता सिंह, खदीजा, निशु शर्मा, स्वेता वार्ष्णेय, वैष्णवी गोयल, पायल देवनाथ, रीता, रूचि, आकाश, निकुंज, वैष्णवी सक्सेना और शिवानी आदि मौजूद रहे।

टॉपर बच्चे को सम्मानित करते अतिथि अखिलेश अग्रवाल। ● अमृत विचार

आचार संहिता के उल्लंघन की सतर्क निगरानी करें टीमें

बहजोई, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर व्यय अनुवीक्षण के तहत नियुक्त टीमों के प्रशिक्षण में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। वहीं चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन पर सतर्क निगरानी रखने को कहा।

कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रशिक्षण में वीडियो, स्टेटिक, वीडियो व्यूइंग टीम, सहायक व्यय परीक्षक, एसएसटी टीम को प्रशिक्षण दिया गया। । टीमों को छाया प्रेक्षण रजिस्टर, विभिन्न प्रारूपों, आदर्श आचार संहिता के बारे में जानकारी दी गई। एडीएम प्रदीप वर्मा ने एफएसटी टीमों को क्या कार्य करने हैं क्या नहीं करने हैं उसके विषय में जानकारी दी। डीएम ने नामित टीम के सदस्यों से उनके कार्यों के विषय में जानकारी प्राप्त की। वीडियो निगरानी टीम को संक्षिप्त जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें कई प्रकार के कार्यों की वीडियोग्राफी करनी होगी।

आपसी भाईचारे के साथ मनाएं होली व ईद का पर्व

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: सदर कोतवाली परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीएम विनय मिश्रा व सीओ अनुज कुमार चौधरी ने दोनों समुदाय के लोगों से होली व ईद आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। कहा कि किसी ने नई परम्परा से माहौल खराब करने का प्रयास किया तो सख्त कार्रवाई होगी।

कोतवाली परिसर में शुक्रवार को एसडीएम विनय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम व सीओ ने कहा कि एक दूसरे से गले मिलकर होली व ईद पर लोग एक दूसरे से दुश्मनी को खत्म कर देते हैं। इसलिए दोनों समुदाय के लोगों अपने अपने त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। इस दौरान कमल कांत तिवारी, करन सिंह, गुलजार अंसारी, दानिश अली, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद फुरकान, महावीर सिंह, मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद असलम, अनवर, अजीत सैनी आदि रहे।

गिले शिकवे दूर कर सौहार्द से मनाएं होली

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संभल इकाई रजपुरा की ओर से प्राथमिक विद्यालय गवां नवीन में होली मिलन समारोह हुआ। जिसमें शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। होली के गीत की प्रस्तुति भी दी गई। समारोह में संयोजक गौरव यादव ने खंड शिक्षा अधिकारी मुंशीलाल पटेल का स्वागत किया। ब्लाक क्षेत्र के शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को गुलाल लगाकर और उनसे गले मिलकर होली की बधाई दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने भी शिक्षकों को गुलाल लगाया।

बंद मिली दुकान, नहीं बांटा जा रहा था राशन

असमोली अमृत विचार : विकासखंड असमोली क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर में पूर्ति निरीक्षक को राशन की दुकान बंद मिली। राशन के गोदाम पर ताला लगाते हुए कोटेदार से स्पष्टीकरण मांगा गया। पूर्ति निरीक्षक अंकित अवस्थी, पूर्ति निरीक्षक योगेश शुक्ला शुक्रवार को ग्राम पंचायत रामनगर में कोटेदार देवराज सिंह की दुकान पर पहुंचे। दुकान बंद मिली और राशन वितरण नहीं हो रहा था। इस मामले में राशन के गोदाम पर ताला लगाते हुए राशन डीलर से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

समस्या को लेकर सीओ कार्यालय पर किया आमरण अनशन

संभल अमृत विचार : समाज हित संरक्षण समिति के अध्यक्ष महंत भगवानदास शर्मा ने थाना प्रभारी सिंभावली की कार्यप्रणाली को लेकर पुलिस उपाधीक्षक गढ़मुक्तेश्वर कार्यालय पर आमरण अनशन शुरू किया। जानकारी मिलने पर करीब एक घंटे बाद पुलिस उपाधीक्षक मौके पर पहुंचे। उन्होंने समस्या का समाधान कराते हुए महंत भगवानदास शर्मा को जूस पिलाकर आमरण अनशन समाप्त कराया।

कलंकित रिश्ते: पिता ने बेटी को वेश्यावृत्ति में धकेला

कार्यालय संवाददाता, संभल/ बहजोई

अमृत विचार: कलयुगी पिता ने 17 साल की नाबालिग बेटी को 50 हजार में बेचकर वेश्यावृति के दलदल में धकेल दिया। दिल्ली के जीबी रोड पर कई माह तक उसका शरीर नोचा जाता रहा। फुफेरे भाई से मदद की गुहार लगाई तो उसने जीबी रोड से निकालकर दूसरी जगह बेच दी। इस दौरान नाबालिग गर्भवती भी हो गई। पांच माह बाद किसी तरह वेश्यावृत्ति के दलदल से निकलकर भागी तो मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर बेहोश पड़ी मिली। किशोरी अब संभल की बाल कल्याण समिति के संरक्षण में है। पिता व भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।

जनपद वन स्टाप सेंटर में रह रही किशोरी की कहानी बेहद दर्द भरी है। नखासा थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली 17 साल की नाबालिग किशोरी के साथ पिता ने जो किया उसे याद करके किशोरी कांपने लगती है। पीड़ित किशोरी का कहना है कि पांच माह पहले पिता ने उसे दिल्ली ले जाकर 50 हजार रुपये में बेच दिया तो उसे जीबी रोड पर ले जाकर पर वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेल दिया गया। दिल्ली में उसकी मुलाकात वहां रहकर नौकरी करने वाले फुफेरे भाई से हुई तो अपनी कहानी बताकर उसने भाई से मदद मांगी। फुफेरे भाई ने किशोरी को वहां से तो निकाल दिया लेकिन ले जाकर दूसरी जगह बेच दिया। वहां पर किशोरी गर्भवती हो गई। 20 मार्च को किशोरी किसी तरह दलदल से निकलकर भाग निकली। उसने दिल्ली के रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ी और मुरादाबाद पहुंच गई। 21 मार्च की सुबह मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को किशोरी बेहोश हालत में मिली। बताया गया कि गर्भपात की गोली खिलाने की वजह से किशोरी की हालत बिगड़ी थी। हालत गंभीर में उसे जिला अस्पताल मुरादाबाद में भर्ती कराया गया।

फुफेरे भाई ने पहले खुद बनाये संबंध फिर दूसरों को सौंपा

पहले जहां पिता ने बाप बेटी के पवित्र रिश्ते को शर्मसार कर किशोरी को दिल्ली में ले जाकर बेच दिया वहीं बाद में फुफेरे भाई ने किशोरी के भरोसे को तोड़कर भाई बहन के रिश्ते की पवित्रता तार-तार कर दी। किशोरी की कहानी बेहद दर्द भरी है। साल भर पहले पिता ने उसकी शादी की तो पति ने दूसरों के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाया। पति को छोड़कर पिता के घर आई तो वह हुआ जिसकी कल्पना उसने नहीं की थी। स्कूल में दाखिला दिलाने की बात कहकर पिता दिल्ली लेकर गया था। पिता उसे एक जगह छोड़कर बाहर निकला तभी समझ में आ गया कि पिता उसे बेच गया और अब वह देह व्यापार का धंधा करने वाले दरिंदों के बीच है। जीबी रोड पर वेश्यावृत्ति के दलदल से निकलने के लिए फुफेरे भाई से मदद मांगी तो उसने वहां से निकाल तो लिया लेकिन पहले उसके साथ खुद शारीरिक संबंध बनाए और फिर इसी काम के लिए दूसरों को बेच दिया।

> बाल कल्याण समिति की ओर से शिकायत मिली है। इस संबंध में आरोपी पिता के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। इस संबंध में जो भी लोग दोषी होंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- दीपक तिवारी, सीओ, बहजोई**

बाल कल्याण समिति ने दिया किशोरी को सहारा

बहजोई। जिला अस्पताल में इलाज के बाद पुलिस ने उसे बाल कल्याण समिति मुरादाबाद को सौंपा। जहां कार्य करने वाली गैर लाभकारी संस्था फ्रीडम फर्म की संचालिका अंजना ने 22 मार्च की शाम को किशोरी को संभल की बाल कल्याण समिति को सौंप दिया। समिति के सदस्य गौरव गुप्ता ने बताया कि किशोरी की काउंसलिंग की गई तो उसने बताया कि पांच महीने पहले उसे दिल्ली में ले जाकर उसके पिता ने बेचा था। जहां उससे वेश्यावृत्ति कराई गई। संबंध में बहजोई में संचालित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थाने में रिपोर्ट की गई है। पिता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

रोडवेज बस अड्डे पर होली मिलन समारोह आज

संभल अमृत विचार : भारतीय मजदूर संघ की ओर से रोडवेज बस अड्डा पर होली मिलन समारोह शनिवार को शाम चार बजे होगा। जिसमें रोडवेज बसों के चालक और परिचालक शामिल रहेंगे। यह जानकारी संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सौरभ शर्मा ने दी।

एक नजर

नशे की हालत में घर में घुस कर मारपीट

बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार : थाना बनियाठेर के गांव नेहटा निवासी राज मोहम्मद पुत्र अब्दुल बुदा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका 12 वर्षीय बेटा जमील छत पर था। उसी समय रिश्ते का भतीजा हसमुद्दीन शराब के नशे में घर में आ गए और उसके पुत्र जमील व पुत्रवधु रूकसाना पत्नी इरफान को गाली देने लगा। गाली देने से मना किया तो बेटे व पुत्र वधु के साथ लात घूसों व डंडों से मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हसमुद्दीन निवासी गांव नेहटा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बहला फुसला कर लड़की को ले गया युवक

बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार : थाना बनियाठेर के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बाहर रह कर मजदूरी करता है। बच्चे गांव में ही रहते हैं। 20 मार्च दिन बुधवार की शाम उसकी बेटी शौच के लिए जंगल गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद भी बेटी का कोई सुराग नहीं लग सका। पता चला कि कोतवाली चन्दौसी क्षेत्र के गांव तारापुर का एक युवक उसकी बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया है। कार्रवाई कर उसकी बेटी को तलाश किया जाए।

घर में घुस कर महिला से मारपीट, घायल

बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार : थाना बनियाठेर के गांव मंगलपुर निवासी पूनम पत्नी लाखन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे वह घर में घरेलू कार्य कर रही थी। उसी समय गांव का एक व्यक्ति शराब के नशे की हालत में घर में घुस आया और बेवजह गाली देने लगा। उसने गाली देने से मना किया तो व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में वह घायल हो गई। महिला ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

बिजली का खंभा हटवाने की मांग की

असमोली, अमृत विचार : ब्लाक क्षेत्र के गांव सतूपुरा निवासी ग्रामीणों के घरों में बिजली की आपूर्ति करने वाले पुराने केबिल को पोल से हटाकर नया केबिल लगाया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष अंकित त्यागी ने शुक्रवार को बताया कि गांव में रास्ते के किनारे पर पुराना लोहे का बिजली का खंभा लगा हुआ है।

होली आपसी भाईचारे का प्रतीक, गिले शिकवे दूर कर मिल जुलकर मनाएं त्योहार

बच्चों व शिक्षकों ने खेली गुलाल और फूलों की होली

संवाददाता,असमोली

अमृत विचार : असमोली के रुकमणी देवी सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों और शिक्षकों ने फूलों की होली खेली।

शुक्रवार को स्कूल में होली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बच्चों, शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पुष्प वर्षा करते हुए होली उत्सव मनाया।

प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि होली आपसी भाईचारे का प्रतीक है। आपसी गिले शिकवे दूर कर पर्व को मनाना चाहिए। इस दौरान शिक्षक राजेश, भारत सिंह, डेविड कुमार, अमरपाल, रूबी, काजल, ज्योति, नीरज, आरती, अंजू, दीपक, रजनीश आदि रहे।

स्कूल में होली उत्सव मनाते शिक्षक व बच्चे। ● अमृत विचार

होली महोत्सव मनातीं वूमेन पावर की पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

- शिक्षकों ने एक दूसरे को होली की बधाई दी
- सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में होली उत्सव

वहीं एकेडमी ऑफ मॉडर्न लर्निंग स्कूल में भी होली उत्सव मनाया गया। शिक्षकों ने एक दूसरे को होली की बधाई दी।

महिलाओं ने खेली होली, उड़ाए अबीर गुलाल

चन्दौसी, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप वूमेन पावर ने गुमथल रोड स्थित स्वीमिंग पूल फार्म हाउस पर होली महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। ग्रुप की सदस्यों द्वारा जरूरतमंद बच्चों को पिचकारी, गुब्बारे, गुलाल एवं बिस्किट वितरित किए गए। बच्चों को होली का त्योहार हमारे जीवन में क्या महत्व रखता है, यह समझाया गया। सभी ने तंबोला, होली गेम व नाच गाना आदि कर होली महोत्सव मनाया। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली के पर्व की बधाई दी। इस दौरान ग्रुप की यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल व कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्रुप की अध्यक्ष साधना, शुभा, नीतू, शुभ्रा, स्वाति, अलका, निधि, आंचल, प्रिंसी, काव्या, ज्योति, अंजलि, वंदना, मीनू, मानसी, मनीषा, नैना, सुनीता, चारू, प्रिया, निमिषा, रेनू, शालिनी, प्रियंका, राधिका आदि मौजूद रहीं।

एटीएम से कैश डिस्पेंसर प्लेट लगाकर रुपये निकालने वाले दो आरोपी दबोचे

आजाद रोड स्थित आईडीबीआई बैंक के एटीएम से आरोपी निकालते थे रुपये

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: बैंक कर्मचारियों ने एटीएम से रुपये निकालने के आरोप में दो युवकों को पकड़ लिया। उनकी पिटाई करने के बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। दोनों आरोपी एटीएम में कैश डिस्पेंसर प्लेट लगाकर रुपये निकालने का कार्य करते थे और बार-बार आईडीबीआई बैंक के एटीएम को निशाना बना रहे थे। घटना की तहरीर बैंक प्रबंधक की ओर से दी गई है।

आजाद रोड पर आईडीबीआई बैंक में शुक्रवार की शाम 6.20 बजे एक बैंक कर्मी बाहर मोबाइल पर बात रहा था। तभी रोडवेज बस स्टैंड की ओर से कार आई तो कार सवार दो युवकों को बैंक कर्मी ने पहचान लिया और बैंक मैनेजर को सूचना देकर कार को रुकवा लिया। दोनों युवकों से पूछताछ शुरू कर दी, तभी बैंक मैनेजर व अन्य कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों में कहासुनी हुई तो आसपास के लोगों ने युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। कोतवाली पहुंचे बैंक मैनेजर दिवाकर यादव ने बताया कि दोनों युवकों ने कई बैंक के एटीएम से कैश डिस्पेंसर प्लेट लगाकर ग्राहकों के रुपये निकाले हैं। बताया कि एटीएम में जिस स्थान से रुपये निकलते हैं, वहां पर युवक कैश डिस्पेंसर प्लेट लगा देते थे। जो आम आदमी को नजर नहीं आई। अगर कोई ग्राहक एटीएम से रुपये निकालने पहुंचा तो रुपये तो निकल आते थे, मगर प्लेट लगी होने से अंदर ही चिपक जाते थे। जबकि ग्राहक समझता था कि उनके रुपये नहीं निकले और वह चला जाता था। कुछ देर बाद आरोपी एटीएम पर पहुंच प्लेट हटाकर रुपये निकाल लेते थे। कई बार शिकायत मिलने पर एटीएम पर लगा सीसीटीवी देखा तो दोनों युवकों की पहचान हो सकी। इस तरह से आरोपियों ने 10,11 व 13 मार्च को बैंक के एटीएम से रुपये निकाले। शुक्रवार की सुबह 7.45 बजे भी इसी तरह रुपये निकाले गए। घटना को लेकर 16 मार्च को बैंक मैनेजर ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आरोपियों से एक एटीएम कार्ड भी बरामद किया है। आरोपियों से बरामद हुई कार को कब्जे में लिया है।

कोतवाली में खड़ी एटीएम से रुपये निकालने वालों की कार।

- पुलिस ने आरोपियों के पास मिली कार को कब्जे में लिया

> एटीएम से रुपये निकालने के मामले में कार समेत दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-अतर सिंह,** प्रभारी निरीक्षक

पुलिस ने आप नेता को घर में नजरबंद किया

चन्दौसी, अमृत विचार: दिल्ली के मुख्यमंत्री के ईडी द्वारा गिरफ्तार करने के बाद आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हो गया। संगठन के जिलाध्यक्ष ने बहजोई मुख्यालय पर गिरफ्तारी के विरोध स्वरूप धरना प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने जिलाध्यक्ष को घर पर ही नजर बंद कर दिया। केवल कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने की इजाजत दी।

दिल्ली के आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। घटना की जानकारी मिलने पर जनपद संभल के आप जिलाध्यक्ष सचिन कुमार ने शुक्रवार की सुबह बहजोई स्थित मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया और धरने में शामिल होने के लिए कार्यकर्ताओं से संपर्क करने लगे। यह जानकारी जब पुलिस को हुई तो सुबह सात बजे पुलिस जिलाध्यक्ष के घर जा पहुंची और उन्हें घर में नजरबंद कर दिया। इस अवसर वीर सिंह, अमर पाल, अर्जुन कुमार, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध अस्पताल सील किया

संवाददाता, गुन्नौर

- सीएमओ, एसडीएम और सीओ की मौजूदगी में हुई कार्रवाई
- चिकित्सा कार्य में प्रयुक्त होने वाले उपकरण और दवाएं मिलीं

अमृत विचार : पुलिस प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने झोलाछापों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर छापेमारी की। इस बीच एक अवैध रूप से संचालित अस्पताल को सील किया गया।

शुक्रवार को सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा, एसडीएम रमेश बाबू, सीओ आलोक सिद्ध, नोडल अधिकारी डॉ.विरास यादव ने कस्बा के गोठना रोड पर स्थित सियाराम केके हॉस्पिटल पर छापा मारा। मौके पर चिकित्सा कार्य में प्रयुक्त होने वाले उपकरण और दवाएं आदि मिलीं। नोडल अधिकारी ने अवैध अस्पताल को सील कर दिया। नोडल अधिकारी ने बताया कि गुन्नौर तहसील क्षेत्र में चल रहे अवैध अस्पतालों के खिलाफ छापेमारी जारी रहेगी। केके सियाराम अस्पताल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

टांडा में सील किया अवैध क्लीनिक

संभल/ओबरी अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी ने शुक्रवार को असमोली क्षेत्र के गांव टांडा में अवैध क्लीनिक पर छापेमारी की। इस बीच क्लीनिक संचालक भाग निकला। डॉ.मनोज चौधरी ने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत होने पर छापेमारी की गई। अवैध क्लीनिक को सील कर कार्रवाई की जा रही है।

नो एंट्री में घुसा ट्रक चालक हिरासत में

चन्दौसी, अमृत विचार: संभल गेट में ट्रक नो-एंट्री में घुस आया। जिससे कुछ ही देर में जाम लग गया और सड़क के दोनों ओर जाम में फंसे वाहनों की कतारें लगनी शुरू हो गईं। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और ट्रक चालक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई।

शहर में नो-एंट्री सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक लागू रहती है। जिसके चलते शहर में बड़ा वाहन प्रवेश नहीं कर सकता। शुक्रवार की सुबह 11 बजे गोशाला से होता हुआ ट्रक संभल गेट स्थित बीएमजी इंटर कॉलेज के पास आकर फंस गया और कुछ ही देर में जाम की समस्या उत्पन्न हो गई।

यहां तक कि लोग पैदल भी नहीं निकल पा रहे थे। जाम हटने पर वाहन चालकों व नागरिकों ने राहत महसूस की।

सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को उम्र कैद

चन्दौसी, अमृत विचार: न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जनपद बदायूं ने सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपियों को आजीवन कारावास और एक लाख 52 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना 2016 में जनपद संभल के थाना गुन्नौर क्षेत्र में हुई थी। मुकदमा न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जनपद बदायूं में विचाराधीन था।

इस मामले में थाना गुन्नौर में रामबाबू पुत्र ओमप्रकाश व मुकेश पुत्र राजेंद्र निवासी अहरौला नवाजी थाना जुनावई जनपद संभल के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने साक्ष्यों को एकत्र कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी अमोल जौहरी ने दलीलें पेश कीं। शुक्रवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने आरोपी रामबाबू को धारा 376डी, 342, 174ए आईपीसी में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 51 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। आरोपी मुकेश को धारा 376डी, 342, 174ए आईपीसी व 3(2)5 एससीएसटी एक्ट में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व एक लाख एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

महिला को रक्तदान कर बचाई जान

चन्दौसी, अमृत विचार: शुक्रवार को जीवन रक्तदाता संस्था के संस्थापक अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने अपने भतीजे अंशुल वार्ष्णेय को बुला कर रक्तदान कराया और एक यूनिट रक्त एनीमिया पीड़ित वैष्णवी शर्मा को दान किया। महिला का रक्त समूह ओ पोजिटिव था। उसे रक्त चढ़ने पर महिला का हिमोग्लोबिन 02 से बड़ कर 5.4 हो गया।

सार-संक्षेप

हिंदू जागृति महिला मंच के कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

खेली फूलों की होली, मीनू बनीं महामूर्ख

संभल, अमृत विचार : हिंदू जागृति महिला मंच की ओर से आयोजित हुए महामूर्खानी सम्मेलन में फूलों की होली के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मीनू रस्तोगी को महामूर्ख की उपाधि दी गई। मुहल्ला ठेर में स्थित आर्य समाज स्कूल में कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने श्रीकृष्ण और राधा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके की। सर्वसम्मति से हिंदू जागृति महिला मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी को महामूर्खानी की उपाधि से अलंकृत किया गया। सुनीता यादव, रूपाली गुप्ता, सरिता गुप्ता, और रजनी गुप्ता को मूर्ख की उपाधि दी गई। शिवानी शर्मा ने महिलाओं को होली के टाइटल दिए। सुमन कौशिक, मंजू रावत, आरोही सिंह, वैष्णवी चंद्र रिया सिंह व अदिति ने गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और फूलों की होली खेली। बच्चों ने डांडिया नृत्य किया। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रीति सिंह, प्रियंका चंद्रा, शालिनी रस्तोगी, ज्योति गुप्ता, आरोही, गीता, परी, आकांक्षा, ऊषा अग्रवाल, मंजू रावत, सुमन शर्मा, लवली, छवि, रिया, शिवानी शर्मा, चारू आदि रहीं। संचालन आशा गुप्ता ने किया।

घटते जल स्तर को लेकर चिंता जाहिर की

चन्दौसी, अमृत विचार : मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में शुक्रवार को नेहरु युवा केन्द्र मुरादाबाद के द्वारा भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत विश्व जल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें घटते जल स्तर को लेकर चिंता जाहिर की। जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरुक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लता वार्ष्णेय अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पृथ्वी पर सभी के जीवन के अस्तित्व के लिए पानी आवश्यक है। हम खाने के बिना तो कुछ दिनों तक जीवित रह सकते हैं, लेकिन पानी के बिना तीन दिन से अधिक जीवित नहीं रह सकते। यदि हम जल संरक्षण को प्राथमिकता नहीं देंगे तो हमारे बच्चे और आने वाली पीढ़ी पानी की कमी से पीड़ित रहेगी। इस अवसर पर नूतन चौधरी, अंकित कुमार गौड़, बृजवाला वार्ष्णेय, कृष्ण मोहन गुप्ता, उन्नति चौधरी भागीदारी रहे।

सरकारी योजनाओं का आमजन को मिल रहा लाभ

चन्दौसी, अमृत विचार : शुक्रवार को भाजपा शक्ति केंद्र गणेश कॉलोनी के बूथ नंबर 167, 171, 172 पर टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शक्ति केंद्र संयोजक डॉ. टीएस पाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने भारत के विकास के लिए नए आयामों को छुआ है। हमारा देश दिन प्रतिदिन तरक्की के पथ पर अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री जन कल्याण की योजनाएं चला रहे हैं। आमजन इनका अधिक से अधिक फायदा उठाएं। कहा कि परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर भोजन करने से आत्मीयता बढ़ती है। इस दौरान जिला संयोजक व जिला महमंत्री धीरेन्द यादव, अभिनव शर्मा, बूथ अध्यक्ष आकाश कुमार शर्मा, श्यामसुंदर दुबे, मुनीश वार्ष्णेय, महेंद्र दुबे, अमित जोशी, विष्णु पाल, राजेन्द्र, वीरेंद्र और डॉ. जयशंकर दुबे आदि रहे।

सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल में सर्टिफिकेट दिखाते ताइक्वांडो खिलाड़ी।

सर्टिफिकेट पाकर खिले खिलाड़ियों के चेहरे

चन्दौसी, अमृत विचार : सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल में ताइक्वांडो खिलाड़ियों को कलर बेस्ट सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर जैसलीन ने ताइक्वांडो खिलाड़ी शुभांगी सिंह, विवान सिंह, अभिमन्यु सिंह यादव, अनुदीप सिंह, आरोही शंखधार, दिव्यांशी प्रजापति, शिवांश, वेदांत पाठक, अंश, अणिमा, प्रांशि मित्तल, सामर्थ, सृष्टि, आरोही, परिधि, अक्षत आदि को कलर बेल्ट सार्टिफिकेट दिए। सार्टिफिकेट पाकर सभी खिलाड़ियों के चेहरे खुशी से खिले नजर आए। कार्यक्रम में ताइक्वांडो कोच अंकुश राणा व शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

बदलाव निकलती थीं चौपाइयां, ग्रामीण समूह बनाकर ढोल नगाड़ों के साथ फाग गाकर खेलते थे होली

डीजे की धमक ने फीका कर दिया होली की चौपाई का रंग

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

अमृत विचार: रंगों और भाईचारे के त्योहार होली पर जहां एक समय शहर से ग्रामीण अंचलों तक ढोल-नगाड़ों के साथ होली की चौपाइयां निकाली जाती थीं। टेसू के रंग उड़ाए जाते थे। वहीं आज के दौर में डीजे के बढ़ते प्रचलन से होली की चौपाई का रंग फीका होता जा रहा है।

दो दशक पहले होली पर गांव-गांव में चौपाई निकलती थीं। जिसमें ग्रामीण एक समूह बनाकर ढोल नगाड़ों के साथ फाग गाकर होली खेलते थे। चौपाई पूरे गांव में मुख्य मार्गों से होती हुई प्रमुख स्थानों पर या गांव के सभ्रांत लोगों के निजी स्थान पर होती थी। महिलाएं व बच्चे घरों की छतों से चौपाई में हुरियारों पर रंग डालते थे। सभी एक दूसरे से गले मिलकर एक दूसरे की कुशलक्षेम पूछते थे। लोग होली का त्योहार एकता, शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रेम भाव से मनाते थे। धीरे-धीरे पाश्चात्य संस्कृति युवा पीढ़ी पर हावी होने लगी है और अब होली पर डीजे की धुन पर फिल्मी गानों ने पुराने समय में गाये जाने वाले फाग को पीछे छोड़ दिया है। गांवों में महाशिवरात्रि या रंग एकादशी से लोग एक स्थान पर एकत्र होकर देर शाम से रात तक ढोल नगाड़े के साथ होली के गीत गाते थे और होलिका दहन से दिन में दुर्गाष्टमी तक होली चौपाई निकालते थे। हालांकि कई गांवों में बुजुर्ग आज भी परंपरा को कायम रखे हुए हैं। ऐसा ही एक गांव कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र का पैगारफातपुर है। जहां बुजुर्ग ढोल नगाड़ों के साथ होली की चौपाई निकालने की परंपरा को आज भी संजोए हुए हैं।

थाना कुढ़ क्षेत्र के गांव पैगारफातपुर में होली की चौपाई में झूमते लोग। फाइल फोटो

> पुराने समय में होली नजदीक आते ही हम लोग अपने कार्यों को जल्दी निपटा लेते थे और बहुत हर्षोल्लास के साथ होली चौपाई खेलते थे। अब युवाओं में पहले जैसी रुचि नहीं है फिर भी हम लोग अपने गांव में पुरानी परंपरा को निभा रहे हैं।
>
> **-रामबहादुर सिंह,** गांव पैगारफातपुर

> पहले के समय में सभी लोग बहुत ही प्रेम के साथ होली का त्योहार मनाते थे। धीरे-धीरे आज के समय में पाश्चात्य संस्कृति ने अपना रंग जमाना शुरू कर दिया है और युवाओं का मन हमारी पुरानी परंपराओं से हटता जा रहा है। **-नेपाल सिंह**

> आजकल डीजे के प्रचलन से युवाओं में होली चौपाई के प्रति रुचि कम होती जा रही है। डीजे पर फिल्मी गाने बजाकर डांस करने की होड़ लगी रहती है। वह पुराने दिन बहुत याद आते हैं, जब आपसी भाईचारा भी बहुत था। **-जीवाराम सिंह**

एक नजर

आठ साल के सुब्हान ने रखा पहला रोजा

नहटौर, अमृत विचार : गांव बगदाद निवासी शमशाद अंसारी के पुत्र मोहम्मद सुब्हान (8) ने रमजान के दूसरे जुमे को पहला रोजा रखा है। इससे उनके परिवार में खुशी का माहौल है। शाम को रोजा इफ्तार के समय परिवार के लोगों ने सुब्हान के साथ रोजा इफ्तार किया। जीवन के पहले रोजे की शुरुआत कर सुब्हान भी खुश था।

गुलदार ने बछिया को बनाया निवाला

किरतपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के एक ग्राम में गुलदार ने एक गाय को अपना निवाला बना लिया। घटना के बाद से ग्रामीणों में भय का माहौल है। गांव नजीबपुर सादात उर्फ शादीपुर जोना के पूर्व प्रधान कुशल पाल की बछिया गांव के निकट कोल्हू पर बंधी हुई थी। गुरुवार देर रात्रि कोल्हू बंद था। तभी वहां गुलदार पहुंचा और बछिया को निवाला बना लिया। सुबह कुशल पाल को घटना की जानकारी मिली तो वह ग्रामीणों को लेकर मौके पर पहुंचे।

वाहन ने तीन साल के बच्चे को रौंदा, मौत

नगर के मोहल्ला कमकरान में नेजो वाले चौक पर हुआ हादसा

संवाददाता, किरतपुर (बिजनौर)

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला कमकरान में शुक्रवार दोपहर चार बजे नेजो वाले चौक पर खेलते समय वाहन चालक ने तीन वर्ष के बच्चे को रौंद दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि बाद में नगर पालिका अध्यक्ष व अन्य लोगों ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया। देर शाम परिजनों ने बच्चे को दफन कर दिया।

बताया गया कि नगर के मोहल्ला कमकरान में मजदूर तैय्यब का परिवार रहता है। उनके पांच बच्चे हैं। इनमें तीन बेटियां और दो बेटे हैं। शुक्रवार दोहपर उनका सबसे छोटा बेटा इस्लाम (3) नेजो वाले चौक पर खेल रहा था। तभी वहां से मोहल्ला झंडा निवासी आलिम अपना लेकर जा रहा था। इस दौरान आलिम से वाहन बेकाबू हो गया जिससे इस्लाम वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में इस्लाम की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन व मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन आरोपी वाहन ने चला गया। इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान व अन्य लोगों ने दोनों पक्षों मे समझौता करा दिया। देर शाम तक मृतक बच्चे के परिजनों ने थाने में तहरीर नहीं दी थी। बताया गया कि बच्चे को दफन कर दिया गया। बच्चे की मौत से मां और तीन बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

छात्र की मौत के बाद थाने पहुंचे परिजन। ● अमृत विचार

▸▸ नगर पालिका अध्यक्ष ने दोनों पक्षों में कराया समझौता, गमगीन माहौल में बच्चे का किया दफन

बाइक डीसीएम से टकराई, छात्र की मौत

नहटौर, अमृत विचार : चांदपुर चुंगी पर छात्रों के दो गुटों के बीच विवाद हो गया। यहां से भागे छात्रों की बाइक डीसीएम से जा टकराई। जिससे तीन छात्र घायल हो गए। उपचार के दौरान एक छात्र की मौत हो गई। मृतक के पिता ने दूसरे गुट के छात्रों पर बाइक में लात मारने का आरोप लगाया है। गांव सलामताबाद निवासी जोगेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें उन्होंने बताया कि उसका पुत्र मुनित अपने साथी आदित्य व देव के साथ बलराम कुमार विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में परीक्षा देकर बाइक से घर आ रहा था। मुनित कक्षा नौ का छात्रा था। शुक्रवार सुबह करीब 12 बजे नहटौर-नूरपुर मार्ग पर चांदपुर चुंगी के पास एक अस्पताल के सामने दूसरे गुट के छात्रों ने उन्हें रोक लिया। गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसके पुत्र व उसके साथियों ने बाइक पर बैठकर भागने का प्रयास किया तो आरोपियों ने बाइक में लात मार दी जिससे सड़क किनारे खड़ी डीसीएम में उनकी बाइक टकरा गई। जिससे मुनित की मौत हो गई। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सार संक्षेप

बाजार में खरीददारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

होली पर सजीं रंग-गुलाल व पिचकारी की दुकानें

नगीना, अमृत विचार : होली का त्योहार नजदीक आते ही नगर में रंगों की बौछार होनी शुरू हो गई है। होली में प्रयोग होने वाले रंग, गुलाल, पिचकारी आदी की बिक्री के लिए सभी बाजार तैयार हो गये हैं। रंग, गुलाल, पिचकारी व खाद्य पदार्थों की बिक्री के लिये नगर के बाजार पहाडी दरवाजा, बाजार बड़ा मंदिर, मंझलैटा, मंडी मौलगंज, पालिका मार्केट, स्टेशन रोड पर दुकानें सज कर तैयार हो गई हैं। दुकानों पर महिलाए, बच्चे व युवा रंग-गुलाल व पिचकारी आदी खरीदने वालों की भीड़ जुटने लगी है। मिष्ठान विक्रेताओं की दुकानों पर भी होली के खास व्यंजन गुझियां की बिक्री शुरू हो गई है।

शूरसेन सैनी संगठन के कार्यकर्ताओं ने खेली होली

नगीना, अमृत विचार : नगीना महाराजा शूरसेन सैनी संगठन के कार्यकर्ताओं ने जमकर खेली होली। होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल, अबीर लगा कर एक दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी। धामपुर रोड स्थित एक मैरिज हॉल में महाराजा शूरसेन सैनी संगठन द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम के अध्यक्ष राजकुमार सैनी प्रधान व संचालन डॉ. जागेश ने किया। मुख्य अतिथि तिलक सिंह सैनी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धनीराम सैनी, महेंद्र सैनी, राम रतन सैनी, जितेंद्र सैनी, सुशील सैनी, शिवचरण सैनी, आसाराम सैनी, तिलक सैनी, लक्ष्मण सैनी, गोविंद सैनी, सूरज सैनी, सुनील एड., मुकेश सैनी एड. धनीराम सैनी, दयाराम सैनी, दर्जनों कार्यकर्ताओं व सेवादारों ने हिस्सा लेकर एक दूसरे के साथ होली खेली और जमकर अबीर गुलाल उड़ाया।

मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हल्दौर, अमृत विचार : गांव इनामपुरा की रहने वाली इरफाना व उसके पुत्र को पीटने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला के अनुसार, मारपीट के बाद ग्राम प्रधान व गांव के लोगों ने समझौता कर दिया था। लेकिन एक घटा बाद ही आरोपियों ने महिला के भांजे जावेद को रास्ता में रोक लिया और लाठी डंडों से हमला कर दिया। इससे साकिब व जावेद घायल हो गए थे। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। लेकिन आरोपी फरार हो गए थे। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी शहजाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि नदीम, आलम की गिरफ्तारी जल्द ही की जाएगी।

भाकियू नेता को अपशब्द कहने की निंदा की

हल्दौर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने किसानों के साथ मोहल्ला होली चौक कस्बा स्थित पीतांबर सिंह नगर अध्यक्ष के आवास पर बैठक की। इसमें दिगंबर सिंह के संबंध में कहे गए अपशब्दों के संबंध में चर्चा की। बैठक में कार्यकर्ताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध दिगंबर सिंह ने जो आंदोलन प्रारंभ किया है, उसे अंजाम तक पहुंच कर ही दम लेंगे। वकीलों और किसानों के बीच हुए समझौते का स्वागत किया। लेकिन जिनके द्वारा दिगंबर सिंह को अपशब्द कहे गए किसान वर्ग उन्हें माफ नहीं करेगा। इस दौरान शंकर सिंह, नौबहार सिंह, चंद्रपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, सुरेश सैनी आदि किसान उपस्थित रहे।

कच्ची शराब बनाते समय दो भाई गिरफ्तार

बिजनौर, अमृत विचार : नांगल सोती चौकी की पुलिस ने गंगा खादर क्षेत्र में कच्ची शराब बनाते गंगा पार के दो भाइयों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से 200 लीटर कच्ची शराब व उपकरण बरामद किए हैं। 7 हजार लीटर लहन नष्ट किया गया है। कच्ची शराब के धंधे की सूचना पर नांगल पुलिस गंगा खादर क्षेत्र में पहुंची थी। पुलिस का कहना है कि ड्रोन कैमरे से सर्च अभियान चलाकर एक स्थान पर शराब की भट्टी पकड़ी गई। मौके से अवैध अपमिश्रित शराब का निर्माण कर रहे आरोपी प्रेम और रामपाल निवासी ग्राम रणजीतपुर थाना लक्सर जनपद हरिद्वार (उत्तराखंड) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का दावा है कि उनके पास से 200 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब तथा शराब बनाने के उपकरण-भट्टी, चार ड्रम, एक बाल्टी, एक पतीली, रबर पाइप आदि बरामद हुए हैं। जबकि 7,000 लीटर लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले दो वनकर्मी निलंबित

अफजलगढ़, अमृत विचार : प्रतिबंधित क्षेत्र से अवैध कटान कर रहे दो वन तस्करों को कॉर्बेट प्रशासन ने गिरफ्तार किया है। सुरक्षा में लापरवाही बरतने के आरोप में दो वनकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सुरक्षा में लापरवाही बरसते की प्रशासन को सूचना मिली थी। ढेला रेंज के बेला भाबर ब्लॉक, पथरूवा पूर्वी बीट कक्ष संख्या-6 के बफर क्षेत्र में कुछ तस्कर यूकेलिप्टिस के पेड़ों का कटान कर रहे थे। उप वन प्रभागीय अधिकारी कालागढ़ शालिनी जोशी मौके पर पहुंचीं तो दो लोग लकड़ी काट रहे थे। उनके पास 36 यूकेलिप्टिस लकड़ी के टुकड़े भी मौजूद थे। दोनों वन तस्करों की पहचान मोहम्मद गफूर निवासी ग्राम कुमुगडार थाना रामनगर और शमशेर अली के रूप में की गई है। तस्करों के पास से दो बुग्गी व एक बाइक भी बरामद की गई। कॉर्बेट प्रशासन ने बताया कि गिरफ्तार वन तस्करों के खिलाफ वन अधिनियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है। लकड़ी काटने के मामले पर संबंधित सेक्शन के वन दारोगा भरत सिंह और वन आरक्षी गोधन सिंह की लापरवाही मानते हुए दोनों को निलंबित किया गया है।

रुपये के लेनदेन को लेकर बुजुर्ग पर हमला

नहटौर, अमृत विचार : मोहल्ला पूर्वी तकीयागढ़ी में पैसे के लेन-देन को लेकर एक बुजुर्ग पर तीन लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। घायल को सीएचसो में भर्ती कराया गया है। मोहल्ला तकीयागढ़ी पूर्वी निवासी मोहम्मद यासीन (65) दूध लेने के लिए जा रहा था। बताया कि इसी दौरान मोहल्ले के ही तीन लोगों ने पैसे के लेन-देन को लेकर रोक लिया। गाली-गलौज करते हुए तीनों ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गए। घायल को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कांग्रेस के कार्यालय में गठबंधन के प्रत्याशी का किया गया स्वागत

बिजनौर, अमृत विचार : कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में कांग्रेस-सपा की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शेरबाज पठान व महासचिव नजाकत अल्वी और नगीना लोकसभा प्रत्याशी मनोज कुमार मौजूद रहे।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने मनोज कुमार का स्वागत किया। उन्होंने कांग्रेसियों व सपाइयों से प्रत्याशी मनोज कुमार को मजबूती के साथ चुनाव लड़ाने की अपील की। सपा के जिलाध्यक्ष अनिल यादव व मनोज कुमार को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता ईमानदारी के साथ चुनाव लड़ाने का काम करेगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी, मीनाक्षी सिंह, कमलेश भुईयार, हुकम सिंह, अनिल कुमार, दयावती कश्यप, जसराम सिंह, शजर तैयब, नजीबाबाद से विधायक हाजी तसलीम, नगीना से विधायक मनोज पारस, अखलाक पप्पू आदि रहे।

रेलवे ट्रैक के पास दीवार बनाने का विरोध

संवाददाता, नजीबाबाद

अमृत विचार : रेलवे ट्रैक के पास दीवार बनाने के विरोध में वाल्मीकि बस्ती की महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने रेलवे से रास्ता छोड़ने की मांग उठाई।

क्षेत्र के कस्बा राहुखेड़ी उर्फ जलालाबाद में महिलाएं मेरठ-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने ओवरब्रिज के नीचे रेलवे फाटक संख्या-483 पर पहुंचीं और रेलवे ट्रैक पर दीवार बनाने का विरोध करने लगीं। रेलवे लाइन के पार रह रहे वाल्मीकि बस्ती के लोग ने विरोध किया। कहा कि वे दवा, राशन, सब्जी, कपड़े लेने जाते हैं तो लाइन पार करनी होती है।

इस लिए आने जाने के लिए रास्ता छोड़ा जाए। बताया गया कि जलालाबाद चौकी के पास रेलवे लाइन के पास दुर्घटनाएं रोकने के लिए दीवार बनाई जा रही है। लोगों का आने जाने का पैदल मार्ग रेलवे लाइन से है। कब्रिस्तान जाने के लिए भी लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। कुछ दिनों पहले भी दो दिनों में दो मौत होने से जब जनाजे को कब्रिस्तान ले जाया गया तब जनाजा ले जाने वाले लोगों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा था। वहां के स्थानीय लोगों ने दीवार बनाने का विरोध किया था। इस क्रम में शुक्रवार को महिलाओं ने विरोध जताया। उन्होंने अंडरपास बनाने की मांग उठाई। साइट इंजीनियर आशुतोष पांडे ने बताया कि अभी आने जाने के लिए रास्ता छोड़ा गया है जल्दी निर्णय लिया जाएगा।

वाल्मीकि बस्ती में विरोध करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

▸▸ जलालाबाद चौकी के पास रेलवे लाइन पर दुर्घटनाएं रोकने की बनाई जा रही दीवार

मगफिरत के अशरे में लोग गुनाहों की मांगे माफी : उलमा

संवाददाता, नहटौर

अमृत विचार : रमजान के दूसरे जुमे को रोजेदारों ने मस्जिदों में नमाज अदा की। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। रोजेदारों ने मुल्क में अमन व खुशहाली की दुआ की।

शुक्रवार को रमजान के दूसरे जुमे की नमाज अदा की गई। हल्दौर चौराहा स्थित मस्जिद के इमाम कारी मोहम्मद दिलशाद ने कहा कि रमजान का पहला अशरा खत्म हो गया। दूसरा अशरा शुरू हो गया है जो मगफिरत का अशरा कहलाया जाता है। उन्होंने कहा कि बहुत खुशनसीब है वो शख्स जिसे रमजान मिला है। उन्होंने कहा कि न जाने कितने लोग दुनिया से जा चुके हैं जिन्हे रमजान नसीब नहीं हुआ है।

उन्होंने लोगों से कहा कि इस रमजान की कद्र करें। मगफिरत के अशरे में गुनाहों की माफी मांगने की बात कही। कहा कि जो लोग रोजे नहीं रख रहे हैं उन्हें खुले में खाने पीने से परहेज करना चाहिए। उन्होंने मोमिनों से इस माह में ज्यादा से ज्यादा जकात निकालने और गरीबों की मदद करने का आह्वान किया।

नमाज के बाद देश में शांति की मांगी दुआ

किरतपुर, अमृत विचार : नगर व ग्रामीण क्षेत्र में रमजान के दूसरे जुमे की नमाज अमन के साथ अदा की गई। बाद में देश में शांति और कौम की सलामती की दुआ मांगी। इमामों ने लोगों को रमजान की फजीलत बताई और रोजे रखने के लिए कहा। नमाज के लिए सुबह से ही तैयारियां की गईं। 12 बजते ही लोगों ने मस्जीदों की ओर रुख किया। कुछ देर में मस्जिदें भर गईं। इमाम कलीम ने बयान किया। उन्होंने रमजान के दूसरे अशरे के बारे में समझाया।

बैठक में चर्च करते डीआईओएस व अन्य। ● अमृत विचार

बैठक में मतदान को किया प्रेरित

संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : आरजेपी आर्य इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता व नैतिक मतदान के तहत स्वीप कोर टीम की बैठक हुई। इसमें जिला विद्यालय निरीक्षक रामज्ञा कुमार ने स्वीप कोर टीम के सदस्यों को संबोधित करते हुए ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मिलजुलकर टीम भावना से 19 अप्रैल को मतदान करें।

उन्होंने कहा कि प्रार्थना सभाओं में विद्यार्थियों में बच्चों को अभिभावकों को मतदान के लिए शपथ ग्रहण कराए और उन्हें प्रेरित करें। छात्रों द्वारा रैली निकालना, स्लोगन, निबंध, पेंटिंग, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता, पतंग व मेंहदी प्रतियोगिता, गुब्बारे हवा में उड़ाना प्राथमिकता के आधार पर करें। छात्रों की टोलियां बनाकर अपने निकटतम मलिन बस्तियों, गली, मोहल्लों में मतदाताओं को वोट डालने के लिए डोर प्रेरित करें। एनएसएस, एनसीसी के छात्र दिव्यांग व वृद्ध वोटरों को बूथ तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे। डॉ निशांत यादव, सुभाष चंद, विशनलाल आदि रहे।

होली पर मायके आई युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

बिजनौर, अमृत विचार : होली पर मायके आई युवती बाजार से सामान खरीदने गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने खोजबीन करने के बाद स्योहारा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

पुलिस को दी तहरीर में कहा गया है कि 26 वर्षीया आरती पत्नी नीरज कुमार वाल्मीकि अपनी ससुराल थाना चांदपुर के बीबीपुर से होली का त्योहार मनाने के लिए अपने मायके गांव चंचलपुर थाना स्योहारा आई थी। वह 12 बजे पिता के घर से सामान लेने के लिए बाजार गई थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं आई। घर वालों ने आरती की खोजबीन की। रिश्तेदारों से भी जानकारी की गई। जब आरती का कुछ पता नहीं लगा तब मायके वालों ने थाना स्योहारा में गुमशुदगी दर्ज कराई। आरती का चार वर्ष का बेटा अपने पिता नीरज कुमार के पास है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर गुमशुदा की तलाश शुरू कर दी है।

दो प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के तहत नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया के तीसरे दिन रिटर्निंग अधिकारी नगीना लोकसभा अंकित कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस दौरान सात प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। लोकसभा बिजनौर में आठ नामांकन पत्र खरीदे गए।

लोकसभा क्षेत्र नगीना में शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी संजीव कुमार निवासी खतौली मुजफ्फर नगर, निर्दलीय प्रत्याशी ब्रह्मपाल सिंह निवासी ग्राम आशियाना बिजनौर, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मुकुल मोहन सिंह निवासी सिविल लाइन मुजफ्फर नगर, निर्दलीय प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सहारनपुर मार्ग हरबटपुर फतेहपुर देहरादून, निर्दलीय प्रत्याशी जोगेन्द्र निवासी सिखरेड़ा शिवपुरी मुजफ्फरनगर, निर्दलीय प्रत्याशी रामवीर सिंह निवासी अफजलपुर भारा बिजनौर, भारतीय बहुजन समता पार्टी के प्रत्याशी रूपचन्द सिंह निवासी मुरादाबाद ने नामांकन पत्र खरीदे। लोकसभा बिजनौर क्षेत्र में लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के प्रत्याशी कृष्ण कुमार निवासी चांदपुर बिजनौर, निर्दलीय प्रत्याशी ब्रहमपाल सिंह निवासी ग्राम आशियाना बिजनौर, मजदूर किसान यूनियन पार्टी के प्रत्याशी रामधन सिंह निवासी अंकित विहार मुजफ्फरनगर, राष्ट्रीयवादी जनलोक पार्टी के प्रत्याशी ललित कुमार निवासी मण्डावर बिजनौर ने नामांकन पत्र खरीदे।

लोकसभा नगीना में आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी चन्द्र शेखर के प्रस्तावक आलोक कुमार निवासी मनकुआ बिजनौर तथा समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मनोज कुमार निवासी पहाड़ी दरवाजा धामपुर ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

नामांकन पत्र दाखिल करते समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मनोज कुमार।

राजनीति भाजपा के चुनाव कार्यालय में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पदाधिकारियों को किया संबोधित

पाकिस्तान में घटी हिंदुओं की संख्या, अब सिर्फ दो फीसदी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान में 14 फीसदी हिंदू थे। लेकिन अब दो फीसदी ही रह गए हैं। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को बहुत पहले लागू किया जाना चाहिए था, इसमें देर हुई है।

वित्त मंत्री सिविल लाइन क्षेत्र में आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान है कि हर बूथ पर 370 वोट होंगे, जो पंडित दीनदयाल के लिए श्रद्धांजलि के रूप में अर्पित होंगे। चुनाव आयोग की ओर से लांच एप का इस्तेमाल करें जिनका भी वोट न मिल रह हो, पर्ची न मिल पा रही हो, उनका वोट अवश्य ढूंढकर निकाल कर दें। उन्होंने कहा कि हर छोटे बड़े कार्यकर्ता को सम्मान मिले। हर लाभार्थी को भी आप सम्मान दें। सम्मान के साथ ही वोट की अपील करें। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के लिए योगी आदित्यनाथ के रूप में अपने जैसा ही सिपाही दिया है।

मुख्यमंत्री सुबह से रात तक प्रदेशवासियों के लिए काम कर रहे हैं, जिनका लक्ष्य सिर्फ राज्य में सुशासन बनाए रखना, जनता के बीच विकास को पहुंचना है। बैठक में राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद घनश्याम सिंह लोधी, विधायकआकाश सक्सेना, विधायक राजबाला, भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, सूर्य प्रकाश पाल, लोकसभा सह प्रभारी मंजू दिलेर, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, पूर्व विधायक कांशीराम, पूर्व विधायक अली यूसुफ अली, लोकसभा क्षेत्र के संयोजक सुरेश गंगवार, मोहन लाल सैनी, सौरभ पाल सिंह, दिलीप अरोड़ा, ब्लॉक प्रमुख हरिबाला यादव, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र चौधरी, अर्जुन रस्तोगी, जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, जिला उपाध्यक्ष पंकज लोधी व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में भाजपाइयों को संबोधित करते प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

▸▸ वित्त मंत्री बोले- नागरिकता संशोधन कानून बहुत पहले होना चाहिए था लागू

दो पैन कार्ड मामले में नहीं हो सकी गवाही

रामपुर, अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में शुक्रवार को गवाह कोर्ट पहुंचे, लेकिन बचाव पक्ष की ओर से स्थगन प्रार्थना आ जाने के कारण मामले की सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 27 मार्च को सुनवाई होगी।

अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दोनों जन्म प्रमाण पत्र मामले में सजा काट रहे हैं। दो पैनकार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल की कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को गवाह प्रवीण कटियार कोर्ट पहुंचे, लेकिन बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया। इस पर कोर्ट ने बचाव पक्ष को अंतिम अवसर प्रदान किया।

केमरी और स्वार के मामलों में दो अप्रैल को होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

कार्यवाही

▸▸ पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ दर्ज हैं आचार संहिता उल्लंघन के दो मामाले

अमृत विचार : पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार के थानों में आचार संहिता उल्लंघन के केस दर्ज हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है।

शुक्रवार को केमरी के मामले में जयाप्रदा को बयान दर्ज कराने आना था, लेकिन वह नहीं आ सकीं। इसके अलावा स्वार के मामले में बचाव पक्ष की ओर से साक्ष्य पेश नहीं हो सके। अब दोनों मामलों में दो अप्रैल को सुनवाई होगी।

पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार और केमरी थाने में आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया था। यह दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। इनकी सुनवाई एमपी-एमएएल मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में चल रही है।

शुक्रवार को केमरी और स्वार के दोनों मामलों में सुनवाई होना थी। जयाप्रदा को केमरी के मामले में बयान दर्ज कराने आना था, लेकिन वह नहीं आ सकीं। इसके अलावा स्वार के मामले में बचाव पेश की ओर से साक्ष्य पेश नहीं हो सके। अब दोनों मामलों में दो अप्रैल को सुनवाई होगी।

सम्बन्ध विच्छेद

मैं अपने पुत्र सनी अधिकारी एवं इसकी पत्नी ललिता को उनकी गलत हरकतों एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनके किसी भी कृत्यों के प्रति मेरे अथवा मेरे किसी भी परिजनों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

-उत्तम अधिकारी पुत्र अधीर चन्द्र अधिकारी निवासी हनुमान नगर, गली नं. 2, पुतली घर रोड, थाना मझोला, मुरादाबाद, मो. 9410051529

सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद जावेद को गलत संगत के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार का कोई भी वास्ता नहीं है।

फिरोज अख्तर पुत्र अहमद जान
ईदगाह रोड मोहल्ला वार्ड 21
ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।

सूचना

मेरी हाईस्कूल प्रमाण पत्र क्रमांक संख्या 1511780 व रोल नंबर 0610230 व मार्कशीट नंबर-0665346 व इंटरमीडिएट की सनद नंबर-0370941 व अनुक्रमांक 0494128 व मार्कशीट संख्या 0398625 कहीं खो गई है।

रीमा रुहेला पुत्री सविता ठाकुर,
मोहल्ला गंगानगर, नगीना, बिजनौर

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यो नोद्धतं कुरुते जातु वेषं न पौरुषेणापि विकत्थतेऽन्यान्।
न मूर्च्छितः कटुकान्याह किञ्चित् प्रियंसदा तं कुरुते जनो हि ॥

जो व्यक्ति शैतानों जैसा वेश नहीं बनाता, वीर होने पर भी अपनी वीरता की बड़ाई नहीं करता, क्रोध से विचलित होने पर भी कड़वा नहीं बोलता, उससे सभी प्रेम करते हैं।

संपादकीय

तरक्की और असमानता

भारत दुनिया में सर्वाधिक तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वहीं अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार के बीच बढ़ती आर्थिक असमानता चिंता बढ़ाती है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। निवेश में बढ़ोतरी और महंगाई में कमी अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे सकते हैं। जनवरी 2025 से ब्लूमबर्ग बांड सूचकांक में भारतीय सरकारी बांड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। आरबीआई के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे सप्ताह 6.40 अरब डॉलर बढ़कर 642.50 अरब डॉलर हो गया। एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर की उच्च वृद्धि के साथ 636.95 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर 2021 में विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। दूसरी ओर भारत में 2000 के दशक की शुरुआत से आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 40.10 प्रतिशत हो गई है। भारत में आमदनी और संपदा में असमानता 1922-2023ः अरबपति राज का उदय शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन के केंद्रित होने से पता चलती है। भारतीय आबादी के शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है। 2017 में उत्पन्न संपत्ति का 73 प्रतिशत सबसे अमीर एक प्रतिशत के पास चला गया। भारत में 119 अरबपति हैं। उनकी संख्या 2000 में केवल 9 से बढ़कर 2017 में 101 हो गई। 2018 और 2022 के बीच भारत में हर दिन 70 नए करोड़पति पैदा होने का अनुमान है। एक दशक में अरबपतियों की संपत्ति लगभग 10 गुना बढ़ गई। जाहिर सी बात है कि सबसे अमीर बहुत तेज गति से अमीर हो रहे हैं, जबकि गरीब अभी भी न्यूनतम वेतन अर्जित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो लगातार कम निवेश से पीड़ित हैं। ये बढ़ती दूरियां और बढ़ती असमानताएं महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। चिंताजनक है कि एक ऐसे समाज में आर्थिक असमानता बढ़ रही है, जो पहले से ही जाति, धर्म, क्षेत्र और लिंग के आधार पर विभाजित है।

प्रचंड की नई सरकार और स्मगलिंग के किस्से

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

याद रहे दिसंबर 2022 में, प्रचंड की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से साफ निकाल ली गई, लेकिन अड्डे से बाहर निकलने के थोड़ी ही देर बाद सड़क पर वह स्थानीय पुलिस की पकड़ में आ गई।

नेपाली राजनीति में एक अर्से से तीसरे नंबर की ताकत होने के बावजूद सवा साल में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले पुष्प कमल दहल प्रचंड की सत्ता पर फिलहाल कोई खतरा नहीं लगता, लेकिन गद्दी पर उनका वक्त अच्छा गुजरने के भी कोई आसार नहीं हैं।

नवंबर 2022 में हुए आम चुनाव के बाद से यह दूसरा मौका है जब उन्होंने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के सहयोग से सरकार बनाई है। इसके पहले बतौर प्रधानमंत्री अपने इस कार्यकाल की शुरुआत उन्होंने इसी गठबंधन के साथ की थी, लेकिन वह सरकार कुल तीन महीने ही चली। फिर साल भर प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ सरकार चलाई और अभी कड़वाहट के साथ दोनों अलग हुए। ज्यादा बड़ी बात यह है कि नई सरकार बनने के तीसरे-चौथे दिन ही मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन के दोनों मुख्य दलों नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) और सीपीएन (यूएमएल) के दो बड़े नेता लगभग एक क्विंटल सोने की स्मगलिंग में देश की मुख्य खुफिया संस्था सीआईबी द्वारा धर लिए गए हैं। सीआईबी के पास इस बात का सबूत है कि सीपीएन (माओवादी) के उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा और उनके बेटे राहुल ने स्मगलरों के एक चीनी गैंग से फोन पर 256 बार बात की थी। इस पार्टी के युवा नेता और पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दीपेश पुन इस मामले में पहले से ही अंदर हैं, जबकि नेपाल के पूर्व पुलिस प्रमुख और यूएमएल नेता सर्बेंद्र खनाल का नंबर महरा के साथ आया है।

याद रहे दिसंबर 2022 में, प्रचंड की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से साफ निकाल ली गई, लेकिन अड्डे से बाहर निकलने के थोड़ी ही देर बाद सड़क पर वह स्थानीय पुलिस की पकड़ में आ गई। फिर मामले को दबाने और जांच के नाम पर लीपापोती करने की खबरें बाहर आने लगीं और यूएमएल का जैसे ही माओवादियों से

इसमें कोई शक नहीं कि नेपाली राजनीति में पिछले कुछ समय से जारी हलचलें सिर्फ इस या उस नेता या सरकार के सामने मौजूद समस्याओं का नहीं, नेपाली लोकतंत्र पर मंडरा रहे एक बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक ऐसा माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है। लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवादी उछलकूद करते रहते हैं। यह भी कि नेपाली लोकतंत्र में पुरानी पंचायती व्यवस्था की स्मृतियां मौजूद हैं। लिहाजा बार-बार सरकारें बदलना वहां के लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है, जितनी बाहर बैठे लोगों को लगती है, लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है।

गठबंधन टूटा, उसने संसद में इसको बड़ा मुद्दा बना दिया। कुछ मामूली जांच-पड़ताल के बाद बवाल बढ़ता गया तो नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में चल रही प्रचंड सरकार ने मामले की जांच पूर्व चीफ जस्टिस दिली राज आचार्य के नेतृत्व में गठित आयोग को सौंपी जिसने न केवल कई हाई प्रोफाइल लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने की अनुशंसा की, बल्कि साथ में इस आशय की बहुत तीखी टिप्पणी भी की कि सरकार की ओर से धुंध पैदा करने और दोषियों को बचाने के प्रयास किए गए हैं। देखना है कि माओवादी और यूएमएल नेताओं की गिरफ्तारी से नई-नवेली सरकार की साख कितनी बहाल हो पाती है।

इसमें कोई शक नहीं कि नेपाली राजनीति में पिछले कुछ समय से जारी हलचलें सिर्फ इस या उस नेता या सरकार के सामने मौजूद समस्याओं का नहीं, नेपाली लोकतंत्र पर मंडरा रहे एक बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक ऐसा माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवादी उछलकूद करते रहते हैं। यह भी कि नेपाली लोकतंत्र में पुरानी पंचायती व्यवस्था की स्मृतियां मौजूद हैं। लिहाजा बार-बार सरकारें बदलना वहां के लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है, जितनी बाहर बैठे लोगों को लगती है, लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है। राजतंत्र की वापसी के लिए प्रयासरत शक्तियों को इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमले का एक नैतिक हथियार मिल गया है। नवंबर-दिसंबर 2023 में राजधानी काठमांडू समेत नेपाल के कई शहरों में राजतंत्र और हिंदू राष्ट्र की वापसी के लिए छोटे-बड़े प्रदर्शन हुए थे और पूरे नेपाल में इस मुद्दे पर एक यात्रा भी निकाली गई थी। 2008 में नेपाल से राजतंत्र के खात्मे और गणतंत्र की घोषणा के बाद से लोकतंत्र के प्रति अरुचि जताने वाले कई आयोजन हुए हैं, लेकिन पहला ही मौका था जब देश में नीचे तक फैले कर्ज संकट से इसको जोड़ दिए जाने के चलते आम जनता में इसे मजाक का विषय नहीं समझा गया। मामले का दूसरा पहलू प्रतिनिधित्व से जुड़ा है। राजतंत्र समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी पहली बार अपने चौदह सांसद चुनवाने में सफल रही है। इससे भी बड़ी बात यह कि नेपाल में लोकतंत्र की प्रतीक समझी जाने वाली नेपाली कांग्रेस के आयोजनों में भी 'हिंदू राष्ट्र' का आकर्षण दिखने लगा है। उसके कुछ बड़े नेताओं ने भी ऐसे बयान दिए हैं।

चीन के लंबे हाथ-पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' की यह खासियत मानी जाती रही है कि किसी पार्टी के साथ अपने गठबंधन से बाहर आते समय वे आगे के लिए गुंजाइश बचाकर रखते हैं। कटु भाषा का इस्तेमाल नहीं करते, ताकि आगे दोबारा-तिबारा उससे मिलना पड़े तो नेताओं और कार्यकर्ताओं के मन पर ज्यादा बोझ न रहे, लेकिन इस बार नेपाली कांग्रेस और खासकर उसके शीर्ष नेता शेर बहादुर देउबा के लिए उन्होंने 'भ्रष्ट' और 'दक्षिणपंथी' जैसे शब्द बोले। अजीब बात यह कि इसका कोई तात्कालिक कारण भी नहीं था।

सरकार में शामिल नेपाली कांग्रेस के मंत्री चीन के साथ नेपाल के कूटनीतिक संबंधों को सहज नहीं होने देते थे और अमेरिकी सहायता से जुड़े कार्यक्रमों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशीलता दिखाते थे, लेकिन वे सत्तापक्ष के ज्यादा बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करते थे तो यह उनका हक था। ऐसा कहा जा रहा है कि चीनी दूतावास ने अगर यूएमएल का रवैया बदलने को लेकर अतिरिक्त सक्रियता न दिखाई होती तो प्रचंड को नेपाली कांग्रेस का दबाव काफी लंबे समय तक बर्दाश्त करते रहने में भी कोई समस्या नहीं होती, लेकिन यूएमएल नेता और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने जब यह पेशकश की कि उनकी पार्टी सरकार में ज्यादा महत्वपूर्ण विभागों की मांग किए बगैर पूरे कार्यकाल के लिए प्रचंड को समर्थक देने को तैयार है, तब उनकी ओर से यह बयान जारी किया गया कि कांग्रेसी दबाव के चलते ही बतौर प्रधानमंत्री वे अब तक कुछ नहीं कर पाए हैं। बचे हुए साढ़े तीन सालों में भी प्रचंड की सरकार नेपाल के लिए कुछ कर पाती है या सोने की स्मगलिंग जैसे मामलों में सफाई देते हुए और राजतंत्र-हिंदू राष्ट्र वाली लहर का मुकाबला करते ही प्रधानमंत्री पद पर उनका बाकी समय गुजरता है, यह देखने की बात है।

एनसीपी (यूएमएल) के सारे नेता अभी काफी जिम्मेदारी वाले बयान दे रहे हैं, लेकिन बतौर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का पिछला कार्यकाल न केवल नेपाली लोकतंत्र के लिए, बल्कि भारत के लिए भी किसी दुःस्वप्न जैसा ही था। अभी उनकी नरमी शायद नेपाली राजनीति में अपना अलगाव घटाने के लिए है, लेकिन कुछ भूमिका इसमें चीनी दबाव की भी हो सकती है, जो भी हो प्रचंड के लिए आगे एक चुनौती भारत के सामने यह साबित करने की रहेगी कि अपने देश में वे चीन की छत्रछाया वाली गठबंधन सरकार नहीं चला रहे हैं।

प्रसंगवश

भगत सिंह और शादमान चौक

बलिदान दिवस

लाहौर (पाकिस्तान) में शादमान चौक वह जगह है, जहां 23 मार्च, 1931 को लाहौर जेल में राजगुरु, सुखदेव और भगत सिंह को फांसी पर लटका दिया गया था। पहले यह लाहौर जेल का हिस्सा था जिसे तोड़कर यहां बड़ा ट्रैफिक चैराहा बना दिया गया, जो अब काफी भीड़ भरा इलाका है। विगत कुछ वर्षों से पाकिस्तान में शहीदे आजम भगत सिंह को याद करने की मुहिम चलाई जा रही है जिसके अगुआ वहां संचालित किए जा रहे भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष इम्तियाज रशीद कुरैशी एडवोकेट हैं, जो लाहौर के शादमान चौक को 'भगत सिंह चौक' बनाने के लिए निरंतर संघर्षरत हैं।

फाउंडेशन के लोग यहां भगत सिंह के फांसी दिवस पर इकट्ठे होकर शहीदे आजम की तस्वीरें हाथ में थामकर 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा बुलंद करते हुए आजादी के उस संघर्ष का स्मरण करते हैं जिसके लिए इन क्रांतिकारियों ने अपनी कुर्बानियां दीं। धर्म की बुनियाद पर बने और अपनी धरती के इतिहास से पूरी तरह विमुख पाकिस्तान में भगत सिंह जैसे विचारवान और धर्मनिरपेक्ष क्रांतिकारी शहीद को याद करना सचमुच काबिले तारीफ है। यह इस दृष्टि से भी प्रशंसनीय है कि जिस नवसृजित देश ने प्रारंभ से ही अपने जमीनी इतिहास को पूरी तरह विस्मृत कर दिया हो, वहां लाहौर की धरती पर लड़े गए स्वाधीनता के एक महासंग्रामी को उसके शहादत स्थल पर याद करना किसी तरह कम जोखिम भरा नहीं है। यह पाकिस्तान की सरजमीं पर धारा के विरुद्ध तैरने सरीखा है। इम्तियाज रशीद कुरैशी और उनके साथियों की यह कोशिशें कई वर्षों से जारी हैं जिसकी सूचनाएं हमारे मुल्क में आने पर भगत सिंह को प्यार करने वाले लोग प्रसन्न होते हैं, जो स्वाभाविक भी है। बावजूद इसके हम चाहते हैं कि भगत सिंह की याद उनकी संपूर्ण वैचारिक चेतना और पक्षधरता के साथ हो, जो सचमुच कठिन कवायद है।

सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

हमारे देश में ही भगत सिंह के अनेक नामलेवा उन्हें ब्रिटिश पुलिस अधिकारी साण्डर्स को मारने तथा संसद में बम फेंकने वाले बहादुर नौजवान के रूप में स्मरण करते हुए उनके 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे को इस तरह रेखांकित करते हैं गोया उनकी क्रांति का अर्थ बस मुट्ठियां बांधकर नारे लगाने, जयकारे करने या उनके बुतों पर फूल-मालाएं चढ़ाने तक महदूद हो। भगत सिंह कैसा समाज चाहते थे, उनके इंकलाब का अर्थ क्या था, उनके भीतर समाजवाद की समझ कैसी थी, धर्म और सांप्रदायिकता के मुद्दे पर वे किस वैज्ञानिक तर्क से सोचते थे, जहां भाषा भी उनके लिए एक बेहद जरूरी मसला था। उनके समय में देश में अछूत समस्या पर उनका क्रांतिकारी दृष्टिकोण हमारे लिए बहुत मायने रखता है। यहां तक कि भगत सिंह अपने चिंतन में नास्तिकता तक पहुंचकर बराबरी पर आधारित वैज्ञानिक समाजवाद की अत्यंत दृढ़ता से वकालत करते हैं। दुखःद है कि भगत सिंह को याद करते-करते हमने उनकी जन्मशती आने तक उनके सिर पर धर्म की पगड़ी भी पहना दी। यह भगत सिंह के प्रति बड़ा अन्याय है। यह क्रांतिकारियों की शहादत को जाति और धर्म के खाने में विभाजित करने का सोचा-समझा घिनौना षड्यंत्र है। हमने बार-बार कहा है कि धर्म आधारित राजनीति के पक्षधर कितनी ही कोशिशें कर लें, लेकिन पंजाब के उस साढ़े तेईस वर्ष के क्रांतिकारी नौजवान का सिर इतना बड़ा हो गया है कि उसके ऊपर कोई पगड़ी फिट नहीं हो सकती। मैंने बार-बार कहा है कि पाकिस्तान में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के लोग भगत सिंह की पगड़ी वाली तस्वीर का इस्तेमाल न करें।

पाकिस्तान में भगत सिंह पर चलाई जा रही मुहिम इस अर्थ में रंग लाई कि लाहौर की न्याय पालिका ने शादमान चौक का नाम बदलने का आदेश पारित कर दिया, लेकिन सरकार और व्यवस्था के हुक्मरान हैं कि वे इस आदेश का निष्पादन नहीं कर रहे। ऐसे में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के सदस्य न्यायालय की अवमानना का मुद्दा लेकर फिर वे अदालत जा धमके जिस पर अदालत ने फिर से व्यवस्थापकों को आदेश का अनुपालन न करने के मसले पर नोटिस जारी कर दिए। हम उम्मीद करते हैं कि शीघ्र इस मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा और शादमान चौक का नामकरण शहीदे आजम भगत सिंह के नाम पर हो सकेगा। यह भगत सिंह को चाहने वालों की बड़ी जीत होगी।

बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है धरती

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हाल के कुछ दशकों में एयर कंडीशनर या हीटर जैसे संसाधनों के अप्रत्याशित रूप से बढ़ते उपयोग ने ग्लोबल वार्मिंग को गति दी है।

संयुक्त राष्ट्र ने अभी यह चिंता जाहिर की है कि हमारी धरती एक बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है। विश्व मौसम विज्ञान संस्थान की ताजा रिपोर्ट के अनुसार धरती का बीता वर्ष अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा है। ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री नीचे रखने की तमाम कोशिशों के बावजूद मार्च 2023 से फरवरी 2024 के बारह महीनों में वैश्विक तापमान ने 1.5 डिग्री की सीमा को लांघ दिया।

रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र ग्रीन हाउस गैसों, भूमि और पानी के तापमान ग्लेशियरों और समुद्री बर्फ पिघलने में हुई अप्रत्याशित वृद्धि का हवाला दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस ने चेतावनी दी है कि हमारा ग्रह खत्म होने के कगार पर है। यह रिपोर्ट पढ़कर कुछ सालों पहले की गई महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंस की भविष्यवाणी की याद आती है। हॉकिंस के अनुसार इस पृथ्वी पर अब मनुष्य का कोई अस्तित्व नहीं है। वह इस ग्रह पर दस लाख साल बिता चुका है। उनके अनुमान के अनुसार पृथ्वी की उम्र अब महज दो सौ से पांच सौ साल ही बच रही है। या तो सूरज का ताप इसे निगल जाएगा या कोई धूमकेतु आकर इससे टकरागा। अगर मनुष्य की प्रजाति को एक और दस लाख साल जीवित बचे रहना है तो उसे पृथ्वी छोड़कर किसी और ग्रह या उपग्रह की शरण लेनी होगी।

संयुक्त राष्ट्र या हॉकिंस की चेतावनी को हल्के में लेने की भूल नहीं की जा सकती। पृथ्वी का मौसम और यहां पर जीवन की परिस्थितियां जिस तेज रफ्तार से बदल रही है, उन्हें देखते हुए इस आसन्न संकट को हम खुद भी महसूस कर सकते हैं। छोटे-छोटे स्वार्थों के लिए लगातार पृथ्वी का दोहन, प्रकृति के साथ अनाचार और नदियों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है। विकास के नाम पर वृक्षों की बेरहम हत्या की जा रही है। ईंट और कंक्रीट के निरंतर उगते जंगलों के कारण खेती की जमीन सिकुड़ रही है। पर्यावरण में आ रहे बदलावों के कारण जानवरों और पक्षियों की कई-कई प्रजातियां या तो विलुप्त हुई हैं या विलुप्ति के कगार पर हैं। धरती के बढ़ते तापमान की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और समुद्र की सतह लगातार ऊपर उठ रही है। ज्यादा से ज्यादा भौतिक सुविधाएं हासिल कर लेने की जल्दबाजी में वे तमाम चीजें हम नष्ट कर रहे हैं, जो जीवन की बुनियादी जरूरतें हैं। आज हमारी प्रकृति और पर्यावरण विकास की हमारी अंधी दौड़ की कीमत चुका रहे हैं। कल यह कीमत हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां चुकाएंगी।

यह सोचने का वक्त है कि अपनी मूर्खताओं से अगर पृथ्वी पर जीवन की परिस्थितियों को हमने नष्ट कर दिया तो हमारा अगला ठिकाना कहां होगा? हॉकिंस ने किन ग्रहों या उपग्रहों की बात सोची होगी? अब तक की वैज्ञानिक प्रगति के आलोक में फिलहाल भागने के दो ही विकल्प हमारे सामने दिखते हैं-चांद और मंगल। इन दोनों पर पानी, मिट्टी, हवा और जीवनानुकूल परिस्थितियों के मसले अभी हल नहीं हुए हैं। वहां थोड़ा-बहुत पानी मिल भी जाए तो क्या वह पृथ्वी के अरबों लोगों की जरूरतों के लिए पर्याप्त होगा? वहां हवा तो होगी, लेकिन उस हवा का घनत्व क्या होगा? क्या असंख्य लोगों की सांसों से दूषित होने के बाद हवा की रिसायकलिंग कर उसे फिर से जीवनदायिनी बनाने वाले पेड़-पौधे वहां मौजूद हैं? वहां की चट्टानी सतह पर खेती कैसे होगी?

चांद और मंगल के बेहद कम गुरुत्वाकर्षण में हवा में असहाय उड़ते रहना कुछ दिनों के लिए तो रोमांचक लग सकता है, लेकिन ऐसा जीवन किसी को रास नहीं आने वाला। विज्ञान इनमें से कुछ मसलों के हल देर-सबेर खोज भी ले तो पृथ्वी के अरबों लोगों की ढोकर वहां कैसे ले जाएगा कोई? विस्थापन की इस प्रक्रिया में हजारों साल लगेंगे। अब यह तो नहीं हो सकता कि दुनिया के मुट्ठी भर साधन संपन्न लोग चांद या मंगल पर जाकर अपनी बस्तियां बसा लें और पृथ्वी के बाकी लोगों को प्रलय के रहमोकरम पर छोड़ दिया जाए।

हाल के कुछ दशकों में एयरकंडीशनर या हीटर जैसे संसाधनों के अप्रत्याशित रूप से बढ़ते उपयोग ने ग्लोबल वार्मिंग को गति दी है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले इन यंत्रों का उपयोग बहुत आवश्यक होने पर ही करें। हमारी ये छोटी-छोटी कोशिशें मिलकर हमारी पृथ्वी की उम्र थोड़ी लंबी अवश्य करेंगी। अगर दुनियाभर की सरकारों और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद पृथ्वी अपनी उम्र पूरी कर ही चुकी है और निकट भविष्य में सूरज इसे निगल जाने वाला है या कोई धूमकेतु आकर इससे टकरा ही जाने वाला है। तब भी हमारे पास अभी जितना वक्त है उसे पृथ्वी और उसकी सभी संतानों के बीच अपना प्यार और संवेदनाएं बांटकर सार्थक और मूल्यवान बनाने का विकल्प तो हमारे पास बचा ही हुआ है।

सोशल फोरम

ब्रह्मांड के नियम

अधिकांश धार्मिक कर्मकांड ईश्वरीय सत्ता की कृपा और उसके अनुग्रह के लक्ष्य से किए जाते हैं। उनमें ईश्वर की परिकल्पना एक मनुष्य सरीखी होती है, जो खुश होकर कृपा करता है और नाखुश होकर दंड देता है। सभी कर्मकांड प्रतीकात्मक हैं, जो कालांतर में अंधविश्वास में परिणत होने की प्रवृत्ति रखते हैं।

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अंतरिक्ष विज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों के अनुसार ज्ञात ब्रह्मांड के महत्तम और सूक्ष्मतम में नियमबद्धता है। क्वांटम भौतिकी परमाणु में इलेक्ट्रॉन की तरंगनुमा गतिशीलता तक पहुंचकर रुक गई है। यह वह बिंदु है, जहां निरीक्षक इलेक्ट्रॉन को जिस स्थिर स्थिति (कण के रूप) में देखता है, वह निरीक्षण का क्षण बीतते-बीतते बदल जाती है तो एक साथ उसका आकार और उसकी गति का बोध नहीं हो पाता। वह कण है या तरंग? दोनों, क्योंकि वह ऊर्जा के खंड की तरह काम करता है। बिग बैंग वाले स्टीफन हॉकिंग ने साफ कहा था कि जो भी है, नियमबद्ध है, किसी परम चेतना से संचालित नहीं है जिसे निर्णय लेने और नियम बदलने की छूट हो। इस नियमबद्धता को ही कोई ईश्वर का नाम देना चाहे तो कोई दिक्कत नहीं। आइंस्टाइन तो इस नियमबद्धता को ही ईश्वर का पर्याय तक बताने लगे थे। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वे अन्य अधिकांश वैज्ञानिकों की तरह न तो नास्तिक हैं, न धार्मिक विश्वास के अर्थ में आस्थावान।

वे अपने को अज्ञेयवादी कहना ज्यादा उचित समझते थे। उनका दृढ़ मत था कि ईश्वर का मनुष्य के जीवन व्यापार से कोई लेना-देना नहीं है। न ही आइंस्टाइन परलोक या पुनर्जन्म को मानते थे। वे काफी हद तक ईश्वर संबंधी स्पीनोजा के विचारों से सहमत थे जिनके अनुसार ईश्वर समस्त प्राकृतिक और भौतिक नियमों का कुल योग है जिसमें भौतिक पदार्थ और विचार दोनों समाहित हैं। किंतु वह न तो कोई व्यक्तिगत सत्ता है, न ही सृष्टिकर्ता, जो भी हो, एक ऐसे मानवीय ईश्वर के लिए फिलहाल कोई गुंजाइश नहीं, जो स्वायत्त निर्णय लेकर ब्रह्मांड के नियमों को बदल सके, जो किसी से खुश होकर उसे पुरस्कृत और किसी से नाखुश होकर उसे दंडित कर सके, जो आ पड़े उसे भोगना ही है। चाहे रोकर भोगें, चाहे हंसकर।

-फेसबुक वॉल से

लोहिया की समाजवादी धारा का स्मरण

भारतीय समाजवादी आंदोलन के वैचारिक नायक डॉ. राममनोहर लोहिया की 114 वीं जयंती ऐसे समय में हैं जब देश में आम चुनाव शुरू हो गए हैं। सत्ताधारी दल जहां चार सौ के आंकड़े को पाने की घोषणा कर रहा है, वहीं विपक्षी दल संविधान/लोकतंत्र बचाने के लिए जनता से अपील कर रहे हैं। ऐसे में लोहिया की वैचारिक और राजनैतिक यात्रा का स्मरण करना बेहद प्रासंगिक है। देश की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस की एकतरफा जीत के बाद प्रधानमंत्री बने पंडित जवाहर लाल नेहरू की नीतियों को लेकर लोहिया सड़क से संसद तक विरोध दर्ज कराते थे। कांग्रेस सरकार की अनेक योजनाओं का उन्होंने तथ्य और तर्क दोनों आधार पर विरोध किया। आम चुनाव में लोहिया ने जनता को आंदोलित करने के लिए जवाहर लाल नेहरू के संसदीय क्षेत्र फूलपुर से चुनाव लड़कर जनहित के अनेक मुद्दों पर जनता को जागरूक करते हुए लोकतंत्र में विपक्ष के महत्व को बताया।

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

लोहिया ने सप्त क्रांति, दाम बांधों सहित अर्थ नीति, भाषा नीति को जनता के बीच विमर्श का केंद्र बनाकर लोकतंत्र को सशक्त किया। अहिंसात्मक और सत्याग्रही सिविल नाफरमानी को लोहिया भारत के लिए जरूरी लोकतांत्रिक साधन मानते थे। उन्होंने राजनीति में पांच सुधारों क्रमशः अनुशासन दंड, निर्वाचन सावधानी, ओहदेदार की आंतरिक मर्यादा, साथियों और निर्वाचकों का जनमत, कमेटी की सदस्यता या ओहदे से अलगाव पर जोर दिया। इसी क्रम में समाजवादी सदस्यों को लोहिया ने साहित्य, जानकारी एवं ज्ञानवृद्धि की भूख पर जोर देने का आग्रह किया। लोकतंत्र में राजनैतिक कार्यकर्ताओं को अरमान, कर्म, अनुशासन और संगठन पर जोर लोहिया की प्राथमिकता में शामिल था। लोहिया भारत के इकलौते मौलिक चिंतक थे, जो वैचारिक और हाशिये के समाज दोनों में लोकप्रिय थे जिसका कारण वैश्विक एवं स्थानीय मुद्दों की लड़ाई लड़ने की उनकी जिजीविषा थी। सोशलिस्टों की सदन में संख्या कम होने के बाद भी वे नेहरू नीति कांग्रेस सरकार को सदन में ही घेर लेते थे। लोहिया की पार्टी के सदस्य राम सेवक यादव, कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया, मधू लिमये, महाराज सिंह भारती की बहस ने संसदीय परंपरा को जनकेंद्रित बनाने में सहयोग किया। लोहिया की धारा से निकले समाजवादी नेताओं ने उत्तर भारत से लेकर तटीय प्रदेशों तक अपनी नेतृत्व क्षमता से सत्ता के केंद्र में बने रहे।

यूपी बिहार में लोहिया की धारा से निकले समाजवादी दलों ने जातीय जनगणना और पीडीए का जो मुद्दा उठाया है उसकी आधारशिला साठ के दशक में सोशलिस्टों ने ही रखी थी। पिछड़े पांवे सौ में साठ का नारा लोहिया के दौर में ही मुखर हुआ था। आरक्षण और प्रतिनिधित्व की समस्या के समाधान के लिए वंचित समूहों को राजनीति की मुख्य धारा में लाने के प्रबल पैरोकार लोहिया ही थे। आज जब लोकसभा चुनाव सर पर हैं, ऐसे में मतदाताओं को उनका अधिकार एवं कर्तव्य बताते हुए मुद्दा आधारित राजनीति करने वाले दलों को समर्थन देना ही लोहिया को सच्ची श्रद्धांजलि होगा। राजनीति में सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं को अध्ययन, जमीनी संघर्ष से उपजे अनुभव के आधार पर जनता के बीच संवाद करना चाहिए। यही लोहियावादियों की धारा रही है। लोहिया का जीवनदर्शन यह संदेश देता है कि निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की संख्या कम होने के बाद भी पूर्ण बहुमत की सरकार पर भी दबाव बनाया जा सकता है और उसे जनहित में कार्य करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

पानी की हर बूंद कीमती

इस पृथ्वी पर मनुष्य, पशु-पक्षी व पेड़-पौधों के जीवन व अस्तित्व के लिए तमाम महत्वपूर्ण जरूरतों में से जल सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व है। जल के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

वर्तमान में पूरी दुनिया जल संकट से जूझ रही है। जल को लेकर भारत की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। दुनिया की लगभग 17 फीसदी आबादी वाले देश भारत के पास दुनिया के जल का मात्र चार फीसदी हिस्सा ही है। देश में शहरों के साथ-साथ अब गांवों में भी जल संकट लगातार गहराता जा रहा है।

डीपी यादव
लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, लखनऊ

हाल ही में जारी नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत के कई शहर गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत वर्ष में जहां 2020 तक 10 करोड़ से भी अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना कर रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ वर्ष 2030 तक लगभग 40 फीसदी लोगों के लिए जल उपलब्ध नहीं होगा, जो कि एक बहुत ही गंभीर और चिंताजनक बात है। जल प्रदूषण के कारण जल गुणवत्ता के मामले में भी भारत की स्थिति चिंताजनक है। विश्व जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों की सूची में 120 वें स्थान पर है। इसको हम इस प्रकार भी कह और समझ सकते हैं कि दुनिया में 122 देशों में से 119 देश भारत से अच्छा और शुद्ध जल पी रहे हैं। ये सभी आंकड़े भारत में जल की भयावह स्थिति को बताने के लिए पर्याप्त हैं।

जल की बदहाल स्थिति बताती है कि जल प्रबंधन को लेकर अगर भारत वर्ष सावधान और गंभीर नहीं हुआ तो भविष्य में इसके गंभीर व भयावह परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। जल की गंभीर समस्या को देखते हुए भारत की सरकार को चाहिए कि इस समस्या के समाधान के लिए एक वृहद रूपरेखा और कार्य योजना बनाए जिससे भविष्य में देश को जल संकट से न जूझना पड़े, क्योंकि जल है तो जीवन है। रहीम ने अपने दोहे के माध्यम से बहुत पहले ही कह दिया था कि-रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे मोती, मानुष, चून।।

भाजपा की चौथी सूची में तमिलनाडु व पुडुचेरी के उम्मीदवार घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनावों के लिए शुक्रवार को 16 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी। इसमें तमिलनाडु के 15 और पुडुचेरी के उम्मीदवार का नाम शामिल है। पार्टी की ओर से जारी इस सूची के मुताबिक चेन्नई उत्तर से आर सी पॉल कनगराज, तिरूवल्लूर से पॉन वी बालागणपति, तिरवन्नमलाई से ए अश्वथामन, नामक्कल से के पी रामलिंगम, त्रिपुर से ए पी मुरुगनांदम, पोलाची से के वसंतराजन, करूर से वी वी सेंथिलनाथन, चिदंबरम से श्रीमती पी कार्तियायनी, नागपत्तिनम से एस जी रमेश,तंजावुर से एम मुरुगानंदम, शिवगंगा से देवनाथन यादव, मदुरै से राम श्रीनिवासन, विरूद्धनगर से राधिका शरतकुमार और टेनकासी से बी जॉन पांडियान को उम्मीदवार बनाया गया है। पुडुचेरी की एकमात्र लोकसभा सीट से भाजपा ने ए नमाशिवायम को पार्टी ने टिकट दिया है।

इससे पहले गुरुवार को भाजपा ने पूर्व राज्यपाल तिमिलसाई सौन्दर्यराजन, पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सहित राज्य से नौ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। इस प्रकार तमिलनाडु के लिए भाजपा ने अब तक 24 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। राज्य की 39 लोकसभा सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा ने दो मार्च को 195 लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसके बाद, भाजपा ने 13 मार्च को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची और 21 मार्च को नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की थी।

दिग्गजों की सियासत दांव पर, टिकट से बचेगी साख

- वैभव शुक्ला, पीलीभीत

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तराई की सियासत इन दिनों दिग्गजों की धड़कनें बढ़ा रही है। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर टिकट को लेकर भाजपा हो या फिर विपक्षी समाजवादी पार्टी। दोनों में ही प्रत्याशी तय करने में गहन मंथन हो रहा है। भाजपा सांसद मेनका गांधी और वरुण गांधी की इस हाई प्रोफाइल इस सीट पर सभी की नजर है। ऐसे कई दावेदार हैं जिनका सियासी सफर दांव पर लगा है। कोई दिल्ली में डेरा डाले है तो कोई अन्य विकल्प तलाशने में जुट गया है।

पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर सर्वाधिक दावेदार भारतीय जनता पार्टी में हैं। इनमें से कई ऐसे हैं, जिन्होंने नगर निकाय चुनाव 2023 संपन्न होने के साथ ही अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। समाजवादी पार्टी की सरकार में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री रहे हेमराज वर्मा भाजपा भी टिकट के प्रबल दावेदारों में हैं। उन्होंने 2007 में बसपा से सदर विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ा, लेकिन जीत नहीं सके। 2012 में सपा के टिकट पर बरखेड़ा विधानसभा सीट से जीते। इसके बाद उन्हें राज्यमंत्री भी बनाया गया। 2017 और 2022 का विधानसभा चुनाव सपा से ही बरखेड़ा सीट से लड़ा, लेकिन दोनों में हार मिली। 2019 में लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के टिकट पर लड़ा। उस वक्त 4,48,922 वोट मिले थे। भाजपा के वरुण गांधी ने जीत दर्ज की थी। हाजी रियाज अहमद के निधन के बाद तराई क्षेत्र में सपा के मजबूत लीडरों में उन्हीं की गिनती थी। मगर अब वह भाजपाई हैं और टिकट की दावेदारी कर रहे हैं।

दूसरा नाम है किशनलाल राजपूत का। वह 2017 में भाजपा से बरखेड़ा सीट से विधायक बने। 2022 उनकी जगह स्वामी प्रवक्तानंद को भाजपा ने टिकट दे दिया। अब वह लोकसभा चुनाव में भाजपा से टिकट की मांग कर रहे हैं। उत्तराखंड के पूर्व सांसद बलराज पासी ने भी पीलीभीत -बहेड़ी लोकसभा सीट पर दावेदारी की है। वह नैनीताल सीट से 1991-96 तक सांसद रहे थे। वर्तमान में वह राज्य बीज एवं जैविक उत्पाद प्रमाणीकरण संस्था उत्तराखंड के अध्यक्ष हैं। वह अपनी सियासत को रफ्तार देने के लिए करीब एक साल से जनपद में सक्रिय हैं। भाजपा के ही पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पीसीयू के सभापति सुरेश गंगवार भी दावेदार हैं।

- निकाय चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हुए थे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा
- भाजपा के पूर्व विधायक किशनलाल का तय होगा सियासी सफर
- नैनीताल-बहेड़ी से सांसद रहे बलराज पासी ने भी बढ़ाई है सक्रियता
- पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के सामने बड़ी चुनौती

हेमराज वर्मा

किशनलाल राजपूत

फूलबाबू

... जा सकते हैं सपा में

भाजपा से टिकट पाने के लिए दावेदारों की लंबी फेहरिस्त पर विपक्षी दलों की भी नजर है ।एक दावेदार के बारे में चर्चा है कि वह सपा आलाकमान के भी सपर्क में हैं। भाजपा से टिकट नहीं मिला तो साइकिल की सवारी कर सकते हैं।

लगातार तीन चुनाव हारे फूलबाबू का सियासी कद तय होगा

इसी तरह से सपा से टिकट की दौड़ में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार समेत कई चेहरे हैं। जिनके सियासी सफर का भविष्य लोकसभा चुनाव में तय होगा। बसपा से टिकट पाने में कामयाब हुए पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूलबाबू भी सियासी तलवार की धार पर खड़े हैं ।वह बीसलपुर विधानसभा सीट पर 1996, 2002, 2007 में हुए तीनों चुनाव में लगातार विधायक बने। मगर इसके बाद 2012, 2017, 2022 के चुनाव में हार की हैट्रिक भी बनाई। इसके अलावा तीन बार लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमा चुके हैं। ऐसे में टिकट मिलने के बाद उनकी चुनौती और बढ़ गई है।

चुनाव कमाल का...

- 1998 देश में 12वें लोकसभा चुनाव का गवाह बना। इस चुनाव में भाजपा को 182 सीटें मिली, जबकि कांग्रेस के खाते में 141 सीटें आईं। सीपीएम ने 32 सीटें जीती और सीपाआई के खाते में सिर्फ नौ सीटें आई। समता पार्टी को 12, जनता दल को 6 और बसपा को 5 लोकसभा सीटें मिली। क्षेत्रीय पार्टियों ने 150 लोकसभा सीटें जीतीं।
- 1998 में भाजपा ने शिवसेना, अकाली दल, समता पार्टी, एआईएडीएमके और बिजू जनता दल के सहयोग से सरकार बनाई और अटल बिहार वाजपेयी फिर से प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे, लेकिन इस बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 13 महीने में ही गिर गई।
- 1999 के आम चुनाव में कांग्रेस और सिमटी। इस चुनाव में विदेशी सोनिया बनाम स्वदेशी वाजपेयी का माहौल बनाया गया। भाजपा को सबसे ज्यादा 182 सीटें मिली और वाजपेयी केंद्र में सरकार बनाने में कामयाब रहे, जबकि कांग्रेस के खाते में सिर्फ 114 सीटें आई थीं। सीपीआई ने चुनाव में 33 सीटें जीतीं।
- 1999 में यह पहली बार था जब अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई में केंद्र में किसी गैर-कांग्रेसी सरकार ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।
- 2004 के 14वें लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का 'इंडिया शाइनिंग' का नारा असफल रहा और कांग्रेस सत्ता में लौटी। इस चुनाव में कांग्रेस को 145 सीटें मिलीं। जबकि भाजपा के खाते में 138 सीटें आई। सीपीएम के खाते में 43 सीटें गई और सीपीआई 10 सीटें जीतने में कामयाब रही।

चुनावी तीर

राजनीति का स्तर इस तरह से गिराना न तो प्रधानमंत्री को शोभा देता है और न ही उनकी सरकार को। सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं पर दबाव बनाने के लिए ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। केजरीवाल को निशाना बनाया जा रहा है और यह असंवैधानिक है। ऐसी शर्मनाक घटना इतिहास में पहली बार देखी जा रही है।

- प्रियंका गांधी वाड्रा, राष्ट्रीय महासचिव, कांग्रेस

कांग्रेस को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए भाजपा जिस तरह से परेशान कर रही है यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। यह निंदनीय है। भाजपा की मानसिकता मनुवादी है। भाजपा चाहती है कि असमानता कायम रहे, जाति व्यवस्था और मजबूत हो, बेरोजगारी बढ़नी चाहिए, किसानों की समस्याएं हल नहीं होनी चाहिए। विपक्षी दलों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं ताकि चुनाव लड़ने के लिए पैसा न रहे।

- सिद्धरमैया, मुख्यमंत्री, कर्नाटक

भाजपा के 30 स्टार प्रचारक करेंगे 300 से ज्यादा रैली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय नेतृत्व व मुख्यमंत्री की सभाओं पर ज्यादा फोकस, प्रचारकों में सिर्फ हेमा फिल्मी स्टार
- राज्य में रैलियों से लेकर धुआंधार प्रचार की जिम्मेदारी तय, भाजपा की 'त्रिमूर्ति' संभालेगी चुनाव की बागडोर

अमृत विचार। भाजपा ने प्रदेश में सभी 80 सीटों पर जीत के लिए तीन सौ रैलियां करने की योजना बनाई है। रैलियों से लेकर धुआंधार प्रचार किस स्टार प्रचारक का कब और कहां होगा, इसका रुटचार्ट और प्रबंधन की जिम्मेदारी भाजपा की 'त्रिमूर्ति'' संभालेगी। अलग-अलग मोर्चों पर नेताओं की जिम्मेदारी तय की गई है।

भाजपा की राज्य चुनाव संचालन समिति की प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को हुई बैठक में तीन अलग-अलग मंत्रियों को इसकी कमान सौंपी गई है। रैलियों के दौरान किसकी जिम्मेदारी रहेगी, कौन अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालेगा, इसके साथ चुनाव प्रबंधन किसके हाथ में रहेगा, इसको लेकर कार्य बांटे गए। इसके अनुसार जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के पास चुनावी रैलियों की जिम्मेदारी होगी, तो कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद व्यवस्था पर नजर रखेंगे, जबकि जेपीएस राठौर बाकी चुनाव प्रबंधन को देखेंगे। संचालन समिति की देखरेख में भाजपा 300 से ज्यादा चुनावी रैलियां करेगी।

राज्य चुनाव संचालन समिति ने प्रदेश में 30 स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम तय करने का कार्य भी लगभग पूरा कर लिया है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व धर्मेंद्र प्रधान शामिल हैं।

प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, स्मृति ईरानी, डॉ दिनेश शर्मा, संजीव बाल्यान, जसवंत सैनी, हेमा मालिनी, अशोक कटारिया, सुरेंद्र नागर, जनरल वीके सिंह, बीएल वर्मा, राजवीर सिंह 'राजू भईया', एसपी सिंह बघेल, साध्वी निरंजना ज्योति, कांता कदम, रजनीकांत माहेश्वरी, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र कश्यप, जेपीएस राठौर, भोला सिंह शामिल हैं।

होली बाद गाढ़ा होगा मोदी-योगी व जयंत की रैली का रंग

प्रदेश में भाजपा समेत सभी राजनीतिक दलों का चुनावी रंग होली के बाद देखने लायक होगा। सबसे पहले रैलियों की शुरूआत पश्चिमी उप्र. के जाटलैंड से होगी। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद,रामपुर और पीलीभीत में कड़ा मुकाबला है। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सबसे ज्यादा मांग है। संगठन इसे अनसुना भी नहीं कर रहा है। बीते विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान बिल को लेकर इन इलाकों में जबरदस्त आक्रोश था, तब योगी ने ही कमान संभाली और विरोध में लोकदल और सपा के गठबंधन के बावजूद रिकार्ड सीटों पर विजय मिली। इस बार माहौल बेहतर है, चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने और लोकदल से गठबंधन के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की मांग भी खूब हो रही है। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की टीम भाजपा के साथ कहीं सयुंक्त तो कहीं अकेले रैली व रोड शो करेगी।

राहुल-अखिलेश संभालेंगे इंडिया का मोर्चा

इंडिया गठबंधन से राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव और शिवपाल यादव मुख्य कमान संभालेंगे। बसपा प्रमुख मायावती भी कुछ सीटों पर प्रचार करने जा सकती है। कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी समेत आईएनडीआईए गठबंधन के कई नेताओं की चुनावी रैलियां होंगी।

बसपा की सोशल इंजीनियरिंग विपक्ष के लिए बन रही चुनौती

- चुनाव डेस्क, लखनऊ

अमृत विचार। साल 2006 में सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूले से प्रदेश में पूर्ण बहुमत की बसपा सरकार बनाने वाली मायावती की चुप्पी से राजनैतिक दलों में बेचैनी बनी हुई है। यह बेचैनी बसपा द्वारा अब तक प्रत्याशियों की अधिकारिक सूची न घोषित होने से बनी हुई है। एनडीए और इंडिया गठबंधन की राजनीति में बसपा के प्रत्याशियों की ट्रंप का इक्का सरीखे स्थिति बन गई है, माना जा रहा है कि बसपा के प्रत्याशी तीसरा मोर्चा भले ही न बन सकें, मगर स्थानीय स्तर पर मतों की बड़ी सेंधमारी कर संभावित परिणाम प्रभावित कर सकते हैं।

लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है, देश में सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में भाजपा व सपा ने अधिकांश सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, शेष सीटों पर होली बाद घोषित किये जाने की बात कही जा रही है। मगर, बसपा साइलेंट मोड में बनी हुई है, लोकसभा चुनाव को लेकर मायावती की चुप्पी के सियासी गलियारों में तरह- तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। अबतक घोषित हो चुके प्रत्याशियों को देखते हुए सोशल इंजीनियरिंग का दोबारा फार्मूला दोहराने की चर्चाएं शुरू हो गईं हैं। अकबरपुर, रनिया, उन्नाव, आयोध्या, धरोहरा व पश्चिम उप्र. में आधा दर्जन ब्राम्हण प्रत्याशियों से जहां एनडीए गठबंधन (भाजपा) के प्रत्याशियों के लिए कठिनाई पैदा हो चुकी है वहीं दलित और मुस्लिम प्रत्याशियों के घोषित होने से इंडिया गठबंधन(सपा) के प्रत्याशियों की धड़कने बढ़ रहीं हैं।

सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय में बसपा अव्वल

बसपा के एमएलसी व लखनऊ मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर का कहना है कि कोई भाजपा की बी टीम कहता है तो कोई इंडिया गठबंधन का हितैषी होने का प्रमाण देता है। मगर वास्तव मे सर्व समाज को प्रतिनिधित्व देने का पहली बार मायावती ने काम किया था। साल 2006 में सबसे ज्यादा ब्राम्हण विधायक, मुस्लिम व दलित विधायकों के साथ सरकार बनाई गई थी। जिसे जनता आज भी दोहराना चाह रही हैं। फिलहाल, बसपा द्वारा प्रदेश के 18 मंडलों में सात सवर्ण(पांच ब्राम्हण), पांच मुस्लिम, तीन दलित, एक जाट व दो ओबीसी प्रभारी बनाए गए हैं। स्पष्ट है कि बसपा का प्रत्याशी जनता से जुड़ा होगा।

विपक्ष को झटका देने को दिया पल्लवी को प्रस्ताव

सपा के साथ अपना दल कमेरावादी के समझौता तोड़ने की शुक्रवार को घोषणा होते ही, बसपा द्वारा अपना दल की पल्लवी पटेल को समर्थन का आश्वासन और हाथी चुनाव चिन्ह पर प्रत्याशी उतारने का ऑफर देने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि पार्टी के भीम राव आंबेडकर ने चर्चाओं की पुष्टि नहीं की है। उनका कहना है कि ऑफर देने का विषय बसपा सुप्रीमो के स्तर का है, अभी तक किसी प्रकार की अधिकारिक जानकारी पार्टी की ओर से नही दी गई है। मालूम हो कि अपना दल की कृष्णा पटेल ने गुरुवार को इंडिया गठबंधन के तहत प्रयागराज की फूलपुर, मिर्जापुर व कौशांबी सीट पर प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया था। जिसके बाद सपा के अखिलेश यादव ने 2024 में गठबंधन की बात से इंकार कर दिया था।

रामपुर लोकसभा सीट का सीतापुर जेल कनेक्शन, बदल सकता है समीकरण

- सुहेल जैदी, रामपुर

- सपा-कांग्रेस गठबंधन से नेताओं का बदला सियासी मिजाज
- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने का लाभ लेते रहे हैं पूर्व मंत्री आजम खां

अमृत विचार : रामपुर लोकसभा सीट का सीतापुर जेल कनेक्शन रामपुर के सियासी समीकरण बदलने की ताकत रखता है। क्योंकि, सपा-कांग्रेस गठबंधन होने के बाद से नेताओं का सियासी मिजाज बदल गया है। शोला बयां मोहम्मद आजम खां रामपुर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने का लाभ लेते रहे हैं। हालांकि, भाजपा हाईकमान ने लोकसभा उप चुनाव 2023 में जीते घनश्याम सिंह लोधी को सबसे पहले टिकट देकर अपने पत्ते खोल दिए हैं। आजादी के बाद वर्ष 1952 में हुआ पहला लोकसभा चुनाव देश के पहले शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद ने लड़ा था। इसके बाद रामपुर लोकसभा सीट को लेकर चर्चाओं में रहता है।

नूरमहल कभी कांग्रेस की धुरी हुआ करता था। लेकिन, समय के साथ बदलाव आता गया और सियासी बिसात के राजनैतिक मोहरे आजम खां के साथ होते गए। कभी रामपुर का चुनाव इस तर्ज पर होता था बड़ा वोट मिक्की मियां (लोकसभा) और छोटा वोट आजम खां (विधानसभा) को जाता था। लेकिन, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने वर्ष 1996 में लोकसभा चुनाव अपने दमखम पर लड़ा और भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र शर्मा को करारी शिकस्त देते हुए यह सीट छीनकर कांग्रेस की झोली में डाल दी। लेकिन,वर्ष 1998 में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रामपुर लोकसभा जीत ली और बेगम नूरबानों को करीब साढ़े हजार वोटों से शिकस्त दे दी। इसके बाद वर्ष 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में बेगम नूरबानो ने एक बार फिर जीत दर्ज की। वर्ष 2004 में सपा की साइकिल पर सवार होकर फिल्म अभिनेत्री रामपुर आईं और लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंच गईं। लेकिन, वर्ष 2014 में हुए चुनाव में मुरादाबाद के डॉ. नेपाल सिंह ने भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज कर ली। इसके बाद वर्ष 2019 में पूर्व मंत्री आजम खां ने लोकसभा चुनाव जीतकर संसद का रुख किया। वर्ष 2022 में आजम खां द्वारा लोकसभा सीट से त्याग पत्र देने के बाद हुए लोकसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने आसानी से चुनाव जीत लिया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के टिकट के लिए कई दावेदार थे लेकिन, पार्टी हाईकमान ने घनश्याम सिंह लोधी पर ही दांव लगाया है। जबकि, सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर का कहना है कि लोकसभा टिकट मामले में अंतिम निर्णय पूर्व मंत्री आजम खां को लेना है। पूर्व सांसद बेगम नूरबानो भी वर्ष 2024 का चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी में थीं और उन्होंने ऐलान कर दिया था कि वह चुनाव लड़ेंगी। नूरमहल को करीब 20 से 25 प्रतिशत हिन्दू वोट के अलावा दलित और सिखों को वोट मिलता है। आजम खां पुरानी रवायत को बरकरार रखते हुए बेगम नूरबानो को गठबंधन प्रत्याशी बनाते हैं तो रामपुर का चुनाव काफी दिलचस्प हो सकता है। हालांकि, यह मुश्किल है क्योंकि आजम खां का नवाबों से पंगा किसी से छिपा नहीं है। लेकिन, राजनीति में सबकुछ संभव है। कांग्रेस हाईकमान यदि गठबंधन में रामपुर सीट पर बेगम नूरबानो को चुनाव लड़ाती है तब भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी की राह मुश्किल हो सकती है।

पूर्व सांसद बेगम नूरबानो

पूर्व मंत्री आजम खां

घनश्याम सिंह लोधी

अखिलेश की 'प्रेशर-पॉलिटिक्स' में बिखरे सहयोगी

- अजय दयाल, लखनऊ

- गठबंधन से पहले प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस पर बनाया था दबाव
- सहयोगी दलों को रोकने में भी आजमा रहे यही दांव, गुटबंदी हो रही हावी

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में सत्तासीन दल भारतीय जनता पार्टी को ललकारने की तैयारी कर रही समाजवादी पार्टी अपनों को ही साथ लेकर चलने के संघर्ष में हलकान है। मुख्य विपक्षी होने के नाते समाजवादी पार्टी पर भाजपा की विचारधारा के साथ न चलने वाले 'वोटबैंक' की नजर तो है लेकिन एक के बाद एक सहयोगी दलों के बिखराव से संदेश साकारात्मक नहीं जा रहा। हकीकत तो यह है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की 'प्रेशर-पॉलिटिक्स' के चक्कर में सहयोगी नहीं फंस रहे।

अभी बदल भी सकते हैं टिकट

सूत्र बता रहे हैं कि सपा में टिकटों के बंटवारे पर अभी आम सहमति नहीं है। संभावना है कि अखिलेश टिकटों में अभी और बदलाव कर सकते हैं। ताजा बदलाव सपा प्रमुख ने दिल्ली से सटी गाजियाबाद सीट पर महेंद्र नागर की जगह राहुल अवाना को अपना उम्मीदवार बना दिया। वहीं इससे पहले भी बदायूं सीट से अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव को टिकट मिला था लेकिन फिर उनका टिकट काटकर चाचा शिवपाल को टिकट दिया गया। फिर बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।

हाल-फिलहाल की बात की जाए तो गठबंधन को लेकर कांग्रेस के ठंडे रवैये के मद्देनजर अखिलेश ने सीटों पर समझौता होने का इंतजार किए बगैर ही पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी थी। इस सूची में 16 नाम थे और इससे पहले अखिलेश ने कांग्रेस को 11 सीटें देने की पेशकश भी की थी। हालांकि कांग्रेस के खाते में आईं 17 सीटों पर भी अभी तक उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। इस बीच सपा निरन्तर प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस में तेजी लाने को उकसा रही है। उधर, सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन हो जाने के बावजूद तालमेल नजर नहीं आ रहा और इधर सपा भी अपने सहयोगियों को कांग्रेस के चक्कर में नजरंदाज कर रही। ऐसे में सहयोगी बिखर रहे हैं। शुक्रवार को ही इस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने घोषणा की कि वह अपने बूते उप्र की 27 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। देखा जाए तो उप्र. विस. चुनाव 2022 के बाद यह पांचवीं पार्टी है, जिससे अखिलेश का नाता टूटा है। इससे पहले महान दल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल, अपना दल कमेरावादी के साथ गठबंधन टूट चुका है।

भाजपा को जिताने के लिहाज से टिकट दे रही सपा

जनवादी पार्टी सोशलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में सपा को भाजपा की बी टीम बताते हुआ कहा कि सब सीट पर टिकट भाजपा को ही जिताने के लिहाज से बांटे जा रहे हैं। संजय सिंह चौहान इस बार घोसी से लोकसभा का चुनाव अपने सिंबल पर लड़ेंगे। संजय का आरोप है कि वह घोसी से ही सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ना चाहते थे, अखिलेश यादव उनको आश्वासन भी देते रहे लेकिन टिकट देने के समय उन्होंने राजीव राय को टिकट दे दिया। वहीं शुक्रवार को सपा से टिकट मिलने की उम्मीद न पूरी होने के बाद आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने भी नगीना से पर्चा भर दिया है।

अयोध्या मुद्दे से मिशन-80 को हकीकत में बदलने की तैयारी

40 साल पहले कांग्रेस के नाम 83 सीटें जीतने का करिश्मा

अब प्रदेश की सभी सीटें जीतने का भाजपा बना रही माहौल

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: कांग्रेस के पक्ष में 40 साल पहले की सहानुभूति लहर से इसबार अयोध्या मुद्दे की बराबरी करना बड़ी चुनौती होगी। तब कांग्रेस ने देश की कुल 518 सीटों में 415 और उत्तर-प्रदेश (उत्तरांचल सहित) की कुल 85 मे से 83 लोकसभा सीटें जीतने का रिकार्ड बनाया। अब भाजपा और संघ अयोध्या मुद्दे से मिशनः 80 को हकीकत में बदलने का माहौल बनाने में जुटी हैं। मगर हर नारा हकीकत में बदले, यह मुमकिन नहीं।

देश के लिए 1984 का दौर बहुत कठिन था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर, 1984 को नई दिल्ली के सफदरगंज रोड स्थित उनके आवास पर सुबह 9:30 ताबड़तोड़ गोलियां दागकर हत्या कर दी गई थी, पूरे देश में गम और गुस्सा का माहौल था। राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने के दो महीने के भीतर ही 1984 का लोकसभा चुनाव हुआ। दिसंबर 1984 में लोकसभा की 542 में 515 सीटों पर ही चुनाव हुए थे। असम की 14 और पंजाब की 13 सीटों पर चुनाव एक साल बाद सितंबर 1985 में हुए। इन चुनावों में कांग्रेस को 542 में से 415 सीटों पर जीत मिली थी। इतिहास में पहली बार कांग्रेस को मिले वोटों का प्रतिशत 49.1 प्रतिशत पहुंचा। विपक्ष को जमानत बचानी मुश्किल हो गई, भाजपा दो सीटों पर सिमट गई, भाजपा के लगभग 50 फीसदी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। उसे प्राप्त वोटों का प्रतिशत 7.74 रहा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को इस चुनाव में 22 सीटों के साथ 5.87 फीसदी वोट मिले थे। भारतीय कम्युनिस्ट (भाकपा) 2.71 प्रतिशत वोट पाकर 6 सीटों पर जीती थी। 1984 के कांग्रेस के करिश्मे को आज तक कोई नहीं दोहरा पाया है।

लेकिन अगले पांच साल बाद से लेकर देश की राजनीति में इतने बदलाव आए कि अब 2024 के लोकसभा चुनाव में पांच सदी की प्रतीक्षा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राममंदिर का उद्घाटन लहर बना रहा है। भाजपा और संघ इसे भारत की अस्मिता और गौरव से जोड़कर पूरे देश में मतों का ध्रुवीकरण करने की कोशिश में जुटे हैं।

सवाल उठता है कि क्या भाजपा उप्र. की सभी 80 सीटें जीतने के संकल्प को पूरा कर पाएगी? चुनाव विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा नीत राजग तब की सहानुभूति लहर से इतर मनमोहन सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर की मदद से 2014 में उप्र. 73 सीटें हासिल कर चुकी है। यही नहीं, 2019 में कांग्रेस को 1984 में मिले मत प्रतिशत को भी पीछे छोड़ चुकी है। ऐसे में मिशन 80 कठिन जरूर है, पर नामुमकिन कतई नहीं है।

रालोद और सुभासपा भी है अब एनडीए का हिस्सा

समाजवादी पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में पांच सीटें हासिल की थीं। तब बसपा और रालोद के साथ गठबंधन था। पश्चिम में सपा की मददगार रही रालोद एनडीए का हिस्सा हो गया है। बसपा फिलहाल अकेले चुनाव लड़ रही है। 2019 के बाद से पूर्वांचल में सपा की मजबूत मददगार रही सुभासपा भी एनडीए का हिस्सा बन गई है। नोनिया चौहान बिरादरी में पकड़ रखने वाले दारा सिंह चौहान फिर भाजपा में लौट आए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान दारा सिंह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे।

बसपा का एकला चलो कहीं फायदा तो कहीं नुकसान

राजग व इंडिया गठबंधन की आमने-सामने की लड़ाई में बसपा का अकेले मैदान में होना कई जगह लड़ाई को त्रिकोणीय बनाएगा। बसपा के टिकटों के लिहाज से इस त्रिकोण का ज्यादा लाभ एनडीए के खाते में जा सकता है।

कांग्रेस परिवार से प्रत्याशी आए तो मजबूत किलेबंदी

अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस इस बार भी कड़ी टक्कर दे सकती है, यदि गांधी परिवार से प्रत्याशी आए। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा को पांच, बसपा को 10 और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी परंपरागत सीट अमेठी तक केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन इरानी से हार गए थे। सिर्फ रायबरेली से सोनिया गांधी एक मात्रा कांग्रेस से जीत सकीं थी। पिछले विधानसभा चुनाव तक इन जिलों में कांग्रेस के भी विधायक हुआ करते थे। वर्तमान में पार्टी का एक भी विधायक नहीं है। ऐसे में सपा से गठबंधन के बाद कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली में भी सपा के विधायकों से बड़ी उम्मीद रही होगी। मगर, भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में सपा के असरदार माने जाने वाले दो विधायकों-पूर्व मंत्री मनोज पांडेय और राकेश प्रताप सिंह को अपने पाले में लाकर तहलका मचा दिया। पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की पत्नी महाराजी प्रजापति वोट देने ही नहीं पहुंचीं। ऐसे में कांग्रेस के लिए अब अमेठी और रायबरेली से गांधी परिवार को उतारना किसी चुनौती से कम भी नहीं है।

हिंदू मतों के ध्रुवीकरण पर टिकी भाजपा की आस

चुनाव मैदान में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भावनाओं का उभार साफ दिख रहा है। ज्ञानवापी और मथुरा का प्रचार भी खूब हो रहा है। सीएए से ध्रुवीकरण करने की पूरी कोशिश दिख रही है। साथ ही सरकारी धन खर्च करके मोदी की गांरटी रथ के जरिए लाभार्थियों से सीधा संवाद करके गरीब-पिछड़ों को जमकर साधा गया। साथ ही इसबार विपक्ष में कांग्रेस-सपा का 2019 के मुकाबले सपा-बसपा-रालोद गठबंधन से कमजोर हालत में दिख रहा है। ऐसे में 80 में 80 न सही, लेकिन 1984 में जिस तरह 85 में 83 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं, उस तरह का परिणाम नजर आए तो चौंकना भी नहीं चाहिए।

राजीव गांधी ने ही दिखाई थी सियासत को रामपथ की राह

- 1989 के लोकसभा चुनाव का अभियान अयोध्या से शुरू किया था और मुद्दा बनाया था रामराज्य

इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : राजनीति की प्रयोगशाला के तौर पर अयोध्या कोई पहली बार अब वोट की सियासत के केंद्र में नहीं आई है। इससे पहले भी राम की अयोध्या ने इस तरह के सियासी मेले और झमेले देखे हैं। आज भले ही भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव की पटकथा अयोध्या से लिखने के प्रयास में दिख रही हो, लेकिन देश की सियासत को रामपथ की राह दिखाने का काम राजीव गांधी ने किया था। 1989 के लोकसभा चुनाव के अभियान की शुरुआत उन्होंने न सिर्फ अयोध्या से की थी, बल्कि रामराज्य को उस चुनाव का मुद्दा भी बना दिया था। यह अलग बात है कि कांग्रेस इस मामले में चूक गई और उसे बहुमत नहीं मिला। केंद्र में बीपी सिंह की भाजपा और कुछ अन्य दलों की समर्पित सरकार बन गई। दरअसल देश के सियासी एजेंडे में राम मंदिर और अयोध्या खुल करके आया वर्ष 1986 में जब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की वीर बहादुर सिंह सरकार थी। इसी साल फैजाबाद (अब अयोध्या) के जिलाधिकारी और एसएसपी के बयान और सहमति के आधार पर तत्कालीन जिला जज की अदालत ने विवादित रामजन्मभूमि का ताला खोल दिया था। लोकसभा का 1989 का चुनाव आया तो कांग्रेस ने अयोध्या से ही चुनाव अभियान की शुरुआत की। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की कैंटोनमेंट मैदान में पहली चुनावी रैली हुई। यहीं से राजीव गांधी ने अपने भाषण में देश में रामराज्य लाने की बात कही और मन्दिर/मस्जिद विवाद के मामले में कहा कि इसको सभी पक्षों की सहमति से हल करने का प्रयास किया जाएगा। एक तरफ जहां कांग्रेस ने यह दांव खेला वहीं दूसरी तरफ पहले से ही रामजन्मभूमि का मुक्ति का आंदोलन चला रही भाजपा, विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस ने कांग्रेस से इस मुद्दे को छीन लेने के लिए प्रस्तावित राम मंदिर के शिलान्यास की घोषणा कर दी। 1989 लोकसभा का आम चुनाव 22 व 26 नवंबर को होना था। इससे पहले 9 नवंबर 1989 को विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में रामजन्मभूमि मन्दिर का शिलान्यास कर दिया। जिसमें तमाम राजनीतिक हस्तियों सहित हजारों की तादात में साधु-संत शामिल हुए और राम मंदिर की नींव की पहली ईंट विहिप से जुड़े तबके एक दलित युवक कामेश्वर चौपाल के हाथों रखवाई गई। इसके पीछे भाजपा और विहिप की मंशा कांग्रेस के परंपरागत दलित वोट को छीन लेना भी था। और चुनाव परिणाम जब आये तो ऐसा दिखा भी। कांग्रेस सबसे बड़ा दल जरूर बनी लेकिन बहुमत से बहुत दूर रही। तब दूसरी सबसे बड़ी पार्टी जनता दल जो राष्ट्रीय मोर्चा का नेतृत्व करती थी, उसे अवसर दिया गया और वीपी सिंह देश के प्रधानमंत्री बन गए। तब उनके नेतृत्व की सरकार को भारतीय जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टियों ने बाहर से समर्थन दिया था। कांग्रेस के रणनीतिकारों में शुमार रहे मणिशंकर अय्यर ने अपनी आत्मकथा में बताया है कि दरअसल, 1989 के चुनाव अभियान की शुरुआत कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान के नागौर से करना तय किया था। कारण यह था कि 1949 में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने गांधी जयंती के मौके पर इसी नागौर से ही पंचायती राज व्यवस्था लागू की थी। कांग्रेस पार्टी ने 1989 के चुनाव का मुख्य मुद्दा भी पंचायत राज ही तय कर रखा था। लेकिन हुआ ठीक इसके उलट। न तो पंचायत राज के मुद्दे को लेकर कांग्रेस चुनाव में आगे आई और न ही चुनाव अभियान का श्रीगणेश नागौर से किया गया। मणिशंकर अय्यर अपनी आत्मकथा में आगे कहते हैं कि राजीव गांधी की फैजाबाद की पहली चुनावी रैली के भाषण का जो नोट्स था उसमें भी राम मंदिर या रामराज्य का बिंदु नहीं था। उनका कहना था कि राजीव गांधी के कुछ करीबी सलाहकार और खासकर शीला दीक्षित की राय पर अयोध्या से चुनाव अभियान का श्रीगणेश करने और पंचायती राज की जगह रामराज्य को मुख्य मुद्दा बनाया गया। मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि काश ऐसा न हुआ होता तो 1989 में कांग्रेस भले ही सरकार न बना पाती लेकिन सीटें इतनी कम न होतीं।



कांग्रेस की यह रणनीतिक चूक थी। अब 2024 के आम चुनाव में भाजपा की कोशिश तो राम मंदिर के निर्माण को केंद्र में रखकर चुनाव मैदान फतह करने की लगती है। लेकिन वहीं बहुत सारे सियासी पण्डितों और राजनीतिक विश्लेषकों को लगता है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर बन रहे राम मंदिर का मुद्दा चुनाव का मुख्य मुद्दा नहीं बन पाएगा, लेकिन इसका पर्याप्त प्रभाव चुनाव परिणाम पर असर जरूर डालेगा।

चुनाव कमाल का...

- देश में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या हर चुनाव के बाद बढ़ती ही जा रही है। नेशनल इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2004 में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या 128 थी जो वर्ष 2009 में 162 और 2014 में 185 और वर्ष 2019 में बढ़कर 233 हो गई। जहाँ एक ओर वर्ष 2009 में गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की संख्या 76 थी, वहीं 2019 में यह बढ़कर 159 हो गई। इस प्रकार 2009-19 के बीच गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या में कुल 109 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट में गंभीर आपराधिक मामलों में बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के विरुद्ध अपराध आदि को शामिल किया गया है।

होली के रंग में भंग डाल सकती है चुनाव की आचार संहिता

- नेताजी को महंगी पड़ सकती है होली की दावत
- हिदायतः चुनावी गतिविधियों पर रखे पैनी नजर

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार: सावधान हो जाइए। होली है, लेकिन आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। नेताजी को इस बार दावत देना महंगी पड़ सकता है। यह वोट के लिए प्रलोभन और उकसाने के दायरे में होगा। कार्रवाई हो सकती है। आयोग से ऐसी गतिविधियों पर नजर रखने के आदेश हैं। तीसरी नजर देख रही है। जिले में निगरानी टीमें सक्रिय हैं। हिदायत है ऐसी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए।

लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सियासी दलों में मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की होड़ लग गई है। ऐन-केन प्रकारेण चुनाव फतह की रणनीति है। वोट के लिए अंदरखाने में तरह-तरह की रणनीति बनाए जाने की खबर है। चुनाव के ठीक पहले होली पड़ गई। गिफ्ट और दावत देकर मतदाताओं को पक्ष में करने का प्रयास हो सकता है। चुनाव से इतर होली पर जश्न मनाने, नेताजी के साथ दावत उड़ाने की परंपरा पुरानी है, लेकिन इस बार ये महंगा पड़ सकता है। आयोग की जारी गाइडलाइन के अनुसार चुनाव के दौरान किसी भी मतदाता को रुपये, शराब या उपहार सहित दूसरे प्रलोभन के जरिए वोट लेने की कोशिश, पक्ष या विपक्ष में मतदान करने के लिए उकसाना या प्रेरित करना, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। इसके लिए दंड भी भुगतना पड़ सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि जिले में धारा 144 लागू है। आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। ऐसे में किसी भी मतदाता को वोट के लिए प्रलोभन देना दंडनीय अपराध है। होली में शराब, पैसा या गिफ्ट देना इसके दायरे में होगा। निगरानी टीमें लगाई गई है। पकड़े जाने पर विधिक कार्रवाई होगी।

गतिविधियों पर नजर रखेंगी 15 टीमें

जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए विधानसभा वार 15 टीमें लगाई है। इनको सक्रिय कर दिया गया है। यह होली के दौरान ऐसी गतिविधियों पर नजर रखेंगी। जिला निवार्चन अधिकारी नितीश कुमार ने शिकायत पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया है।

उल्लंघन पर हो सकती है 1 साल की सजा

आदर्श आचार संहिता के दौरान पक्ष या विपक्ष में वोट करने या न करने के लिए प्रलोभन देकर उकसाना या प्रेरित करना, मतदाता को रुपये, शराब या उपहार का प्रलोभन देना, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 के तहत अपराध है। इसका उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 171 के तहत एक वर्ष की जेल हो सकती है।

कंट्रोल रूम में करें शिकायत

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कोई भी व्यक्ति जिला प्रशासन से बनाए गए कंट्रोल रूम के फोन नंबर-05278-297499 पर शिकायत कर सकता है। कार्रवाई होगी।

सपा ने की विधानसभा उपचुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों की घोषणा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने लोकसभा चुनाव के साथ उत्तर प्रदेश की चार विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए शुक्रवार को अपने तीन उम्मीदवारों की घोषणा की। 'एक्स' पर एक पोस्ट में, समाजवादी पार्टी ने ददरौल विधानसभा क्षेत्र से अवधेश कुमार वर्मा को, गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र से राकेश यादव को और दुद्धी विधानसभा क्षेत्र से विजय सिंह गोंड को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी ने अभी तक लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। उत्तर प्रदेश की चार विधानसभा सीट पर उपचुनाव लोकसभा चुनाव के साथ चार चरणों में होंगे। राज्य की जिन चार विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है, वे शाहजहांपुर जिले की ददरौल, लखनऊ जिले की लखनऊ पूर्वी, बलरामपुर जिले की गैसड़ी और सोनभद्र जिले की दुद्धी विधानसभा सीट हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया था कि ददरौल सीट पर उपचुनाव चतुर्थ चरण में 13 मई को होगा जबकि लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव पांचवे चरण में 20 मई, गैसड़ी में छठे चरण में 25 मई और दुद्धी में सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा।

लखनऊ की पूर्वी सीट पर रस्साकशी

- किसका होगा टिकट और कितनों का गिरेगा विकेट
- चुनावी पिच पर भाजपा और सपा के पदाधिकारियों ने शुरू की भागदौड़
- आशुतोष टंडन गोपाल की मृत्यु के बाद पूर्व विधानसभा की सीट है रिक्त

आशुतोष टंडन

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा के साथ ही विधानसभा के उपचुनाव की रणभेरी भी बज चुकी है। पूर्व विधानसभा रिक्त है और भाजपा के कई पदाधिकारी इस सीट पर भाग्य आजमा कर विधानसभा पहुंचने की जुगत में है। हालांकि अभी भाजपा, कांग्रेस, बसपा व इंडिया गठबंधन के किसी दल ने अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

लखनऊ पूर्व की विधानसभा सीट आशुतोष टंडन गोपाल की मृत्यु के बाद खाली हो गई थी। इस सीट पर भी 20 मई को मतदान होना है। इस विधानसभा का अभी तीन वर्ष का कार्यकाल शेष है। उपचुनाव को लेकर भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी टिकट की दौड़ में शामिल हो गए हैं। उपचुनाव के लिए पार्टियां जल्द ही उम्मीदवार घोषित कर सकती है। सत्ताधारी दल भाजपा की ओर से कई नेता टिकट के लिए ताल ठोंक रहे हैं। पूर्व मंत्री कलराज मिश्र के पुत्र अमित मिश्र, ओपी श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, सुनील मिश्रा, संजय सिंह और अमित टंडन आदि के नाम चल रहे हैं।

कुछ महिला पदाधिकारी भी इस दौड़ में शामिल हैं। हालांकि अभी तक किसी का नाम फाइनल नहीं हुआ है मगर लोग दिल्ली दरबार तक दौड़ लगा रहे हैं। पार्टी उपचुनाव हर कीमत पर जीतना चाहती है इसलिए चेहरा भी सोच समझकर चुना जाएगा। सूत्रों की मानें तो प्रत्याशी चयन में महानगर भाजपा के पदाधिकारियों से भी राय ली जा सकती है। चेहरे तय करने से पहले मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय सांसद से भी सलाह ली जाएगी। अभी तक पैनल में किसी का नाम नहीं भेजा गया है। माना जा रहा है कि होली के बाद इस पर कवायद शुरू होगी। इस सीट के लिए अभी कांग्रेस और बसपा ने अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। जबकि समाजवादी पार्टी से टिकट के लिए आशुतोष वर्मा, रमेश श्रीवास्तव और अनुराग भदौरिया का नाम चल रहा है।

डीएमडीके ने की पांच उम्मीदवारों के नाम की घोषणा

चेन्नई। डीएमडीके के दिवंगत संस्थापक विजयकांत के बेटे वी विजय प्रभाकर तमिलनाडु में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी द्वारा घोषित पांच उम्मीदवारों में शामिल हैं। देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कषगम (डीएमडीके) राज्य में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही है। डीएमडीके महासचिव प्रेमलता विजयकांत ने मध्य चेन्नई, तिरुवल्लूर (एससी), कुड्डालोर, तंजावुर और विरुधुनगर के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की।

कांग्रेस ने नेताओं के चुनावी दौरों के समन्वय के लिए समिति बनाई

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के चुनावी दौरों के समन्वय एवं आयोजन के लिए शुक्रवार को दो-सदस्यीय समिति का गठन किया, जिसमें पार्टी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला शामिल हैं। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस समिति का गठन किया। समिति में सुरजेवाला के अलावा पार्टी नेता मनीष चतरथ को भी शामिल किया गया है। देश में 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होंगे। इसके बाद छह और चरणों में 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होगा। लोकसभा के 543 निर्वाचन क्षेत्रों में लगभग 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता, 10 .5 लाख मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे।

इस लोकसभा चुनाव में 2004 का इतिहास दोहराया जाएगा: रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस लोकसभा चुनाव के नतीजे पहले से ही तय होने की धारणा को खारिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि 'टाइगर में अभी बहुत जान' है तथा 2024 में 2004 का इतिहास दोहराया जाएगा। रमेश ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस 'पांच न्याय' और '25 गारंटी' के साथ जनता के बीच जाएगी तथा 'इंडिया' गठबंधन को स्पष्ट जनादेश मिलेगा। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हम किसी व्यक्ति की गारंटी नहीं दे रहे हैं बल्कि हम कांग्रेस की गारंटी दे रहे हैं...पांच न्याय और 25 गारंटी हमारी रणनीति होगी, यही हमारा मुद्दा होगा। हमारे 'न्याय पत्र' (घोषणा पत्र) में और भी बातें होंगी, लेकिन मुख्य रूप से पांच न्याय और 25 गारंटी शामिल रहेंगी। इन्हीं को लेकर हम जनता के बीच जाएंगे। कांग्रेस नेता ने उम्मीद जताई कि इस चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन को स्पष्ट जनादेश मिलेगा। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे पहले से तय नजर आ रहे हैं। उन्होंने बॉलीवुड की एक फिल्म के नाम का उल्लेख करते हुए कांग्रेस को लेकर कहा, टाइगर जिंदा ही नहीं, बल्कि उत्सुक है। टाइगर में अभी बहुत जान है। उन्होंने दावा किया, ''2003 में कांग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हारी थी, लेकिन 2004 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी। 20 साल बाद भी यही इतिहास दोहराया जाएगा।

सपा के सामने राजा भैया का विजय रथ रोकने की चुनौती

4 बार से हैं सांसद, पिछले दो चुनावों में बड़े अंतर से मिली है जीत

उमानाथ तिवारी , गोंडा

अमृत विचार: 18 वें लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा ने गोंडा संसदीय सीट पर अपना पत्ता खोल दिया है। एक बार फिर से वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया पर भरोसा जताया है। कीर्तिवर्धन सिंह इसके पहले वर्ष 2014 व वर्ष 2019 में पार्टी प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल कर चुके हैं। इस बार वह हैट्रिक पर हैं और चुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। उनके पास राम मंदिर निर्माण के साथ मोदी की गारंटी भी है। जिसके दम पर वह पूरे आत्मविश्वास में हैं।

राजा भैया के साथ गौरा विधायक प्रभात वर्मा, मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री भी लगातार मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के सामने भाजपा के विजय रथ को रोकने की बड़ी चुनौती है। सपा ने इस बार यहां से नए चेहरे श्रेया वर्मा पर दांव लगाया है। श्रेया खुद भले ही राजनीति में नई हों लेकिन राजनीति से उनका पुराना तालुल्क रहा है। श्रेया के बाबा स्व बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे हैं और उनकी गिनती प्रदेश के बड़े नेताओं में की जाती रही है। स्व बेनी प्रसाद वर्ष 2009 में गोंडा संसदीय सीट से कांग्रेस पार्टी के सांसद रह चुके हैं।

श्रेया की जीत का गणित सजातीय मतदाताओं की बड़ी तादात व बाबा के नाम पर टिका है। श्रेया के साथ सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव प्रतिभा सिंह, पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला, पूर्व मंत्री स्व पंडित सिंह के भतीजे व सदर सीट से सपा प्रत्याशी रहे सूरज सिंह पूरे दमखम के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हैं। घर घर पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं। सहयोगी दल कांग्रेस भी सपा प्रत्याशी के पक्ष में जोर लगा रही है। सपा की श्रेया वर्मा के सामने भाजपा के विजय रथ को रोकने की बड़ी चुनौती है। उनकी यह चुनौती राम मंदिर निर्माण और मोदी की गारंटी के सामने कितना असर दिखा पाती है यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा।



कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा

श्रेया वर्मा, सपा

पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन

2019 का चुनाव परिणाम

प्रत्याशी	दल	वोट
कीर्तिवर्धन सिंह	बीजेपी	5,08,190
पंडित सिंह	सपा	3,41,830
कृष्णा पटेल	कांग्रेस	25,686

2014 चुनाव परिणाम

प्रत्याशी	दल	वोट
कीर्ति वर्धन सिंह	बीजेपी	359643
नंदिता शुक्ला	सपा	199227
अकबर अहमद डंपी	बसपा	116178
बेनी प्रसाद वर्मा	कांग्रेस	102254

महासमर-2024

कब कौन बना सांसद

वर्ष	सांसद	पार्टी
1951	चौधरी हैदर हुसैन	कांग्रेस
1957	दिनेश प्रताप सिंह	कांग्रेस
1962	राम रतन गुप्ता	कांग्रेस
1967	सुचेता कृपलानी	कांग्रेस
1971	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस
1977	सत्यदेव सिंह	जनता पार्टी
1980	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस
1984	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस
1989	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस
1991	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
1996	केतकी सिंह	भाजपा
1998	कीर्तिवर्धन सिंह	सपा
1999	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
2004	कीर्तिवर्धन सिंह	सपा
2009	बेनी प्रसाद वर्मा	कांग्रेस
2014	कीर्तिवर्धन सिंह	भाजपा
2019	कीर्तिवर्धन सिंह	भाजपा

सीतापुर में सरकार पर निशाना साधा, कहा- झूठे मुकदमों का विश्व नहीं भाजपा ने बनाया ब्रह्माण्ड रिकॉर्ड

आजम खां से अखिलेश ने की 1 घंटा 23 मिनट गुप्त चर्चा

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को जिला जेल में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से मुलाकात की। जेल के अंदर 1 घंटे 23 मिनट तक चली मुलाकात के बाद अखिलेश यादव जेल से बाहर आये और भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

आजम से मुलाकात के दौरान जेल के अंदर सपा राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता व रामपुर के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। दोनों के बीच चली मुलाकात में लोकसभा चुनाव के समीकरण सहित रामपुर की अहम सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर भी गहन चर्चा होने की बात सामने आई है। जेल से बाहर निकलते ही अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठे मुकदमों का भाजपा वर्ल्ड ही नहीं, बल्कि ब्रह्मांड रिकॉड बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है, जिससे बचने के लिए विपक्षी पार्टी के मुख्यमंत्रियों को परेशान किया जा रहा है। आजम से अखिलेश यादव की यह मुलाकात रामपुर सीट के लिए अहम मानी जा रही है। सुबह करीब 12 बजे अखिलेश यादव का काफिला जिला जेल पर रुका। अखिलेश की गाड़ी जेल परिसर के गेट पर रुकी। यहां सपा नेताओं का अभिवादन स्वीकार कर अखिलेश यादव सीधे जेल के अंदर पहुंचकर आजम से मुलाकात की।

मुलाकात के बाद बाहर आये अखिलेश यादव ने मीडियाकर्मियों के सवाल पर केजरीवाल की गिरफ्तारी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि चुनावी बॉण्ड के खुलासे ने भाजपा की बैंड बजा दी है। क्या भाजपा के लोगों को चुनावी बॉण्ड का फायदा नहीं मिला? जनता लोकसभा चुनाव में इनको सबक सिखाएगी। अखिलेश यादव ने कहा, जुल्म करने वाला कितना भी जुल्म करे, लेकिन अंत में सच्चाई की ही जीत होती है। सपा नेता आजम खां का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खां के साथ लगातार अन्याय हो रहा है, मगर उन्हें उम्मीद है कि आजम और उनके परिवार को न्याय मिलेगा। बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) ही राजग (भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) एनडीए को हराएगा और इस वक्त सरकार पीडीए से घबराई हुई है। अखिलेश यादव के आगमन से पूर्व ही जेल पर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। जेल पर पहुंचे सपा नेताओं में राष्ट्रीय सचिव अनुप गुप्ता, पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया, पूर्व मंत्री रामहेत भारती, सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

सीतापुर जेल में आजम से मिलकर बाहर आते अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

रामपुर के नेता राजा ठाकुर की कटी जेब

जिला कारागार पर अखिलेश यादव से मुलाकात के लिए रामपुर से आये समाजवादी पार्टी से टिकट की दावेदारी करने वाले राजा ठाकुर की जिला जेल पर जेब कट गई। उच्चकों ने इस दौरान जेब में रखी पर्स में चार हजार रुपये और जरूरी कागजात पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस और सुरक्षा गार्डों के बीच नेता की जेब कटना बड़ी चुनौती माना जा रहा है।

यूपी सबसे बड़ा पेपर लीक प्रदेश

पूर्व मुख्यमंत्री ने जेल के बाहर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न भर्तियों के सबसे ज्यादा पेपर लीक हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने 60 लाख बच्चों का भविष्य छीना है। उन्हें और उनके माता-पिता को मिला लें तो एक करोड़ 80 लाख वोट होते हैं। अगर हम उसे 80 (उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या) से भाग देते हैं तो हर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के सवा दो लाख वोट कम हुए हैं।

आजम और परिवार को परेशान कर रही सरकार

अखिलेश यादव ने आजम से मुलाकात के बाद कहा कि यह सरकार की अमानवीय गतिविधि है कि आजम के परिवार को सजा एक साथ मिली थी, लेकिन जेल में वह एक साथ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि क्या सरकार यही तकलीफ और परेशानी देना चाहती है और वह भी झूठे मुकदमे लगाकर? अखिलेश ने एक सवाल पर कहा कि उनकी आजम खां से रामपुर लोकसभा सीट के टिकट को लेकर भी चर्चा हुई है।

सार-संक्षेप

पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की याचिका खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण के मामले में यूपी के पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी को कोई राहत न देते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी। मामले के अनुसार 6 दिसंबर 2001 को धर्मराज मद्धेशिया नाम के व्यक्ति द्वारा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध आईपीसी की विभिन्न धाराओं और उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1986 की धारा 3 (1) के तहत पुलिस स्टेशन कोतवाली, बस्ती में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसके बेटे राहुल मद्धेशिया का स्कूल जाते समय अपहरण कर लिया गया था। विरोध करने पर शिकायतकर्ता के साथ मारपीट भी की गई। हालांकि याची की ओर से बचाव के तर्क दिए गए लेकिन कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि 'गिरोह' द्वारा किया गया एक भी अपराध गैंगस्टर लगाने के लिए पर्याप्त है। अत: याचिका खारिज कर दी गई। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते पारित किया है।

मथुरा में अंतरराज्यीय वाहन लुटेरा गिरफ्तार

मथुरा, एजेंसी : जिले की कोतवाली पुलिस और एसओजी पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय इनामी अपराधी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश के पैर में गोली लगी है तथा उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक नगर डा. अरविन्द कुमार के अनुसार राजस्थान के डीग का निवासी जाहुल यूपी, हरियाणा और राजस्थान में अपने साथियों के साथ वाहनों को उठाने आदि का काम करता है। उन्होंने बताया कि यह अपराधी अपने साथियों के साथ लोगों के घरों के सामने खड़े ट्रैक्टर या अन्य वाहनो को उठाता हैं तथा बाद में उसके चेसिस नम्बर और इंजन नम्बर बदल देता है फिर इसे बेंच देता है। बेंचते समय वह ग्राहक से बिक्री की अधिकांश रकम ले लेता है तथा यह कहता है कि बह बाकी रकम तब लेगा जब वह वाहन के कागजात दे देगा। बाद में न वह बाकी रकम लेता है और ना ही ग्राहक को कागजात देता है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा .315 बोर मय तीन जिंदा एवं दो खोखा कारतूस बरामद किये गए हैं। उस पर 25 हजार का मथुरा में और दस हजार का आगरा में इनाम घोषित किया जा चुका है।उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

धर्मराज निषाद को पड़ा दिल का दौरा, लखनऊ रेफर

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। पूर्व मंत्री और भाजपा नेता धर्मराज निषाद को अचानक दिल का दौरा पड़ने के कारण परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पूर्व मंत्री की हालत गंभीर देख उन्हें लखनऊ के राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट के लिए रेफर कर दिया है। पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद को बीते दिवस देर रात अचानक सीने में दर्द होना शुरू हुआ। जिसके बाद परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले आए। जिला अस्पताल में डॉ. मनोज शुक्ला ने उनकी जांच की और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि पूर्व मंत्री धमराज निषाद को हार्ट की समस्या है।

तीसरी बार टला इरफान सोलंकी पर फैसला

कानपुर, अमृत विचार। सपा विधायक इरफान सोलंकी के जाजमऊ के आगजनी कांड मामले में गुरुवार को एक बार फिर फैसला टल गया। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने मामले में अगली तिथि 28 मार्च निर्धारित की है। अभियोजन व बचाव पक्ष की ओर से बहस बीते एक मार्च को पूरी हो गई थी। कोर्ट ने फैसले की तिथि 14 मार्च निर्धारित की थी। 14 को मो. शरीफ व शौकत के जमानत बंधपत्र दाखिल न होने के कारण 19 मार्च की तिथि निर्धारित की गई। 19 मार्च को न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो पाई थी। जिसके बाद 22 मार्च की तारीख तय हुई थी। डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी कांड मामले में शुक्रवार को आने वाला फैसला एक बार फिर से टल गया। सात नवंबर 2022 को नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लग गई थी। मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

दंड के नाम पर वेतन न रोकें, काम नहीं किया तो कटौती करें : कंचन

शिक्षा महानिदेशक ने अधिकारियों को जारी किया आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित विद्यालयों में शिक्षकों, कर्मचारियों व बाबुओं का वेतन अब दंड के नाम पर नहीं रोका जाएगा। यदि कोई बिना सूचना अनुपस्थित रहकर वेतन लेने का प्रयास करता है, तो सभी तथ्यों के साथ जांच कर वेतन में कटौती की जायेगी। उसका रिकार्ड सर्विस बुक पर दर्ज होगा।

इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को नियमावली का हवाला देते हुए आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक उ.प्र. सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 तथा उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली 1973 में वेतन अवरूद्ध करना किसी प्रकार के दण्ड के रूप में नियम नहीं है। महानिदेशक को इस बात की शिकायत मिली थी कि विभागीय कार्यक्रमों में अपेक्षित परिणाम प्राप्त न होने के कारण या फिर विभागीय आदेशों की अवहेलना के कारण शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई के नाम पर वेतन अवरूद्ध किया जाता है। ये नियमावली के मुताबिक गलत है। महानिदेशक ने अपने आदेश में कहा कि बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 के शासनादेश में स्पष्ट है कि "वेतन या वेतन वृद्धि रोकना अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रकिया से शामिल होता है। अतः जब तक स्थापित नियमों के अधीन औपचारिक आदेश जारी न हो, किसी भी कार्मिक का वेतन अथवा वेतन वृद्धि को रोकी नहीं जाएगी। अन्यथा यह दायित्व निर्धारण का विषय होगा।

नियम पर ध्यान नहीं दिया तो अधिकारी भी होंगे दंडित

महानिदेशक कंचन वर्मा के आदेश के मुताबिक नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद वेतन अथवा वेतन वृद्धि रोकी जायेगी। ऐसी कार्यवाही अत्यन्त गम्भीर प्रकरण में ही की जायेगी। आदेश में कहा गया है कि शासन के कार्मिक विभाग की ओर से निलम्बन एवं अनुशासनात्मक प्रक्रिया के अधीन व निर्धारित प्रपत्रों पर ही कार्यवाही की जाये। अन्यथा कार्यवाही करने वाले अधिकारी के विरूद्ध भी नियम विरूद्ध कार्य करने की कार्यवाही की जायेगी। किसी तात्कालिक प्रकरण में जिलाधिकारी की अनुमति से कर्मचारी को प्रतीक्षा में रखा जा सकता है। इसका स्थायी अनुमोदन निदेशक बेसिक शिक्षा द्वारा तथ्यों के आधार पर अनुमोदित किया जायेगा।

ई सेवा पुस्तिका पर दर्ज होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

शिक्षा महानिदेशक ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेशित किया है कि शासनादेशों तथा नियमावलियों के आलोक में शिक्षक व शिक्षिका या कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही को ई सेवा पुस्तिका पर भी दर्ज किया जाये। ऐसा न करने पर बीएसए जिम्मेदार होंगे।

बच्ची से दुष्कर्म में दोषी को उम्रकैद

बहराइच, एजेंसी: जिले की एक विशेष अदालत ने एक साल की एक बच्ची से दुष्कर्म के मामले में शुक्रवार को एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी और एक लाख 29 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता (पाक्सो कानून) संत प्रताप सिंह ने बताया कि नानपारा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का निवासी भोंदू रहमान (50) अपने ही गांव के निवासी अनुसूचित जाति के एक परिवार की एक साल की बच्ची को इसी साल 17 फरवरी की सुबह किसी बहाने से उठाकर बाहर ले गया था। घर वाले बच्ची को खोजने निकले तो उन्होंने भोंदू को लहूलुहान बच्ची के साथ सरसों के एक खेत में पाया। उन्होंने बताया कि परिजन को देखकर भोंदू बच्ची को छोड़कर भाग गया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। सिंह ने बताया कि विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो कानून) वरुण मोहित निगम ने घटना के मात्र 34 दिनों के अंदर फैसला सुनाते हुए भोंदू को दोषी करार दिया और सश्रम उम्रकैद व एक लाख 29 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सात रोहिंग्याओं सहित मुख्य आरोपी तमिलनाडु से गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● 25 हजार का इनामी है मुख्य आरोपी कफीलूद्दीन

अमृत विचार। यूपी एटीएस ने प्रदेश में घुसपैठ कराने के मुख्य आरोपी को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर लिया है। एटीएस अफसरों के मुताबिक आरोपियों द्वारा घुसपैठ कराने में शामिल सात अन्य लोगों को विगत तीन महीने में गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें से तीन बांग्लादेश के हैं। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी पर एटीएस ने 25 हजार का इनाम रखा हुआ था।

एटीएस अफसरों के मुताबिक रोहिंग्याओं की पहचान छिपाकर उनका फर्जी भारतीय दस्तावेज तैयार किया जा रहा था। घुसपैठियों के रुकने की और उनके खर्च की भी व्यवस्था गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी कफीलुद्दीन द्वारा की जा रही थी। एटीएस को जब इसकी भनक लगी तो टीम ने मिलकर इन तथ्यों को भौतिक और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस द्वारा विकसित किया। पुष्टि हुई कि यूपी में ऐसा सिंडीकेट सक्रिय है जो घुसपैठ कराकर देश में राष्ट्रविरोधी गतिविधि करा रहा है और घुसपैठियों के पैर पसारने की पूरी व्यवस्थाएं कर रहा है। एटीएस ने अभियान चलाते हुए इस कार्य में लिप्त सात अन्य लोगों को विभिन्न तिथियों में गिरफ्तार किया।

मुख्य आरोपी कफीलुद्दीन 2017 से वेल्लूर, तमिलनाडु मे रह रहा था। कफीलुद्दीन हाली शहर चिटगांव, बांग्लादेश का मूल निवासी है। तमिलनाडु में रहते हुए कफीलुद्दीन का परिचय शेख नजीबुल हक (पूर्व में गिरफ्तार) से हुआ था। शेख नजीबुल हक द्वारा उपलब्ध कराए गए धन से कफीलुद्दीन द्वारा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी रोहिंग्या नागरिकों आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा था।

वर्ग पहेली-18

बाएं से दाएं

1. अमित होने की अवस्था या भाव, असीमता, अनंतता।
4. 1. खड़ की लगातार ध्वनि होना 2. सूखे पत्तों के आपस में टकराने की ध्वनि।
5. मालगाड़ी का डिब्बा।
7. 1. पुदीने की जाति का एक पौधा 2. उक्त पौधे की पत्तियों का सत्व जो औषधि बनाने के काम आता है।
8. 1. स्रोत, पानी का चश्मा या सोता 2. यथार्थ, वास्तविक, वाकई 3. नेत्र, नयन, आंख।
9. डांटने की क्रिया, घुड़कना।

ऊपर से नीचे

1. 1. नीचा, झुका हुआ, नत 2. गिरा हुआ, पतित, अधोगत 3. अस्त होता हुआ
4. नम्र, विनीत।
2. 1. झड़ने की क्रिया या भाव 2. झड़ने या झाड़ने से गिरी हुई चीज़।
3. वह बर्तन जिससे खेत का पानी बाहर उलीचते हैं या बाहर का पानी खेत में भरते हैं, ओलचा।
4. गले में पहनने का आभूषण, हंसुली।
6. 1. अनर्गल प्रलाप, बकवास 2. बदतमीज़ी, अशोभन बातें 3. अप्रासंगिक, क्रमहीन।
7. 1. आच्छादित करने की क्रिया 2. ढक्कन 3. आवरण 4. तलवार की म्यान 5. परदा 6. दरवाज़ा।



वर्ग पहेली -17 का हल

	1 ओ				2 वा	णी
	ष			3 लु		
	धा		4 अ	भा	षि	5 त
	6 ल	च	क	ना		द
7 पे	य		ड़			बी
टि				8 रो	ल	र
9 का	दं	बि	नी			

सुडोकू-97

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		9				6		
5					9		1	
7		8		4				2
		3	6		8		4	
		7				8		
	2		5		3			
4				1				8
	3		2				5	
		6				9		

सुडोकू -96 का हल

9	1	4	6	2	8	5	7	3
3	2	6	9	7	5	4	8	1
8	7	5	1	3	4	9	2	6
6	9	7	8	4	1	2	3	5
4	8	2	5	6	3	7	1	9
1	5	3	2	9	7	6	4	8
7	6	8	3	5	2	1	9	4
5	4	1	7	8	9	3	6	2
2	3	9	4	1	6	8	5	7

कानपुर में 3 छात्रों को रौंदकर नाले में जा घुसी रोडवेज बस

संवाददाता, घाटमपुर (कानपुर)

● कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर पतारा कस्बे में हुआ हादसा

अमृत विचार : कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर पतारा कस्बे में शुक्रवार की सुबह घर से राजकीय पॉलीटेक्निक जाने के लिए साइकिल से निकले तीन छात्रों को रोडवज बस ने कुचल दिया, तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस सड़क किनारे नाले में जा घुसी। बस चालक और कंडक्टर भाग निकले। हादसे से गुस्साए लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया।

घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के नंदना चौकी क्षेत्र में पड़ने वाले कुंवरपुर गांव के अंकुश प्रजापति, दीपक तिवारी और मनीष सविता हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक के छात्र थे। तीनों की आयु 17 वर्ष के करीब थी। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे तीनों साइकिल से पतारा पहुंचकर जैसे ही स्टेशन रोड पर मुड़े, तभी कानपुर की ओर से आई तेज रफ्तार हमीरपुर डिपो की बस ने तीनों को टक्कर मार दी और बगल के नाले में जा घुसी। हादसे की सूचना के बाद तीनों छात्रों के परिवार और गांव वाले भी पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। एडीएम और एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने मौके पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने 10-10 लाख का मुआवजा और सरकारी सुविधाओं का लाभ दिए जाने का वादा किया, जिसके बाद दोपहर करीब एक बजे जाम खुल सका।

रिश्वत मांगने के आरोपी इंस्पेक्टर को मिली सशर्त जमानत

प्रयागराज: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रिश्वत मांगने के आरोपी इंस्पेक्टर को यह देखते हुए की जमानत की स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करेगा और मामले के शीघ्र निपटारे में सहयोग करेगा उसे सशर्त जमानत दे दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने वली मोहम्मद निरीक्षक (अपराध) शाखा की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया। दरअसल याची पर 7 हजार रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया था। याची के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7,13(1)(बी),13 (2) के तहत पुलिस स्टेशन सिविल लाइन, मुरादाबाद में प्राथमिक की दर्ज की गई थी। याची के अधिवक्ता का तर्क था कि याची को मामले में झूठा फंसाया गया है।

मतदेय स्थलों पर गर्मी और लू से बचाव के होंगे इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए निर्देश

अमृत विचार: मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (जिलाधिकारी) के निर्देश दिए कि तेज धूप और लू से बचने के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल के सामने छाया की व्यवस्था हो, पर्याप्त संख्या में कुर्सी व दरी की व्यवस्था की जाए, जिससे मतदाता अपनी बारी आने तक छाया में इंतजार कर सकें।

बुजुर्गों, महिलाओं जिनके साथ छोटे बच्चे हों और दिव्यांगजनों को मतदान हेतु प्राथमिकता दी जाए। हीट स्ट्रोक के बारे में मतदान कार्मिकों को जागरूक करने का निर्देश दिया।श्री रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने और अधिकाधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुँचकर मतदान करने के लिए मतदान दलों एवं मतदाताओं के मध्य भीषण गर्मी/लू/हीट वेव की सावधानियों एवं जागरुकता सुनिश्चित करने को कहा है। बताया कि मतदान दिवस 19 अप्रैल, 2024 से 1 जून, 2024 के दौरान भीषण गर्मी पड़ने की सम्भावना है। गर्मी से बचने के लिए पोलिंग पार्टी प्रस्थान एवं मतदान दिवसों पर पूर्ण सावधानी बरतें। इस दौरान सभी मतदान कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 07.17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी पूर्ण रात्रि।

मेष — आज धन के लेन-देन को लेकर थोड़ा विवाद हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे। नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपसे काफी खुश रहेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

वृष — आज घर की आंतरिक सज्जा में सुधार करने की योजना बनाएंगे। साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े भ्रमित हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

मिथुन — आज किसी रिश्तेदार से शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। आप परोपकार को काफी महत्व देंगे। नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं।

कर्क — आज अपना काम निकलवाने के लिए आप स्वार्थी भी हो सकते हैं। दोस्तों के साथ आपकी समस्याओं को साझा करेंगे। लोन से जुड़ा हुआ काम अटक सकता है। कोई नजदीकी व्यक्ति आपको धोखा दे सकता है। इसीलिये सावधान रहना चाहिए।

सिंह — आज बॉस आपके प्रदर्शन से बहुत खुश होगा और आपको शाबाशी दे सकते हैं। सरकारी कारणों से रुके हुए कार्यों में गति आएगी। आपको सामाजिक कार्यों से काफी यश प्राप्त होगा। बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जाएंगे।

कन्या — आज अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है। अधिकारियों से बहसबाजी न करें। महंगी वस्तुओं की खरीदारी से आपके बजट पर असर पड़ने की संभावना है।

तुला — आज आपको उत्तम कार्यों के लिए पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बड़ी सफलता मिल सकती है। व्यवसाय में ग्राहक आपसे काफी खुश रहेंगे।

वृश्चिक — आज सभी कार्यों को सावधानी पूर्वक करने का प्रयास करें। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर थोड़े संशय में रहेंगे। जल्दबाजी के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।

धनु — आज आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। दोस्तों के साथ मौज मस्ती भरा समय बिताएंगे। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। संतान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। बुद्धि और विवेक से निर्णय लेंगे।

मकर — आज संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। विवाहेतर संबंधों से बचने का प्रयास करें। दूसरों की बातों में न आएं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिए। कानूनी पचड़ों में फंस सकते हैं।

कुंभ — आज कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सांयकाल पुराने मित्रों के साथ ग्रुप चर्चा कर सकते हैं। साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है।

मीन — आज आपसी संबंधों को खट्टा न होने दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझाएं। पैरों में थकावट जैसी अनुभूति हो सकती है। ऑफिस के कार्यों में अपनी दक्षता का परिचय देंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
शान — सुबह : 09.52
अनाड़ी — रात : 07.00

SONY PIX
इट — सुबह : 09.28
टर्मिनेटर 3 — रात : 09.00

SONY SMAX
पीकू — सुबह : 10.48
आंख मिचौली — रात : 07.00

ZEE CINEMA
अतीत — सुबह : 09.15
करन अर्जुन — रात : 08.20

colors CINEPLEX
ताली — दोपहर : 12.00
फिर हेरा फेरी — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी दौड़ा-दौड़ा डॉक्टर के क्लीनिक में पहुंचा और घबराए स्वर में बोला-डॉक्टर साहब ! प्लीज मेरी जान बचा लीजिए।
डॉक्टर- क्या हुआ?
आदमी-मेरे मुंह में छिपकली घुस गई है।
डॉक्टर हैरान होकर बोला- क्या? जब छिपकली तुम्हारे मुंह में घुस रही थी तब तुमने मुंह बंद क्यों नहीं किया?
आदमी-दरअसल, मैंने सोचा कि पहले जो कॉकरोच मेरे मुंह में घुसा था, उसे पकड़कर वह वापस आ जाएगी।

लड़की- तू इतना अच्छा है, फिर तेरी कोई गर्लफ्रेंड क्यों नहीं?
लड़का-तू बन जा
लड़की-नहीं, तू तो मेरा बेस्ट फ्रेंड है।
लड़का- बस इसलिए नहीं है।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,831.94	22,096.75
बढ़त	190.75	84.80
प्रतिशत में	0.26	0.39

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, शनिवार, 23 मार्च 2024

मैथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किए गए मुकेश अंबानी

नई दिल्ली। भारत के दूरसंचार क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश डी अंबानी को वॉयस एंड डेटा द्वारा प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2023 के लिए रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष मैथ्यू ओमन को 'पाथब्रेकर ऑफ द ईयर अवार्ड' से नवाजा गया। देश में 5जी के तेज रोलआउट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए श्री ओमन को यह अवार्ड मिला।

एयर इंडिया पर 80 लाख का लगा जुर्माना

नई दिल्ली। विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने शुक्रवार को टाटा समूह के नियंत्रण वाली एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। डीजीसीए ने बताया-यह जुर्माना उड़ान सेवा अवधि सीमित करने और चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया है।

2025 में भारत का परिदृश्य सकारात्मक होगा

वित्त मंत्रालय ने निजी निवेश में बढ़ोतरी के चलते आर्थिक समीक्षा में जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि निजी निवेश में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ अगले वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि जनवरी, 2025 से ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया कि खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है।

आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया कि सार्वजनिक निवेश पर लगातार ध्यान देने से निजी निवेश में बढ़ोतरी हो रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि अनुमान को 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है। भारत ने लगातार तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत से ऊपर की वृद्धि हासिल की है।

मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। समीक्षा में कहा गया कि कुल मिलाकर, भारत को वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत सकारात्मक रहने की उम्मीद है। इसमें कहा गया कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग निर्माण गतिविधियों के लिए अच्छा संकेत है।

आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल ने वर्ष 2024 25 के लिए बजट को दी मंजूरी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2024-25 के लिए बजट को भी मंजूरी दी। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 607वीं बैठक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में नागपुर में संपन्न हुई। आरबीआई ने कहा-निदेशक मंडल ने भू-राजनीतिक विकास और वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की। इसके अलावा, निदेशक मंडल ने आरबीआई की गतिविधियों पर भी चर्चा की। इनमें चालू लेखा वर्ष 2023-24 के दौरान डिजिटल भुगतान, उपभोक्ता शिक्षा और जागरूकता में हुई प्रगति शामिल है। बैठक में केंद्रीय निदेशक मंडल के निदेशक सतीश के मराठे, रेवती अय्यर, सचिन चतुर्वेदी, वेणु श्रीनिवासन और रवींद्र एच ढोलकिया शामिल हुए।

ई-कॉमर्स मंचों पर भी छा गया आम चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- **विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल ऑनलाइन सबसे ज्यादा देखा जा रहा**

भारत में आम चुनाव-2024 के करीब आते-आते राजनीतिक उत्साह ई-कॉमर्स क्षेत्र में भी व्याप्त हो गया है। ई-कॉमर्स मंचों पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। ये ऑनलाइन मंच चुनाव से संबंधित सभी उत्पाद जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'कमल' से लेकर पुरानी समुद्री घड़ियों पर आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिह्न झाड़ू और कांग्रेस के प्रसिद्ध दुपट्टे आदि पेश करते हैं। बस, किसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर किसी भी राजनीतिक दल का नाम दर्ज करें, और झंडे से लेकर पेंडेंट (गले में पहना जाने वाला) और पेन तक विविध प्रकार के सामान पेज पर आ जाएंगे।

एक ई-कॉमर्स मंच की एक प्रतिनिधि ने कहा कि यह प्रवृत्ति शुरू में 2019 के चुनावों के दौरान उभरी जब ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल और सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गए। उन्होंने कहा-जब सब कुछ ऑनलाइन बेचा जाता है, तो यह क्यों नहीं। ...और विक्रेता ही इसे हमारे मंच पर डालते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को बस यह जांचना है कि यह नियमों का पालन करता है कि नहीं।

विशेष रूप से, कुछ राजनीतिक दलों ने स्वयं अपनी-अपनी वेबसाइटों पर ऐसे माल बेचने में सक्रियता दिखाई है। उदाहरण के लिए, 'नमो' मर्चेंडाइज वेबसाइट 'मोदी का परिवार', 'फिर एक बार, मोदी सरकार', 'मोदी की गारंटी', और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा, नोटबुक, बिल्ला, रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), चाभी का छल्ला, स्टिकर, चुम्बक, टोपी और कलम आदि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का दावा करती है। इस प्रवृत्ति पर समाचार एजेंसी द्वारा अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट से प्रतिक्रिया मांगने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों मंचों से प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, ई-कॉमर्स मंच पर इन सामानों के आपूर्तिकर्ताओं में से एक ने खुलासा किया कि लोकसभा चुनावों में ऐसी वस्तुओं की ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि देखी गई। वहीं आपूर्तिकर्ता ने कहा कि पहले, हमारी आपूर्ति दुकानों को होती थी, लेकिन ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव को देखते हुए हमें इसे अपनाना ही ठीक लगा।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	75,500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,800
गिन्नी (प्रति नग)	50,500-50,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	66,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	66,000
सोना जेवरात गिन्नी	65,000
चांदी पक्की	715 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	66,200
चांदी आभूषण	74,500।

रुपया गिरावट के साथ सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचा

मुंबई। प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने तथा एशियाई मुद्राओं के कमजोर होने के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 48 पैसे की भारी गिरावट के साथ 83.61 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशी निकासी के कारण भी रुपये की धारणा प्रभावित हुई। मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.28 प्रति डॉलर पर कमजोर खुला तथा डॉलर के मुकाबले 48 पैसे लुढ़ककर 83.61 प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ।

सोने के भाव में 875 और चांदी में 760 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 875 रुपये की गिरावट के साथ 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 760 रुपये की गिरावट के साथ 76,990 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा-दिल्ली के बाजारों में सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल था, जो पिछले बंद भाव से 875 रुपये की गिरावट दर्शाता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,167 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 35 डॉलर की गिरावट है।

नीति आयोग ने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर दिया जोर

नई दिल्ली। नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक टन कृषि फसल पैदा करने के लिए कई विकासशील देशों के मुकाबले 2-3 गुना अधिक पानी का उपयोग करता है। उन्होंने कहा कि कई विकसित और विकासशील देशों ने कृषि क्षेत्र में बेहतर जल प्रबंधन पर जोर दिया है। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड द्वारा विश्व जल दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया। कहा कि बढ़ती जनसंख्या और आय वृद्धि के कारण भोजन और पानी की मांग बढ़ रही है।

जेनएआई में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को पूरी तरह बदलने की क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

- **पीडब्ल्यूसी इंडिया ने रिपोर्ट में जताया अनुमान**

उत्पादक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेनरेटिव-एआई) में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को पूरी तरह से बदलने की क्षमता है जो चिकित्सकों द्वारा मरीजों का इलाज करने की दक्षता में सुधार कर सकती है। पीडब्ल्यूसी इंडिया की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

'भारतीय स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र पर जेनएआई के प्रभाव का आकलन' शीर्षक वाली वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में जेनएआई का उपयोग करने वाले अग्रणी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा शामिल है और इस नवाचार का उद्योग पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा है। वित्त, ई-कॉमर्स और विनिर्माण जैसे भारतीय उद्योग परिचालन दक्षता बढ़ाने और प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिए धीरे-धीरे जेनएआई एवं अन्य एआई तकनीकों को अपना रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक-स्वास्थ्य सेवा में जेनएआई उन्नत विश्लेषण को बढ़ा सकता है और रोगियों के लिए नैदानिक सिफारिशों को बेहतर बना सकता है। भारत में 2021-23 के बीच जेनएई स्टार्टअप की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है।

राष्ट्रीय

परामर्श प्रक्रिया के लिए दिशा-निर्देश तय करेंगे

सभी राज्यों के लिए उच्चतम न्यायालय ने संबंधित मामले में दायर याचिका पर की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह सभी राज्यों में लोकायुक्तों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्रियों, संबंधित उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों तथा नेता प्रतिपक्षों द्वारा अनुसरण की जाने वाली परामर्श प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश तय करेगा।

शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति को इस आधार पर चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया कि इस मामले में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) से परामर्श नहीं किया गया था। इस मुद्दे के देशव्यापी प्रभाव के मद्देनजर प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ ने कहा कि कुछ प्रक्रियागत तौर-तरीके तय करने होंगे। पीठ ने कहा-देशव्यापी प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इस न्यायालय के लिए ऐसे मामलों में प्रभावी परामर्श के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित करना उचित होगा। न्यायालय ने कहा कि इसका देशव्यापी प्रभाव है कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए राज्य द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया क्या होनी चाहिए। इसने कहा-यद्यपि कानून में यह प्रावधान है कि नेता प्रतिपक्ष भी एक सदस्य होगा, लेकिन फिर भी परामर्श प्रक्रिया के तौर-तरीके तय करने होंगे और आपको उस व्यक्ति (नेता प्रतिपक्ष) को कम से कम नामों पर विचार विमर्श के लिए एक अवसर देना ही होगा। शीर्ष अदालत नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) कांग्रेस के उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

मप्र में लोकायुक्त की नियुक्ति मामला

कपिल सिब्बल ने नियुक्ति को मजाक बताया



सिंघार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसे प्रक्रिया का 'पूरी तरह से मजाक' बताया, क्योंकि इसके लिए कोई परामर्श नहीं किया गया था। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श किया गया और पूरी फाइल नेता प्रतिपक्ष को भेज दी गई। सिंघार ने मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981 का हवाला देते हुए कहा था कि लोकायुक्त की नियुक्ति नेता प्रतिपक्ष और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से की जाती है। उन्होंने कहा था, इसलिए, संबंधित अधिनियम की धारा-तीन के अनुसार, नियुक्ति करने से पहले राज्य सरकार, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के बीच उचित परामर्श किया जाना आवश्यक था।

ए. राजा व अन्य के खिलाफ अपील पर सुनवाई करेगी कोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाले के मामले में पूर्व दूरसंचार मंत्री ए. राजा और अन्य को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की अपील को शुक्रवार को विचारार्थ स्वीकार कर लिया। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि उपलब्ध सामग्री और विभिन्न पक्षों के वकीलों की दलीलों के आधार पर सीबीआई ने प्रथम दृष्टया एक मामला बनाया है और सभी साक्ष्यों के गहन अध्ययन की तथा अपीलों पर विस्तार से सुनवाई की जरूरत है। न्यायाधीश ने कहा, अपील की अनुमति दी जाती है। अपील को मई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। 'अपील की अनुमति' अदालत द्वारा किसी पक्ष को किसी फैसले के खिलाफ किसी उच्च अदालत में अपील करने के लिए दी गई औपचारिक मंजूरी है।

डमी विद्यार्थियों के नामांकन के दोषी 20 विद्यालयों की मान्यताएं रद

नई दिल्ली, एजेंसी

- **केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने की कार्रवाई**
- **असंबद्ध विद्यालयों में से पांच दिल्ली व तीन उत्तर प्रदेश में**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी छात्रों और अयोग्य उम्मीदवारों को दाखिला देने के आरोप में 20 विद्यालयों की मान्यता रद कर दी है, जिनमें पांच दिल्ली के विद्यालय शामिल हैं। यह जानकारी बोर्ड के सचिव हिमांशु गुप्ता ने शुक्रवार को दी।

बोर्ड ने तीन विद्यालयों के ग्रेड का स्तर भी कम कर दिया है। गुप्ता ने कहा-यह पता लगाने के लिए कि क्या सीबीएसई स्कूल संबद्धता और परीक्षा उपनियमों में निहित प्रावधानों और मानदंडों के अनुसार चल रहे हैं, देशभर के सीबीएसई विद्यालयों में किए गए एक औचक निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ स्कूल डमी विद्यार्थियों और अयोग्य उम्मीदवारों को अपने यहां दाखिले के लिए विभिन्न प्रकार के कदाचार कर रहे थे और रिकॉर्ड को दुरुस्त नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि गहन जांच के बाद 20 विद्यालयों की मान्यता रद्द करने और तीन का ग्रेड कम करने का निर्णय लिया गया है। असंबद्ध विद्यालयों में से पांच दिल्ली में, तीन उत्तर प्रदेश में, दो-दो केरल, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में तथा एक-एक जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, असम और मध्य प्रदेश में हैं। 'डाउनग्रेड' किए गए विद्यालयों में दिल्ली, पंजाब और असम के विद्यालय शामिल हैं।

द्रमुक नेता पोनमुडी को राज्यपाल रवि ने मंत्री पद की दिलाई शपथ

चेन्नई। उच्चतम न्यायालय की कड़ी टिप्पणी के एक दिन बाद द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता के. पोनमुडी को तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने शुक्रवार को मंत्री पद की शपथ दिलाई। पोनमुडी ने 19 दिसंबर 2023 को आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दोषी करार दिये जाने पर मंत्री पद गंवा दिया था। इसके तीन महीने बाद वह फिर से तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री बनाये गए हैं। राजभवन में एक सामारोह में रवि ने मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन तथा उदयनिधि स्टालिन और मा सुब्रमण्यन सहित अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में पोनमुडी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पोनमुडी को उच्च शिक्षा विभाग दिया गया है, जो संक्षिप्त अवधि के लिए पिछड़ा वर्ग मंत्री आर एस राजाकनप्पन के पास था।

एक नजर

चेन्नई में विस्फोट से एक किशोर की मौत

चेन्नई। 12वीं कक्षा के 17 वर्षीय एक छात्र की अपने आवास पर कुछ रसायनों के साथ प्रयोग करने के दौरान हुए विस्फोट में मौत हो गई। पुलिस ने बताया-छात्र कोलाथुर पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत आने वाले एक निजी स्कूल में पढ़ता था। अपनी पढ़ाई संबंधी रुचि के चलते यह प्रयोग किया था, लेकिन उसमें विस्फोट हो गया। पुलिस के द्वारा बृहस्पतिवार को जारी की गई एक विज्ञप्ति में बताया गया कि इस घटना के बाद विशेषज्ञ छात्र द्वारा इस्तेमाल किए गए रासायनिक पदार्थ की जांच कर रहे हैं। इसमें कहा गया-ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़ित ने अपनी शैक्षणिक रुचि के चलते अपने घर पर लापरवाही के साथ कुछ प्रयोग किए थे।

भाजपा नेता ने किया संदेशखालि का दौरा

कोलकाता। उत्तरी 24 परगना जिले के हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा करने के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में पूर्ण अराजकता है। इस दौरे के दौरान घोष ने 25 से अधिक महिलाओं से बातचीत की जिन्होंने तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के गुर्गों द्वारा कई वर्ष तक किये गये शारीरिक उत्पीड़न की कहानी बयां की। शेख फिलहाल जेल में बंद है।

प्रधानमंत्री मोदी की वजह से फिर टल गई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

नई दिल्ली, अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय दिल्ली से बाहर हैं, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के उम्मीदवारों पर अंतिम फैसला नहीं हो सका। अनुमान है कि रविवार को भूटान से लौटने के बाद मोदी की उपस्थिति में चुनाव समिति की बैठक होगी, जिसमें लगभग सभी नाम घोषित कर दिए जाएंगे। शुक्रवार को तमिलनाडु के 14 व पुद्दुचेरी के एक उम्मीदवार की एक सूची और जारी की गई है। भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को दिनभर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री एवं विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों, मुख्यमंत्री व टिकट दावेदारों से विचार-विमर्श चलता रहा। उत्तर प्रदेश की 24 सीटों को लेकर भाजपा सूत्रों से पता चला है कि प्रधानमंत्री के आने के बाद ही इन सीटों के उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

- **पुलिस ने प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय और ईडी कार्यालय जाने वाले मार्गों को कर दिया बंद**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी समेत देशभर में आम आदमी पार्टी (आप) और अन्य राजनीतिक दलों ने प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आप के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ प्रदर्शन किया। आईटीओ पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने इस क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए कहा। इसके बाद पुलिस ने कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज को हिरासत में ले लिया। आईटीओ के पास ही भाजपा और आप के मुख्यालय हैं। पुलिस ने प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय और ईडी कार्यालय जाने वाले मार्गों को बंद कर दिया। इससे आईटीओ चौराहे, राजघाट तथा विकास मार्ग पर बड़े स्तर पर यातायात अवरुद्ध हुआ।

हिमाचल में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले तीन विधायकों ने दिया इस्तीफा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में हालिया राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों ने शुक्रवार को विधानसभा सचिव को अपना इस्तीफा सौंप दिया। निर्दलीय विधायकों में से एक ने संवाददाताओं से कहा कि वे भाजपा में शामिल होंगे और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। तीन निर्दलीय विधायकों आशीष शर्मा (हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्र), होशियार सिंह (देहरा) और के एल ठाकुर (नालागढ़) ने शुक्रवार को शिमला में नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर से मुलाकात की और उसके बाद अपना इस्तीफा सौंप दिया। होशियार सिंह ने संवाददाताओं से कहा-हमने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हम भाजपा में शामिल होंगे और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।

गिरफ्तारी से पहले अब तक पांच मुख्यमंत्री दे चुके हैं इस्तीफा

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- **अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे पर बड़ा सवाल**

अमृत विचार: शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। इस देश में अब तक विभिन्न आरोपों के तहत पांच मुख्य मंत्री गिरफ्तारी से पहले राज्यपाल को इस्तीफा दे चुके हैं। मगर आम आदमी पार्टी ने कहा है कि केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे।

कानूनविदों ने अपनी अलग-अलग राय व्यक्त करते हुए कहा है कि अभी तक जितने भी नेता गिरफ्तार हुए हैं, उनसे इस्तीफा लेने की एक परंपरा है। मगर बहुत कुछ निर्भर करता है कि संबंधित अदालत और उप राज्यपाल क्या फैसला लेते हैं।

भाजपा नेता उमा भारती सन 2003 में मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी थीं। गैर जमानती वारंट के मामले पर धारवाड़ (कर्नाटक) जिले की एसपी डी रूपा उनको गिरफ्तार करने भोपाल पहुंच गई थी। जिसके चलते उमा भारती को भी 23 अगस्त 2004 में इस्तीफा देना पड़ा था।

झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ रक्षा जमीन में घोटाला करने का आरोप था। जांच के दौरान उन्हें समन भेजा गया और उन्होंने गिरफ्तारी से पहले 31 जनवरी 2024 को राज्यपाल को इस्तीफा दे दिया था।

चर्चित चारा घोटाला के आरोप में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव को भी जेल जाना पड़ा था। जेल जाने से पहले 25 जुलाई 1997 को उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता के ऊपर बेनामी संपत्ति और आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगा था उन्होंने भी अपनी गिरफ्तारी से पहले 5 दिसंबर 1996 को मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था।

उल्लेखनीय है कि सन 2011-12 में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन छेड़कर अरविंद केजरीवाल ने केंद्र और दिल्ली में कांग्रेस की सरकार को घेरा था। कॉमनवेल्थ खेल आयोजन समिति के प्रमुख सुरेश कलमाडी को भी जेल जाना पड़ा था। मगर अब शराब घोटाला एवं मनी लांड्रिंग के आरोप में केजरीवाल गिरफ्तार हो चुके हैं। केजरीवाल इस्तीफा देंगे या नहीं? इस सवाल पर सर्वोच्च न्यायालय एवं दिल्ली उच्च न्यायालय के वकीलों की भी एक राय नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विराग गुप्ता कहते हैं कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अरविंद केजरीवाल जेल से दिल्ली की सरकार चला सकते हैं और समय-समय पर अपनी कैबिनेट एवं अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दे सकते हैं। लेकिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की इजाजत उन्हें न्यायालय से लेनी पड़ेगी। वहीं दूसरी तरफ सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता जितेंद्र सिंह कहते हैं कि अभी तक संविधान की शपथ लेने वालों को यह छूट नहीं मिली है कि यदि किसी मामले में वे गिरफ्तार होते हैं तो उन्हें पद पर बने रहने दिया जाए।

सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एसक्यू काजिम का स्पष्ट मत है कि संविधान में ऐसी व्यवस्था है कि किसी भी जन प्रतिनिधि को तब तक अपने पद पर बने रहना चाहिए जब तक उसे आरोपित मामले में दोषी करार नहीं दिया जाता है।

दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संजीव वशिष्ट कहते हैं कि न्यायालय में विचाराधीन किसी भी अभियुक्त को यह छूट नहीं मिली है कि उसे गिरफ्तार किया गया हो और उसे अपने सरकारी पद पर बने रहने दिया गया हो। वशिष्ठ ने जन प्रतिनिधि कानून का भी जिक्र किया है। जिसके तहत नैतिकता के आधार पर किसी भी नेता को अदालत से बरी होने तक अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए।

बालाजी की याचिका पर 28 को फैसला सुनाएगी अदालत

चेन्नई। चेन्नई की एक सत्र अदालत द्वारा धन शोधन मामले में आरोपमुक्त करने से संबंधित द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की याचिका पर 28 मार्च को फैसला सुनाया जाएगा।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नकदी के बदले नौकरी' घोटाले में 14 जून 2023 को सेंथिल बालाजी को गिरफ्तार किया था। यह घोटाला पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के दौरान का है जब वह परिवहन मंत्री थे। प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अल्ली ने शुक्रवार को 28 मार्च के लिए आदेश सुरक्षित रख लिया है।

दुबे-जडेजा की पारी से सीएसके ने आरसीबी को छह विकेट से हराया

आरसीबी के अनुज-कार्तिक की पारी नहीं आई काम

सीएसके की ओर से मुस्तफिजुर ने झटके 4 विकेट

चेन्नई, एजेंसी

रचिन रविंद्र की 37 रन, शिवम दुबे 38 रन और रवींद्र जडेजा 25 रनों की आतिशी पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरुआती मुकाबले में शुक्रवार को रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आठ गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया है।

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले विकेट के लिय 38 रन जोड़े। चौथे ओवर में यश दयाल ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 15 रन पर आउट कर सीएसके को पहला झटका दिया। सातवें ओवर में रचिन रविंद्र को कर्ण शर्मा ने आर पाटीदार के हाथों कैच आउट करा दिया। उन्होंने 15 गेंदों में तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 37 रन जोड़े। अजिंक्य रहाणे 11वें ओवर में आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज थे। उन्होंने 19 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 27रनों की पारी खेली। डैरिल मिचेल ने 18 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 22 रन बनाये। इसके बाद शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा ने पारी को संभाला और पांच रनों से अधिक की साझेदारी करते हुए अपनी टीम 18.4 ओवर में चार विकेट पर 176 रन बनाकर टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। शिवम दुबे ने 28 गेंदों में चार चौकों

और एक छक्के की मदद से नाबाद 34 रनों की पारी खेली। वहीं रवींद्र जडेजा ने 17 गेदों में एक छक्के की मदद से नाबाद 25 रन बनाये। रॉयल चैंलेजर्स बेंगलुरु की ओर से कैमरून ग्रीन ने दो विकेट लिये। यश दयाल और कर्ण शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले युवा बल्लेबाज अनुज रावत 48 रन और दिनेश कार्तिक के नाबाद 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 174 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के पहले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी के लिए सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 41 रन जोड़े। पांचवें ओवर में मुस्तफिजुर ने दो विकेट झटकते हुए आरसीबी को बैकफुट पर ला दिया। डुप्लेसी 23 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुये। वहीं रजत पाटीदार बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। इसके बाद चाहर ने ग्लेन मैक्सवेल को शून्य पर निपटाकर आरसीबी को तीसरा झटका दिया। विराट कोहली ने कैमरून ग्रीन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान विराट ने टी-20 में अपने 12 हजार रन भी पूरे किये। विराट को भी मुस्तफिजुर ने रविंद्र के हाथों कैच आउट कराया। उन्होंने 20 गेंदों में एक छक्के की मदद से 21 रन बनाये। इसके बाद मुस्तफिजुर ने कैमरून ग्रीन को 18 रन पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया।

चैलेंजर्स बेंगलुरु

कोहली का जडेजा बो मुस्तफिजुर	21
डुप्लेसी का जडेजा बो मुस्तफिजुर	35
रजत का धोनी बो मुस्तफिजुर	00
मैक्सवेल का धोनी बो चाहर	00
कैमरन ग्रीन बो मुस्तफिजुर	18
अनुज रावत रन आउट	48
दिनेश कार्तिक नाबाद	38

अतिरिक्त : 13

कुल : 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन

विकेट पतन : 1-41,2-41, 3-42, 4-77, 5-78, 6-173

गेंदबाजी :

दीपक चाहर 4-0-37-1

तुषार देशपांडे 4-0-47-0

महीश तीक्षणा 4-0-36-0

मुस्तफिजुर रहमान 4-0-29-4

रविंद्र जडेजा 4-0-21-0

ओपनिंग सेरेमनी में दिखी भारत की धमक

चेन्नई, एजेंसी। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल के 17वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड कलाकारों से लेकर बेहतरीन लेजर शो का प्रदर्शन किया गया। चेपॉक क्रिकेट स्टेडियम में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ से लेकर सोनू निगम, एआर रहमान और मोहित चौहान जैसे बड़े कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति पेश की। लेजर शो में विक्रम लैंडर को देखकर फैंस पूरी तरह से अचंभित हो गए। इस लेजर शो में दिखाया गया कि कैसे लैंडर ने साउथ पोल पर लैंड किया था। आईपीएल के ओपनिंग सेरेमनी के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कराया। चंद्रयान और विक्रम लैंडर के साथ भारत की राजधानी इंडिया गेट का भी लेज शो दिखाया गया। इस दौरान इंडिया गेट पर अशोक चक्रन ने दर्शकों का मन मोह दिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में करीब 40 मिनट चली सेरेमनी की शुरुआत अक्षय कुमार ने परफॉर्म कर की। उनके बाद टाइगर श्रॉफ ने जय जय शिव शंकर गाने पर डांस किया। सोनू के बाद एआर रहमान ने मां तुझे सलाम और नीती मोहन ने बरसो रे मेघा गाया। आखिर में 'जय हो' गाने के साथ एआर रहमान ने सेरेमनी का समापन किया।



खेल डायरी

साथियान ने पहला डब्ल्यूटीटी फीडर खिताब जीता

नयी दिल्ली। भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरूष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरूत में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर बैरूत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3-1 (6-11, 11-7, 11-7, 11-4) से हराया। इससे पहले उन्होंने भारत के ही हरमीत देसाई को 15-13, 6-11, 11-8, 13-11 से मात दी थी।

मियामी ओपनः कालिनिना ने वोज्नियाकी को हराया

मियामी गार्डन्स। यूक्रेन की 32वीं वरीयता प्राप्त अन्हेलिना कालिनिना ने हार की कगार पर पहुंचकर शानदार वापसी करते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलीन वोज्नियाकी को 5-7, 7-5, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैम्पियन वोज्नियाकी ने दो साल बाद इसी टूर्नामेंट में टेनिस को अलविदा कह दिया था। वह दो बच्चों की मां बनने के बाद पिछले साल कोर्ट पर लौटी। वह इस महीने इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंची लेकिन दाहिने पैर में चोट के कारण शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक के खिलाफ मुकाबला दूसरे सेट में छोड़ना पड़ा।

फ्लिंटाफ टी20 विश्व कप के लिए बैकरूम स्टाफ में

लंदन। पूर्व आल राउंडर एंड्रयू फ्लिंटाफ को टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड के बैकरूम स्टाफ में शामिल किया गया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब इस पूर्व आल राउंडर को टीम के मुख्य कोच की संभावित उम्मीदवारी के संकेत के रूप में देखते हैं। फ्लिंटाफ 'द हंड्रेड' के इस सत्र में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के कोच होंगे और टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 श्रृंखला के दौरान भी टीम के साथ होंगे। की ने 'टेलीग्राफ' से कहा, ''मुझे लगता है कि वह एक शानदार मुख्य कोच होंगे।''

लंबे समय तक बल्लेबाजी और हर दिन बेहतर होना चाहता हूं

बोले पंत

चंडीगढ़, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत करीब 15 महीने बाद शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन दिल्ली कैपिटल्स का यह कप्तान इससे पहले भावनाओं के गुबार से गुजर रहा है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं जिसके लिए वह उत्साहित भी हैं लेकिन थोड़ी घबराहट महसूस कर रहे हैं। उन्होंने टीम के सत्र के पहले मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''घबराया हुआ हूं, उत्साहित हूं, नर्वस हूं, ऐसा सब महसूस कर

रहा हूं लेकिन साथ ही खुश भी हूं कि पेशेवर क्रिकेट में वापस खेल रहा हूं। मैं कल अपने पहले मैच में खेलने के लिए उत्साहित हूं।'' पंत जानते हैं कि पुरानी लय में आने में उन्हें समय लगेगा लेकिन वह एक बार में एक मैच पर ही ध्यान लगाना चाहते हैं। उन्होंने विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व शिविर के बारे में बात करते हुए कहा, ''हर बार जब भी मैं मैदान पर उतर रहा हूं तो यह बहुत अलग महसूस हो रहा है। मुझे लगता है कि बतौर बल्लेबाज जितना हो सके, उतने लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी चाहिए। यह बेहतर भी है क्योंकि मैं जितना ज्यादा देर तक बल्लेबाजी करूंगा, शॉट लगाने के लिए उतनी ही बेहतर स्थिति में रहूंगा। मैं करीब डेढ़ साल से नहीं खेला हूं लेकिन 'मसल मेमरी' (अभ्यास से हासिल की गयी मांसपेशियों की गतिविधियां) तो बरकरार है।'' पंत ने कहा, ''मैं बचपन से ही खेल रहा हूं इसलिये यह इतनी आसानी से नहीं जाती है। इसलिये जितना मैं ज्यदाा अभ्यास करूंगा, बतौर क्रिकेटर खुद को उतना ही बेहतर मौका प्रदान करूंगा।'' वह ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते।

श्रीलंका को समेटने के बाद बांग्लादेशी पारी लड़खड़ाई

सिलहट। खालिद अहमद और नाहिद राणा की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश ने शुक्रवार पहले टेस्ट मैच के पहले दिन श्रीलंका को पहली पारी में 280 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट गंवा कर लड़खड़ा गई है। बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और श्रीलंका ने जाकिर हसन नौ रन, कप्तान नजमुल शान्तो पांच रन और मोमिनुल हक पांच रन के विकेट झटक लिये है। दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने पहली पारी में 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिये और वह श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे लड़खड़ा गई है। महमुदुल हसन जॉय नाबाद नौ रन, तैजुल इस्लाम बिना खाता खोले क्रीज पर थे। इससे पहले बांग्लादेश ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

मनु पाल ने भारत को दिलाया कांस्य पदक

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- 15वीं एशियन लॉन बॉल्स प्रतिस्पर्धा में जीता मेडल
- मनु ने पूरी दुनिया में कन्नौज का नाम किया रोशन

अमृत विचार : इत्रनगरी की बेटी ने भारत को कांस्य पदक दिलाकर पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया है। 15वीं एशियन लॉन बॉल्स प्रतिस्पर्धा में मनु पाल से कांस्य जीतकर मान बढ़ाया है। नगर के मोहल्ला भैनपुरा निवासी लान बाल्स खिलाड़ी मनु पाल ने अंडर 25 आयुवर्ग में 15वीं एशियन लान बाल्स चैंपियनशिप थाईलैंड में सहभागिता की। इसका आयोजन तीन से दस मार्च तक थाईलैंड के पटाया में किया गया। इस चैंपियनशिप में 13 एशियाई देश इंडिया, श्रीलंका, मकाउ, फिलीपींस, थाईलैंड, हांगकांग, चीन, सिंगापुर, जापान, कोरिया, ईरान, ब्रूनेई, दारुस्सलाम ने प्रतिभाग किया। मनु को वुमेन फोर्स में कांस्य

पदक मिला है। इस सफलता की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई, तो ख़ुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने पिता रामनारायन पाल व मां हरिप्यारी देवी को बधाई दी। कांस्य पदक जीतने के बाद मनु पाल दूरभाष पर बताया कि आगे भी देश का नाम इसी प्रकार सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।

बॉलीवुड हलचल

अमित सियाल बोले- रणदीप के साथ मिलकर घिसे हैं बर्तन

मुंबई, एजेंसी। मिर्जापुर और महारानी जैसी वेब सीरीज में अपनी दमदार अदाकारी का लोहा मनवा चुके एक्टर अमित सियाल जल्द ही फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में नजर आएंगे। फिल्म में उन्होंने विनायक दामोदर सावरकर (रणदीप हुड्डा द्वारा अभिनीत) के छोटे भाई, नारायण दामोदर का किरदार निभाया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने रणदीप हुड्डा से अपनी दोस्ती के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि रणदीप से उनकी दोस्ती तकरीबन 29 साल पुरानी है। दोस्त कम, हम भाई ज्यादा हैं। सालों पहले हम ऑस्ट्रेलिया में एक साथ थे। एक ही घर में रहते थे। वहां साथ में टैक्सियां चलाते थे। इतना ही नहीं, हमने वहां होटल में एक साथ बर्तन भी घिसे हैं। वेटर की जॉब करते थे। रणदीप की तारीफ करने हुए कहा कि रियल लाइफ में मैं उनसे केवल एक साल बड़ा हूं। लेकिन स्वाभाविक तौर पर वे मुझसे बड़े हैं। रणदीप बहुत ही मैच्योर व्यक्ति हैं। बतौर एक्टर भी उनका अनुभव मुझसे ज्यादा है। स्क्रीन पर हमारा ये पुराना बॉन्ड देखने को मिलेगा। स्क्रीन पर दोनों भाई की केमिस्ट्री दिखाने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

अब राजनीति में भी चार चांद लगाएंगी उर्वशी रौतेला!

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की स्टाइल आइकन उर्वशी रौतेला ने लोकसभा चुनाव 2024 की चर्चा के बीच हिंट दिया है कि वह भी चुनाव लड़ सकती हैं। उर्वशी ने कहा है कि उन्हें टिकट मिला है। हालांकि किस सीट से मिला है ये उन्होंने नहीं बताया है और ये भी नहीं बताया कि वह इलेक्शन लड़ रही हैं या नहीं। इस खबर से उर्वशी के फैंस काफी खुश हैं। उर्वशी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह खुद इस बात के बारे में बताती नजर आ रही हैं। वह कह रही हैं, "टिकट मिली है मुझे लेकिन मुझे तय करना है कि मैं ये करने वाली हूं या नहीं। मैं इसका हिस्सा बनना चाहती हूं या नहीं? आप लोग मुझे कमेंट सेक्शन में राय दें कि क्या मुझे राजनीति में शामिल होना चाहिए या नहीं।" दरअसल उर्वशी से राजनीति में उनकी दिलचस्पी के बारे में पूछा गया था, जिसके जवाब में उन्होंने टिकट मिलने की बात कही है। उर्वशी के राजनीति ज्वाइन करने की बात से हर कोई हैरान है। आपको बता दें कि उर्वशी रौतेला से पहले बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत ने भी हिंट दिया था। कुछ समय पहले कंगना से एक इवेंट में राजनीति ज्वाइन करने को लेकर सवाल किया गया था। जिसके जवाब में उन्होंने कहा था, "मुझे यह घोषणा करने का अधिकार नहीं है कि मुझे चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं।" ये कहकर वह हंसने लगीं। उन्होंने आगे कहा, "मुझे कभी भी एक जागरूक व्यक्ति बनने से रोका नहीं जा सका। जितना लोग तथाकथित सीट से भी नहीं कर सकते, मैंने इस देश के लिए उससे भी ज्यादा किया है। मैंने वास्तव में फिल्म सेट से राजनीतिक दलों के साथ लड़ाई की है। मुझे दूर नहीं रखा जा सकता। मैं अपने देश के लिए जो करना चाहती हूं उसे करने के लिए मुझे जगह नहीं मिलती। लेकिन, अगर मैं राजनीति में आना चाहती हूं, तो शायद मुझे लगता है कि यह सही समय है।"

आदित्य से रिश्तों को लेकर रानी मुखर्जी ने किया खुलासा

मुंबई, एजेंसी। रानी मुखर्जी ने हाल ही में खुलासा किया कि आदित्य चोपड़ा के बारे में उन्हें सबसे अच्छी बात क्या लगी थी। उन्होंने कहा कि दो लोगों के बीच में प्यार से ज्यादा सम्मान जरूरी होता है। रानी मुखर्जी ने 'सही कारणों' से शादी करने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वे कई ऐसी महिलाओं को जानती हैं, जो अपनी पूरी लाइफ में भयानक रिश्तों को झेलती हैं। रानी मुखर्जी, आदित्य की ईमानदारी और उनकी लीडरशिप क्वालिटी से अट्रैक्ट हुई थीं। रानी बोलीं- मुझे लगता है कि वो वास्तव में एक अच्छे इंसान हैं। सच कहूं तो मेरे लिए ये काफी था। मैं अपने माता-पिता के साथ एक घर में पली-बढी हूं, और मैंने उनके रिश्ते को बहुत महत्व दिया है। मेरी लाइफ में, आसपास अच्छे लोगों का होना बहुत जरूरी है, क्योंकि मुझे लोगों का सम्मान करना पसंद है। आदित्य के बारे में कहूं तो वो एक बहुत ही दयालु इंसान, एक अच्छे इंसान और अपनी टीम के लिए एक महान नेता हैं। रानी ने आगे कहा- आदित्य अपनी नैतिकता और निर्णय के मामले में बहुत निष्पक्ष हैं। एक समय के बाद आप प्यार से बाहर हो सकते हैं, लेकिन एक-दूसरे के लिए सम्मान होना बहुत जरूरी होता है। वो कभी नहीं खोना चाहिए। मेरे लिए ये बहुत जरूरी है। अगर मैं किसी के करीब रहना चाहती हूं तो मुझे उनका सम्मान करना ही होगा। मैंने दुनिया को बहुत करीब से देखा है, मैंने फिल्म इंडस्ट्री में कई वर्षों तक काम किया है। इसलिए, अगर मुझे इस इंडस्ट्री से किसी व्यक्ति का चुनाव करना था, तो वो व्यक्ति आदित्य के अलावा और कोई नहीं हो सकता था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

एक नजर

अग्निकुल का ऑर्बिटल रॉकेट 'अग्निबाण' की लॉन्चिंग स्थगित

चेन्नई। स्टार्टअप कंपनी अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीकी समस्या के कारण पहले राकेट की लॉन्चिंग को स्थगित कर दिया है। कंपनी ने गुरुवार को स्थगित किए जाने की जानकारी दी। मिशन अग्निबाण एसओआरटीईडी' (सब आर्बिटल टेक्नोलाजी डिमान्स्ट्रेटर) को 22 मार्च को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो परिसर में स्थित अग्निकुल के प्राइवेट लांच पैड से लांच करने की योजना थी। प्रेस सूचना ब्यूरो की ओर से बताया गया है कि लांच की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। इस राकेट में दुनिया का पहला 3डी-प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक राकेट इंजन है। हैदराबाद की स्काईरूट एयरोस्पेस 2022 में अपने पहले राकेट विक्रम-एस की लॉन्चिंग की थी।

आईसीपीएफ व एम्स ने दिल्ली में लगाए सर्वाइकल कैंसर के टीके

नई दिल्ली। दिल्ली में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यौन शोषण से पीड़ित लड़कियों का निशुल्क एचपीवी टीकाकरण किया गया। शिविर का आयोजन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) और एम्स द्वारा किया गया। शिविर में नौ से 14 वर्ष के बीच की 135 लड़कियों को टीका लगाया गया। चिकित्सकों के अनुसार यौन शोषण की शिकार बच्चियों में सर्वाइकल कैंसर के खतरे की आशंका ज्यादा होती हैं, लेकिन इसके बचाव के लिए लगाया जाने वाला एचपीवी का टीका काफी महंगा आता है। दुनियाभर में कैंसर की शिकार महिलाओं का एक चौथाई हिस्सा सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित है।

150 मिसाइल व ड्रोन से रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हवाई हमला

कीव। रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया है। उसने यूक्रेन के जपोरीजिया स्थित विशाल बांध को निशाना बनाने के लिए 150 मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल किया। हालांकि, बांध टूटा नहीं है, लेकिन इसके चलते यूक्रेन के लाखों लोग बिजली के बिना अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। इस हमले में कम से कम पांच लोगों की जान गई है। रूस ने जपोरीजिया के सबसे बड़े बांध डिनिप्रो एचईएस को निशाना बनाया है। पश्चिमी देशों से और वायु सुरक्षा प्रणाली की सुविधा की मांग करने वाले यूक्रेन ने कहा कि रूसी हमले से सात रीजन में ब्लैकआउट जैसी स्थिति हो गई।

पाकिस्तान: पूर्व न्यायाधीश की बर्खास्तगी अवैध : सुप्रीम कोर्ट

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने देश की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के खिलाफ भाषण देने के लिए कई साल पहले हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की बर्खास्तगी को शुक्रवार को अवैध घोषित कर दिया। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश शौकत अजीज सिद्दीकी को रावलपिंडी बार एसोसिएशन में दिए गए भाषण के लिए 11 अक्टूबर, 2018 को सर्वोच्च न्यायिक परिषद द्वारा बर्खास्त कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए खतरा बताते हुए बर्खास्त करने के आदेश को अवैध घोषित कर दिया।

गाजा में तत्काल युद्धविराम को लेकर यूएन में पेश अमेरिकी प्रस्ताव पर रूस-चीन ने किया वीटो

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी। गाजा में तत्काल युद्धविराम, नागरिकों की सुरक्षा और भुखमरी का सामना कर रहे 20 लाख से अधिक फिलिस्तीनी लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अमेरिका ने फिर से संयुक्त राष्ट्र मसौदा प्रस्ताव पेश किया। लेकिन मसौदा प्रस्ताव पर रूस और चीन ने पर वीटो कर दिया।

पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में 11 सदस्यों ने पक्ष में मतदान किया, जबकि तीन ने विरोध में वोट किया और एक सदस्य अनुपस्थित रहा। मतदान से पहले, रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने कहा कि रूस तत्काल संघर्ष विराम का समर्थन करता है, लेकिन उन्होंने प्रस्ताव की भाषा पर सवाल उठाया। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगाया। इससे पहले, अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा था कि उन्हें उम्मीद हैं कि एक नए मसौदा प्रस्ताव को 15 सदस्यीय परिषद द्वारा शुक्रवार को मंजूरी दे दी जाएगी। बता दें, सुरक्षा परिषद में गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति पर पहले भी दो प्रस्ताव चुके हैं, लेकिन किसी में भी संघर्ष विराम का आह्वान नहीं किया गया था। रूस और चीन ने अक्टूबर के अंत में भी अमेरिकी प्रस्ताव वीटो किया था। गौरतबल है कि, इजराइल-हमास के बीच जंग जारी है। अब तक लगभग 32 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

क्या है दिल्ली शराब घोटाला... जिसमें आप के कई नेता पहुंचे जेल

शराब घोटाले का खुलासा 8 जुलाई 2022 को दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव नरेश कुमार की रिपोर्ट से हुआ था। इस रिपोर्ट में उन्होंने मनीष सिसोदिया समेत आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए गए। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की. इसके बाद सीबीआई ने 17 अगस्त 2022 को केस दर्ज किया। इसमें पैसों की हेराफेरी का आरोप भी लगा, इसलिए मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए ईडी ने भी केस दर्ज कर लिया। रिपोर्ट में मनीष सिसोदिया पर गलत तरीके से शराब नीति तैयार करने का आरोप लगाया था।

136 करोड़ रु. की लाइसेंस फीस माफ की गई थी द. भारत के शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए

2,873 करोड़ का नुकसान

शराब घोटाले में अब तक 6 चार्जशीट दाखिल हो चुकी हैं। इस घोटाले में गिरफ्तार होने वाले केजरीवाल 32वें आरोपी हैं। ईडी का दावा है कि शराब नीति से 2,873 करोड़ रु. का घाटा हुआ। आरोप है कि दक्षिण भारत के शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए 136 करोड़ रु. की लाइसेंस फीस माफ की गई थी। इसके एवज में 100 करोड़ रु. लिए गए। ईडी का दावा है कि इसमें बीआरएस नेता कविता भी शामिल थीं।

आप के 17 नेता जेल जा चुके

संजय सिंह : दिनेश अरोड़ा की गवाही पर अक्टूबर 23 में ईडी ने गिरफ्तार किया। संजय सिंह के जरिए ही अरोड़ा की मुलाकात मनीष सिसौदिया से हुई थी। मनीष सिसोदिया : डिप्टी सीएम थे। 26 फरवरी 23 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया। कथित शराब नीति का मसौदा तैयार करने और सबूत मिटाने का आरोप। सत्येंद्र जैन : स्वास्थ्य मंत्री थे। मई 22 में कथित हवाला में गिरफ्तार हुए। शराब नीति में भी पूछताछ। इनके अलावा, अमानतुल्ला खान, सोमनाथ भारती, संदीप कुमार, नरेश यादव, दिनेश मोहनिया, जगदीप सिंह, सुरिंदर सिंह, प्रकाश जरवाल समेत 14 और आप नेता जेल जा चुके।

2014 से अब तक ईडी के 95% केस विपक्षी नेताओं के खिलाफ

2014 से सितंबर 22 के बीच 121 बड़े नेता ईडी के राडार पर आए। इनमें 115 विपक्ष के। इनमें 24 कांग्रेस, 19 तृणमूल, 11 एनसीपी, 8 शिवसेना, 6 डीएमके, 6 बीजद, 5 राजद, 5 बसपा, 5 सपा, 5 टीडीपी, 3 आप, 3 आईएनएलडी, 3 वाईएसआरसीपी, 2 सीपीएल, 2 एनसी, 2 पीडीपी, 2 आईएनडी और 1 मनसे आदि का है। यूपीएकाल (2004 से 2014) में ईडी ने सिर्फ 26 नेताओं की जांच की थी। इनमें 14 विपक्षी थे।

मोदी को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, गर्मजोशी से हुआ स्वागत

दोनों देशों के बीच रेल संपर्क बढ़ाने पर सहमति, कई समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

थिंपू (भूटान), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त करने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष बन गए हैं। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री मोदी दो दिन के भूटान दौरे पर हैं। शुक्रवार को वो राजधानी थिंपू के ताशिचो द्जोंग पैलेस पहुंचे। यहां उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीएम मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए प्रधानमंत्री टोबगे को धन्यवाद दिया। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, पर्यावरण और वानिकी तथा पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति बनाई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान के बीच दीर्घकालिक और अनूठे संबंध हैं।

टोबगे ने मोदी से कहा, स्वागत है मेरे बड़े भाई। भूटान के राजा द्वारा 'सर्वोच्च नागरिक सम्मान' से सम्मानित करने के बाद पीएम मोदी ने कहा, आज एक भारतीय के नाते मेरे जीवन का बहुत बड़ा दिन है, आपने मुझे भूटान के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। हर पुरस्कार अपने आप में विशेष होता ही है लेकिन जब किसी अन्य देश से पुरस्कार मिलता है तो यह महसूस होता है कि हम दोनों देश सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

मदद को बढ़ाए हाथ

भूटान के प्रधानमंत्री ने कहा, पीएम मोदी को वे अपना बड़ा भाई कहते हैं। उन्होंने हमारी 13वीं पंचवर्षीय योजना के लिए अपना समर्थन और भारत सरकार की तरफ से सहायता की पेशकश की है। उन्होंने कहा भारत के लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहते हैं।

भारतीय मूल के लोगों से मिले प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री ने थिंफू में भारतीय मूल के लोगों से भी मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भारतीय मूल के लोगों ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री से मिलकर बेहद खुशी हुई। पीएम मोदी से मिलने का मौका देने के लिए हम भारतीय दूतावास के शुक्रगुजार हैं।

पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में महिला को उम्रकैद

लाहौर। इस्लाम की पवित्र किताब के पन्ने जलाने के मामले में एक पाकिस्तानी महिला को आजीवन कारावास की सजा हुई है। पाकिस्तान के ईशनिंदा कानूनों के तहत, धर्म या धार्मिक शख्सियतों का अपमान करने का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को मौत तक की सजा दी जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक ईशनिंदा के लिए मौत की सजा नहीं दी है, केवल आरोप से दंगे भड़क सकते हैं।

सरकारी अभियोजक मोहजिब अवैस ने कहा कि महिला आसिया बीबी को 2021 में ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, निवासियों ने दावा किया था कि आरोपित महिला ने कुरान के पन्ने जलाकर उसका अपमान किया। अवैस ने कहा कि न्यायाधीश ने बुधवार को पूर्वी शहर लाहौर में फैसले की घोषणा की। हालांकि, बीबी ने अपने मुकदमे के दौरान आरोप से इनकार किया था। इसी नाम की एक ईसाई महिला को पाकिस्तान में मौत की सजा पर आठ साल बिताने के बाद 2019 में ईशनिंदा से बरी कर दिया गया था। रिहाई के बाद इस्लामी चरमपंथियों से मिल रही धमकियों से बचने के लिए वह कनाडा चली गईं।

श्री रामलला रथ यात्रा के लिए तैयार की गई कार पर बनाया अयोध्या राममंदिर का दृश्य।

अमेरिका: 48 राज्यों में निकाली जाएगी श्री रामलला रथयात्रा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के शिकागो से सोमवार को श्री रामलला रथयात्रा शुरू हो रही है। यह यात्रा अगले 60 दिनों में आठ हजार से भी अधिक मील की दूरी तय करते हुए 48 राज्यों के 851 मंदिरों के चक्कर लगाएगी।

रथयात्रा का आयोजन करने वाले विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के महासचिव अमिताभ मित्तल ने बताया कि टोयोटा सिएना वैन के ऊपर बने रथ में भगवान राम, देवी सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां होंगी। उनके साथ अयोध्या के राममंदिर से विशेष प्रसाद और प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत का कलश ले जाया जाएगा। रथयात्रा 25 मार्च को अमेरिका के शिकागो से शुरू होगी और करीबन आठ हजार मील की दूरी तय करेगी। यात्रा के दौरान अमेरिका के 851 मंदिरों और कनाडा के 150 मंदिरों का दौरा किया जाएगा।

कनाडा में होने वाली रथ यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ऑफ कनाडा ने किया है। हिंदू मंदिर सशक्तिकरण परिषद (एचएमईसी) की तेजल शाह ने कहा, "इस रथ यात्रा का उद्देश्य लोगों को हिंदू धर्म के बारे में जागरूक करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाना है। यह यात्रा सभी हिंदुओं को एकजुट होने का मौका दे रही है। उन्होंने आगे कहा, आने वाली पीढ़ी के लिए जागरुकता बढ़ाने और दुनिया भर में हिंदू धर्म का एकजुट होना बहुत जरूरी है।

नई सरकार बनने के बाद होगी एफटीए पर बातचीत

नई दिल्ली। नई सरकार के गठन के बाद ही भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि व्यापार समझौते के कानूनी पहलुओं का आकलन किया जा रहा है और भले ही लगभग सभी मुद्दों को सुलझा लिया जाए, लेकिन नई सरकार बनने तक समझौते का एलान नहीं किया जाएगा।

भारत और ब्रिटेन के बीच लंबित मुद्दों पर आखिरी दौर की बातचीत इसी महीने खत्म हुई है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर वर्चुअल बातचीत चल रही है। विवादास्पद मुद्दों को सुलझाने के लिए पिछले दो महीनों में तेजी से बातचीत की गई है।

बर्फ से ढकीं सड़कें...

दार्जिलिंग : पश्चिम बंगाल के सबसे ऊंचे हिमालयी स्थल दार्जिलिंग के संदकफू क्षेत्र में शुक्रवार को भारी बर्फबारी हुई। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़के बर्फ से ढक गई हैं। पहाड़ी क्षेत्र में बर्फबारी से स्थानीय लोगों में काफी उत्साह और नई ऊर्जा मिली है। संदाकफू और टाइगर हिल में कभी-कभी बर्फबारी होती है। जिले में दो दिन से लगातार बर्फ गिर रही है। बता दें, कई वर्षों बाद यहां बर्फबारी हुई है।

दिल्ली के संगम विहार में युवक की हत्या के आरोप में नौ किशोर गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण दिल्ली के संगम विहार इलाके में 20 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने नौ किशोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, इनमें से कुछ किशोर हत्या समेत कई मामलों में पहले से संलिप्त हैं। पुलिस ने कहा- घटना की सूचना 21 मार्च को मिली थी, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची तो शादाब घायल स्थिति में सड़क किनारे पड़ा मिला। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शादाब के शरीर पर चाकू से वार के कई घाव थे। पुलिस अधिकारी ने कहा, शुक्रवार को आरोपियों को पकड़ लिया गया और उनके पास से चार चाकू और एक देशी पिस्तौल बरामद की गई। इनमें से कुछ की पहले भी जघन्य मामलों में संलिप्तता रही है। किशोरों ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले शराब पीने के दौरान मृतक से विवाद हो गया था, उसे सबक सिखाने की साजिश रची और उस पर चाकू एवं डंडों से हमला किया।

श्रीलंका ने चीन के तीन प्रोजेक्ट भारत को सौंपे

कोलंबो, एजेंसी

- भारत को मिली कूटनीतिक कामयाबी, प्रोजेक्ट छिनने से तिलमिलाया चीन

श्रीलंका में भारत को कूटनीतिक कामयाबी मिली है। श्रीलंका ने नैनातिवु, डेल्फ्ट (नेदुनथीवु) और अनालाईतिवु द्वीपों पर हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के निर्माण का जिम्मा चीन को हटाकर भारत को सौंपा दिया है।

इन सुविधाओं की क्षमता 2,230 किलोवाट है। इसके लिए भारत सरकार कर्ज के बजाय श्रीलंका को करीब 90 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। इस कदम से चीन चिढ़ गया है। श्रीलंका के अधिकारी ने मीडिया को बातया है कि, इसी कारण वह श्रीलंका के लोगों को दी जा रही मदद रोकने में लगा है। श्रीलंका पर दबाव बनाने के लिए चाइना फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट (सीएफआरडी) के स्माइलिंग चिल्ड्रेन फूड पैकेज

प्रोजेक्ट में मदद कम कर दी गई है। इस कार्यक्रम के तहत रोज 142 स्कूलों में दस हजार छात्रों को सूखा राशन पहुंच रहा था। अधिकारियों का कहना है कि, इसे जल्द बंद किया जा सकता है। इसके अलावा फैक्सियन चैरिटी प्रोजेक्ट के तहत करीब एक करोड़ रुपये के सूखे राशन के पांच हजार पैकेट भी बंद कर दिए हैं। ये पैकेट धार्मिक स्थलों के माध्यम से जाफना, वावुनिया, मुल्लातिवु, किलिनोच्ची और मन्नार जिलों में जरूरतमंद परिवारों को सीधे पहुंचाए जा रहे थे।

प्रोजेक्टों से भड़का चीन

भंडारनायके सेंटर फॉर इंटरनेशनल स्टडीज के उप निदेशक और श्रीलंका वायु सेना अकादमी के विजिटिंग लेक्चरर जॉर्ज आईएच कुक ने मीडिया को बताया कि घटनाक्रम चीन के साथ श्रीलंका के संबंधों में तनाव बढ़ाएगा। वहीं कोलंबो विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर उमेश मोरामुदाली ने कहा, चीन पहले ही जासूसी जहाजों पर प्रतिबंध लगाने के श्रीलंका के फैसले से खफा है। रक्षा विशेषज्ञ इंडिका परेरा ने कहा कि अब चीन श्रीलंका में भारतीय परियोजनाओं का विरोध करने वाले समूहों को भड़का सकता है। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों को ठेका देने में पारदर्शिता की कमी से ये दिक्कत और बढ़ सकती है।

'पुष्पक' का परीक्षण, विमान ने की सफल लैंडिंग: इसरो

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को आरएलवी एलईएक्स-02 लैंडिंग प्रयोग के माध्यम से पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

दरअसल इसरो की रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (लॉन्च व्हीकल को दोबारा इस्तेमाल करने की तकनीक) का परीक्षण सफल रहा है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में शुक्रवार को इसरो का रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' सफलतापूर्वक ऑटोमैटिक तरीके से रनवे पर लैंड हुआ। 'पुष्पक' विमान के सफल लैंडिंग पर इसरो ने बयान जारी कर बताया कि इससे पहले भी दो बार रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग हो चुकी है। बीते साल इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के

परीक्षण के दौरान आरएलवी को वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से करीब साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। परीक्षण के दौरान आरएलवी ने सफलतापूर्वक रनवे पर लैंड किया। आरएलवी ने ब्रेक पैराशूट, लैंडिंग गियर ब्रेक और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की मदद से सफल लैंडिंग की। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग से इसरो द्वारा विकसित की गई तकनीक जैसे नेवीगेशन, कंट्रोल सिस्टम, लैंडिंग गियर और डिक्लेयरेशन सिस्टम की सफलता पर भी मुहर लग गई है।

विज्ञान बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में हबल स्पेस टेलीस्कोप से मिली नई जानकारी

बृहस्पति ग्रह पर पृथ्वी से भी बड़े उठते हैं तूफान

नैनीताल, कार्यालय

अमृत विचार : बृहस्पति में पृथ्वी से भी बड़े तूफान उठते हैं। अंतरिक्ष दूरबीन हबल ने बृहस्पति के तूफानों की नई तस्वीरों का खुलासा किया है। जिनमें चक्रवात और एंटीसाइक्लोन शामिल हैं। बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में नई जानकारी मिली है।

वैज्ञानिकों के अनुसार एंटीसाइक्लोन लगभग हर दो साल में ग्रेट रेड स्पॉट के आगे से गुजरता है। बृहस्पति हमारे सौरमण्डल का सबसे बड़ा ग्रह है। यह गैस का ग्रह है। पृथ्वी जैसी इसकी कोई सतह नही है। हबल स्पेस टेलीस्कोप से मिली तस्वीरें बताती हैं कि बृहस्पति गैस के साथ तेजी से घूम रहा है और बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में सटीक पता चलता है। बृहस्पति का मौसम तीव्र यानी तेजी से आगे बढ़ता है। यहां भयानक चक्रवात उठते हैं, जबकि छोटे छोटे तूफान अक्सर उठते रहते हैं। बृहस्पति का वातावरण हजारों किलोमीटर गहरा और घना होने के कारण तूफान के रूप में मौसम बनता है। बृहस्पति के मशहूर ग्रेट रेड स्पॉट है। यह सबसे बड़ा तूफान है, जो संभवतः लाखों वर्षों से सक्रिय है। इसके साथ ही एक छोटा तूफान भी है। जिसे रेड स्पॉट जूनियर कहते हैं, जो एक छोटा एंटीसाइक्लोन है जो लगभग हर दो साल में ग्रेट रेड स्पॉट से आगे निकल जाता है। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति की दुनिया अत्यधिक गतिशील है। इसका गहरा वातावरण लगातार चक्रवातों, विंड शीयर और अन्य हिंसक तूफानों से जूझ रहा है। नासा ने हबल स्पेस टेलीस्कोप द्वारा ली गई बृहस्पति ग्रह की नई तस्वीरें जारी कीं।



बृहस्पति के बदलते मौसम की तस्वीरें।

दूरबीन करती है ग्रहों के मौसम की निगरानी

नासा की अंतरिक्ष दूरबीन हबल हर साल सौरमण्डल के सभी बड़े ग्रहों पर नजर रखता है और हर साल सभी ग्रहों के मौसम की जानकारी जुटाता है। इन ग्रहों में बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून शामिल हैं। इन ग्रहों में आने वाले तूफानों में कुछ वर्षों के अंतराल में मामूली परिवर्तन आते रहता है। गैसीय ग्रहों की तुलना में ठोस चट्टानी ग्रहों के मौसम में कहीं अधिक अंतर है।

अमेरिका आने वाले भारतीय छात्र बरतें सतर्कता: इंदिरा नूई

वाशिंगटन, एजेंसी

पेप्सिको की पूर्व सीईओ इंदिरा नूई ने अमेरिका में रह रहे या अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे भारतीय छात्रों को सलाह दी है। उन्होंने कहा कि, अमेरिका में बहुत ध्यान से रहें और स्थानीय कानूनों का पालन करें। साथ ही नूई ने अपील की कि भारतीय युवा अमेरिका आकर ड्रग्स या किसी भी नशे से दूर रहें।

बता दें, हाल के समय में अमेरिका में भारतीय छात्रों के साथ अनहोनी की कई घटनाएं हुई हैं। यही वजह है कि इंदिरा नूई ने भारतीय छात्रों को अलर्ट रहने की सलाह दी है। इंदिरा नूई को वैश्विक स्तर पर कॉरपोरेट जगत की ताकतवर और प्रभावशाली शख्सियत के तौर पर जाना जाता है। नूई ने एक 10 मिनट के वीडियो संदेश जारी किया है, नूई ने कहा कि 'इस वीडियो को रिकॉर्ड करने का मकसद ये है कि मैं आप सभी युवाओं से, जो अमेरिका

- पेप्सिको की पूर्व सीईओ ने भारतीयों से की अपील, ड्रग्स व अन्य नशे से दूर रहें युवा

आना चाहते हैं या पहले से ही यहां रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, उनसे बात करना चाहती थी। आजकल भारतीय छात्रों के साथ अनहोनी होने की कई घटनाएं सामने आई हैं। लेकिन ये आपके हाथ में है कि आप खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। नूई ने कहा कि 'कानून का पालन करें और रात में अकेले सुनसान जगहों पर न जाएं। ड्रग्स या किसी भी तरह के नशे के सेवन से बचें क्योंकि यही सब चीजें आपदा लेकर आती हैं।' पेप्सिको की पूर्व सीईओ ने भारतीय छात्रों को सलाह दी कि वह अमेरिका में अपनी यूनिवर्सिटी और कोर्स को बहुत सावधानी से चुनें।